डॉ० शशिप्रभा

स्मृति प्रकाशन
61, महाजनीटोला
इलाहाबाद

मीरां कोश

डॉ० शशिप्रभा

ृति प्रकाशन

प्रकाशक | स्मृतिप्रकाशन, ६१महाजनी टोला, इलाहाबाद

संस्करण | प्रथम, १९७४ ई०

मुद्रक | श्री विष्णु आर्ट प्रेस, ऋषि कुटी, जीरो रोड, इलाहाबाद

मूल्य | अट्ठारह रुपये मात्र

दो शब्द

हिंदी भाषा के ऐतिहासिक विकास के लिए विभिन्न कालों में कवियों की भाषा और उनके शब्द-भंडार का अध्ययन कितना आवश्यक है, कहने की आवश्यकता नहीं। इसी दिशा में अपना विनम्र और तुच्छ योगदान देने के लिए मैंने श्रद्धेय पिता जी डा० भोलानाथ तिवारी के परामर्श से मीरां की भाषा पर कार्य किया था, जिसपर मुझे मेरठ विश्वविद्यालय से पी-एच० डी० की उपाधि मिली थी। उक्त पुस्तिका लगभग दो वर्ष पहले प्रकाशित हो चुकी है। उसी अध्ययन की अगली कड़ी के रूप में मैंने मीरां के शब्द-भंडार पर कार्य किया था, जो प्रस्तुत कोश के रूप में हिंदी जगत के सामने है, यद्यपि जिस रूप में मैं इसे चाहती थी, बना नहीं सकी।

कागज की मंहगाई और उसकी प्राप्ति में कठिनाई के इस कठिन समय में आदरणीय श्री बालकृष्ण त्रिपाठी ने अपने प्रकाशन से इसे प्रकाशित करने का जो दुष्कर कार्य किया है उसके लिए मेरा आभार-प्रकाशन औपचारिकता मात्र होगी।

त्रुटियों के लिए क्षमा-याचना तथा दोष-दर्शनों के लिए अग्र आभार।

विवेकानन्द कॉलोनी
दिल्ली
१-९-७४

शशिप्रभा

संकेत-सूची

•

सं०	=	संस्कृत
उदा०	=	उदाहरण
दे०	=	देखिये
प्रा०	=	प्राकृत
अ०	=	अरबी
फा०	=	फारसी

शब्द भेद

अ

अँकोर— (सं० अंकमाल) भेंट। उदा० मीराँ रे प्रभु हरि अविनासी देस्यूँ प्राण अँकोर। ५।

अँख—दे० आँख।

अँखयाँ—आँखें। उदा० अखयाँ तरसा दरसण प्यासी। ४५।

अँखियनतारो—आँखों का तारा। उदा० म्हेमाँ थारो थारो अँखियनतारो, आँगणे मो तन हेरत हँसि कै। ७।

अँखियाँ—आँखें। उदा० आवत जावत पाँव घिस्यारे (बाला) अँखियाँ भई राती। १८५।

अखियाँ—आँखें। उदा० ऊँचा चढ़ चढ़ पंथ निहारयाँ, कलप कलप अखियाँ राती। १०६, १२३।

आँख—आँख। उदा० वृन्दावन की कुंज गलिन में, आँख लगाए गयो मन-मोहना। १७७।

आँखड़ियाँ—(सं० अक्षि+ड़ियाँ) उदा० दरस बिना मोहि कछु ना सुहावै, जक ना पड़त है अँखड़ियाँ। १०८।

अँग—(सं० अंग) शरीर के अंग। उदा० आपहि आप पुजाय कै रे, फूले अँग ना समात। १५८।

अंग—उदा० जल बल भई भस्म की ढेरी, अपणे अंग लगाजा। ३०, ४६, ५८, ८७, ९४, ९८, १५०, १८८।

अंग अंग—प्रत्येक अंग पर। उदा० गिर-धर प्रभु अंग अंग, मीराँ बलि जाई। १२।

अँगण (सं० अंगण) आँगन

अँगणो—उदा० तुम देख्याँ बिण कल न पड़त है, ग्रिह अँगणो ण सुहाय। ९८।

आंगण—उदा० म्हाँरे आँगण स्याम पधारो, मंगल गावाँ नारी। ५१, ११९, १२९, १८१।

आँगणाँ—उदा० होली पिया बिण म्हाणे णा भावाँ घर आँगणाँ न सुहावाँ। ७८।

आगणाँ—उदा० हरि पधाराँ आगणाँ गयाँ मैं अभागण सोय। ४३।

अँगिया—(सं० अंगिका) चोली। उदा० केसरी चीर दरियाई को लेंगो, ऊपर अँगिया भारी। १७१।

अँगीठी—(सं० अग्निष्ठिका) अँगीठी। उदा० मीराँ रो प्रभु गिरधर नागर दुरजन जलो जा अँगीठी। ३३।

अँगुली—(सं० अंगुलि) उँगली। उदा० म्हाँरी अँगुली णा छूवे बाँकी बहियाँ मोरे, हो। १८१।

आँगरियाँ—उँगलियाँ। उदा० गणताँ गणताँ घिस गयाँ रेखा आँगरियाँ री सारी। ७७।

आँगलियाँ—उदा० गिणता गिणता घँस गई रे म्हाँरा आँगलिया री रेख। ११७।

अँच—(सं० आचमन)

अँचाय—आचमन करके। उदा० न्हाय धोय जब पीवण लागी हो अमर अँचाय। ४१।

अँचरा—(सं० अंचल) आँचल। उदा० म्हाँरो अँचरा णा छवे, बाँको घूंघट खोसे हो १८१

अँटक—(सं० आटंकन) बाधा। उदा० मीराँ लागो रंग हरो, औरन अँटक परी। २५।

अँटकी—फँस गई। उदा० थारो रूप देख्या अँटकी। ६।

अँटके—बारिज भवाँ अलक मतवाली, रोग रूप रस अँटके। १०।

अटकाँ—उदा० रोगाँ लोभाँ अटकाँ शक्याँ णा फिर आय। १३।

अटकास्याँ—अटका गया है। उदा० यो संसार बीड़रो काँटो, गेल प्रीतम अटकास्याँ। ३१।

अटक्याँ—अटक गया। उदा० अटक्याँ प्राण साँवरो प्यारो, जीवण मूर जड़ी। १४।

अँधियारी—(सं० अंधकार) अँधेरी। उदा० (इक) कारी अँधियारी बिजली चमके, बिरहिणी अति डरपावे रे। ८१।

अँधियारो—उदा० बिन पिया जोत मन्दिर अँधियारो, दीपक दाय न आवँ। ७४।

अंत—(सं० अंत) समाप्ति। उदा० आदि अंत निज नाव तेरो, हीया में फेरो। ६३।

अंतर—(सं० अंतर) अंदर। उदा० रोगी अंतर बैद बसत है, बैद ही ओखद जाँणै हो। ७३, १०४, १५८, १६८। (२) हृदय। उदा० बिरह व्याकुल अनल अंतर कलणाँ पड़ता दोय। ४३, ८७। (३) भेद। उदा० तुम बिच हम बिच अंतर नाहीं, जैसे सूरज घामा। ११४।

अंतरि—(१) अंदर। उदा० बिरह दरद उरि अंतरि माँही, हरि बिणि सब सुख कौनै हो। ७३, १५५। (२) हृदय। उदा० बिरह बुझावण अन्तरि आगी लागन लागी [illegible] ४४।८८।

अंदर—उदा० रेजा रेजा भयो करेजा अंदर देखो झाँकि के। ७१।

अंतरजामी—(सं० अंतर्यामिन्) अन्तर्यामी उदा० बेगि मिलो प्रभु अन्तरजामी, तुम बिनि रह्यो ही न जाइ। ८८ १०१, १६६।

अंतरि—दे० 'अंतर'।

अंवर—दे० 'अंतर'।

अंब—(सं० अंबु) पानी। उदा० अंग नीरज में अंब नहिं रे [illegible], [illegible] बहि आती। १८५।

अंबर—(सं० अंबर) आसमान। उदा० गाज्याँ बाज्याँ पवन मधुरयाँ, अंबर बदराँ छाज्याँ। १४६।

अकाज—(सं० अकार्य) बाधा। उदा० भौसागर मँझधार अधारा मैं बिगा घणो अकाज। ६२।

अकुल—(सं० आकुल) परेशान।

अकुलाणी—परेशान हुई। उदा० मीराँ व्याकुल अति अकुलाणी स्याम उमंगा लागी। ६१।

अकुलाय—व्याकुल होता है। उदा० रूँम रूँम नखसिख [illegible] [illegible] अकुलाय। १३।

अकुलावाँ—व्याकुल होना। उदा० स्याम मसारी बिथा [illegible], हिवड़ो म्हा अकुलावाँ। ७८।

आकुल-व्याकुल—व्याकुल होकर। उदा० आकुल व्याकुल रैण बिहाणा, बिरह कलेजो खाय। १०१। **व्याकुल**—परेशान। उदा० मीराँ व्याकुल बिरहिणी आली कर ल्यावाँ। २८, ४३, ४४, ७२, ८४, ८७, ८७, ९१, ९६ १०२ ११० ५५

व्यांकुली—व्याकुल हूँ। उदा० मीरां बिरहिणि व्याकुली, दरसण कद होसी हो। ११५।

अकुलाणी— दे० 'अकुल'।

अकुलाय—दे० 'अकुल'।

अकुलायाँ—दे० 'अकुल'।

अकेली –(सं० एकल) बिना किसी साथ के। उदा० किण सँग खेलूं पिया तज गये है अकेली। ८०।

अक्रूर—(सं० अक्रूर) कंस का दूत, जो कृष्ण का चाचा भी था वही कृष्ण को गोकुल से मथुरा ले लिवाने आया था। उदा० कठिन क्रूर अक्रूर आयो, साजि रथ कहँ नई। १८२।

अखयाँ—दे० 'आँख'।

अँखियाँ—दे० 'अख'।

अगण—(सं० अग्नि) अग्नि, आग। उदा० घायल री गति घायल जाण्याँ, हिवड़ो अगण सँजोय। ७०।

अगन—उदा० ले अगन प्रभु डार डार आए, भसम हो जाई। ८९।

अगनी—उदा० लगण लगाई जैसे चकोर चन्दा से, अगनी भखण कीजै। १९१।

अगिन—उदा० जैसे कंचन दहत अगिन में, निकसत बाराबाणी। ३८।

अगम—(सं० अगम्य) (१)। विकट।

अगम तारण तरण—अगम्य संसार को पार कराने वाले बेड़े के समान। उदा० दासि मीरां लाल गिरधर, अगम तारण तरण। १। (२) जहाँ जाया न जा सके। उदा० चालां अगम वा देस, काल देख्याँ डरी। १९३ १९६।

अगिम ➤ अगम

अघ—(सं० अघ) पाप। उदा० अजामेल अघ ऊधरे, जम त्रास नसानी जी। १४०।

अचल—(सं० अचल) जो चलायमान न हो, स्थिर।

अचल सोहाग—कभी न समाप्त होने वाला सुहाग। उदा० सुपणा माँ म्हारे परण गया पायाँ अचल सोहाग। २७।

अचारवती—(सं० आचार+वती) अच्छे विचारों वाली। उदा० ऐसी कहा अचारवती, रूप नहीं एक रती। १८६।

अच्छे –(सं० अच्छ) सुस्वाद। उदा० अच्छे मीठे चाख चाख बेर लाई भीलणी १८६।

अछत –(+सं० अक्षत) अमर, जिसका कभी नाश न हो। उदा० ग्राह गह्याँ गजराज उबार्‌याँ, अछत कर्‌याँ बरदाण। १३६।

अज—(सं० अद्य) आज।

अजहुँ–(अज+हूँ) अब भी। उदा० आवण कह गये अजहुँ न आये जिवड़ो अति उकलावै। ६७, ८०।

अजहूँ—(अज+हूँ) उदा० जोगिया कूँ जोवत बोहो दिन बीता, अजहूँ आयो नाहिं। ४४, ६४, ६५।

अजाँ—अब भी। उदा० आवण कह गयाँ अजाँ णा आया, कर म्हाणे कोल गयाँ। ५२।

अजूँ—अब भी। उदा० सेली नाद बभूत न बटवो, अजूँ मुनी मुख खोल। ५८।

अजहूँ—दे० 'अज'।

अजहूँ— दे० 'अज'।

अजाँ—दे० अज'

अजाँमेल—(सं० अजामिल) एक पापी जिसने अपने पुत्र का नाम नारायण रक्खा था। मरते समय अपने पुत्र को उसने पुकारा था, और वही नाम लेने से उसकी मुक्ति हो गई। उदा० अजाँमेल अध ऊधरे जम त्रास णसानी जी। १४०।

अजामिल—उदा० अजामिल अपराधी तार्‌याँ तार्‌याँ नीच सुदाण। १३४।

अजूँ—दे० 'अज'।

अटक—(सं० आटंकन) रुकावट। उदा० णोणां चंचल अटक णा माण्या परहथ गयाँ बिकाय। १३।

अटकाँ—दे० 'अटक'

अटकास्यां—दे० 'अँटक'।

अटकी—दे० 'अँटक'।

अटके—दे० 'अँटक'।

अटक्य—दे० 'अँटक'।

अटपटी—(प्रा० अट्टपट्ट) बेढंगी। उदा० सदा उदासी रहै मोरी सजनी, निपट अटपटी रीत। ५७।

अटल—(अ + सं० टलन) अचल या स्थिर। उदा० इण चरण ध्रुव अटल कराल्याँ, सरण असरण सरण। १।

अटारी—(सं० अट्टालिका) दोमंजिला मकान। उदा० महल अटारी हम सब त्याग, त्याग्यो थाँरो बसनो सहर। २४, ७७।

अड़सठ—(सं० अष्टषष्टि) अड़सठ। उदा० अडसठ तीरथ संतों ने चरणों, कोटि कासी ने कोटि गंग रे। ३०।

अडिग—(अ० सं० टिक्) अचल,। स्थिर उदा० आसण माड़ अडिग होय बैठा, याही भजन की रीत। ५५।

अणंत—(सं० अनंत) जिस का अंत न हो। उदा० कूदाँ जल अंतर णां डरयाँ थें एक बाहु अणंत। १६८।

अणवट—पैर के अंगूठे का छल्ला। उदा—उदा० बिछियां घूँघरा राम-नारायण ना अणवट अंतरजामी रे। १४१।

अणियाले—(सं० अणि) तीक्ष्ण। उदा० चढ़ती बैस नैण अणियाले, तू घरि घरि मत डोल। ४०।

अण—(सं० अल्)

अणी—फँसी। उदा० चित चढ़ी म्हारे माधुरी मूरत, हिवड़ा अणी गड़ी। १४, ११८।

अणेशा—(फा० अंदेशा) दुःख। उदा० देस बिदेसा णा जावाँ म्हारो अणेशा भारी। ७७।

अति—(सं० अति) बहुत। उदा० आवण कह गये अजहूँ न आये जियड़ो अति उकलावै। ६७, ८१, ८२, ८१, ९१।

अति ही—बहुत ही। उदा० नीके फूल आंछी जाले, अति ही कुलीनणी। १८६।

अतीत—(सं० अतीत) त्यागी। उदा० कोई दिन याद करोगे रमता राम अतीत। ५५।

अदेह—(सं० अदेह) बिना शरीर के। उदा० मीराँ रे प्रभ साँवरे रे, थे बिण देह अदेह १०५।

अध—(सं० अर्द्ध) आधा।

अधबीच—बीच रास्ते में। उदा० मैं तो जाँणू संग चलैगा, छाँड़ि गया अधबीच। ५५।

अरध—आधा। उदा० अरध नाम कुंजर लयाँ, दुख अवध घटाणी जी। १४०।

आधी रात—उदा० आधी रात प्रभु दरसण दीस्यो जमणाजी रे तीरा। १५४।

अधम (सं० अधम पापी उदा०

अधर अधम बहुताँ दें तार्‌याँ, भाख्याँ सगत सुजाण, १३४। १३७, १३७।

अधर—(सं० अधर) नीचे का ओठ। उदा० अधर मधुर धर बंशी बजावाँ, रीझ रिझावाँ, ब्रजनारी जी।। २,३।

अधार—(सं० आधार) सहारा। उदा० हरि म्हारा जीव प्राण अधार। ४।

अधारा—उदा० भोसागर मझधारी थें बिण घणो अकाज। ६२।

अधिक—(सं० अधिक) ज्यादा। उदा० लगी प्रीति जिन तोड़े रे बाला, अधिक कीजे नेह। ५९, ११३।

अधीरा—(अ + सं० धीर + आ) परेशान। उदा०—मीराँ रे प्रभु गिरधर नागर हिवरो घणो अधीरा। १५०।

अनल—(सं० अनल) अग्नि। उदा० बिरह व्याकुल अनल अंतर कल णां पड़ता दोय। ४३, १५५।

अनारी—(सं० अनार्य ?) अनाड़ी, नासमझ। उदा० आज अनारी ले गयो सारी, बैठी कदम की डारी, हे माय। १६९। १६९, १६९।

अनेक—(सं० अनेक) बहुत से। उदा० सावण आवण कह गया बाला, कर गया कौल अनेक। ११७।

अनेस—(अन + सं० इष्) बेकार, व्यर्थ। उदा० मीरा रे प्रभु स्याम मिलण बिणा जीवनि जनम अनेस। ९८।

अनोखे—(सं० अन + ईक्ष) अद्भुत। उदा० मनमोहन रसिक नागर भये, हो अनोखे खिलारी। १७०।

अन्न—(सं० अन्न) अनाज। उदा० पाना ज्यूं पीली पड़ी रे (बाला), अन्न नहिं खाती। १८५।

अपंग—(अ + सं० पंगु अपाहिज उदा० निन्दा करसे नरक कुंड माँ, जासे थासे आँधला अपंग रे। ३०।

अपणाँ—(सं० आत्मना) अपना। उदा० या जग में कोई नहिं अपणाँ सुणियो श्रवण मुरार। १३३।

अपणी—अपनी। उदा० मीरा को प्रभु राखि लई है, दासि अपणी जाणी। ३८,१४०।

अपणे—अपने। उदा० लूण अलूणो ही भलो है, अपणे पियाजी को साग। २६, २६, ३८, ४६, ४६, ८३, १८३,१८३।

अपणों—अपना। उदा० वर हीणो अपणों भलो है कोढ़ी कुष्टी कोइ। २६।

अपणो—उदा० कालर अपणो ही भलो है, जामे निपजै चीज। २६। ५६।

अपनी—उदा० मीराँ व्याकुल विरहिणी अपनी करल्यावाँ। २८,४४।

अपने—कबेरी ठाड़ी पंथ निहाराँ, अपने भवण खड़ी। १४, १७५।

अपणी—दे० 'अपणाँ'।

अपणे—दे० 'अपणाँ'।

अपणों—दे० 'अपणाँ'।

अपणो—दे० 'अपणाँ'।

अपनी—दे० 'अपणाँ'।

अपने—दे० 'अपणाँ'।

अपराधी—(सं० अपराध + ई) अपराध करने वाला। उदा० अजामील अपराधी तार्‌याँ तार्‌याँ नीच सुदाणा। १३४।

अपार—(अ + सं० पार) जिसका पार न हो अथवा जिसको पार न किया जा सके। उदा० भो समुंद अपार देखाँ अगम ओखी धार। १६६।

अपारा—जिसकी हद न हो। उदा० म्हारे अवगुण पार अपारा थें बिण कूण सह्याँ। १३८।

अपूठी— सं० अपुष्ट उल्टी उदा०

औगुरा—अवगुरा (उदा० मैं तो हूँ बहु औगुराहारी, औगुरा चित्त मत दीजो। १११। १२६।

अवतार—(सं० अवतार) जन्म, योनि। उदा० पूरवला कॉई पुन्न खूँट्याँ माणसा अवतार। १६६।

अवध—(सं० अवधि) अवधि, समय, उदा० अवध बदीती अजहूं न आये। दूतियन सूँ नेह जोरे। ६५। २४०।

अवलोकत—(सं० अवलोकन) देखकर। उदा० अवलोकत वारिज वदन, विवस भई तरा में। १८४।

अविरासी—दे० 'अविरासी'।

अविनासी—दे० 'अविरासी'।

अष्टकरम—(सं० अष्ट+कर्म) सांसारिक व्यवहार। उदा० अष्टकरम की तलब लगी है, दूर करो दुख भार। १३५।

असरण—(सं० अ+शरण) जिनको कहीं शरण न मिले। उदा० छरा नरण ध्रुव अटल करस्या सरण असरण सरण। १। ६२।

असा—(सं० एषः) ऐसा। उदा० असा प्रभु जाण न दीजै हो १६।

अहिल्या—(सं० अहल्या) गौतम की स्त्री का नाम। उदा० पत्थर की तो अहिल्या तारी बरा के बीच पड़ी। ११८।

अहीरणी—(सं० आभीर+णी) अहीर की स्त्री। उदा० पतित-पावन प्रभु गोकुल अहीरणी। १८६।

अहे—(सं० अहो) संबोधन। उदा० बेर बेर मैं टेरहूँ, अहे किपा कीजै, हो। ११५।

आँख—(सं० अक्षि) नेत्र। उदा० दे० 'आँख'।

आ

आखड़िया—दे० 'अँख'।

आँगणा—दे० 'अंगरा'।

आँगणाँ—दे० 'अंगरा'।

आगणाँ—दे० 'अंगरा'।

आँगरिया—दे० 'अँगुली'।

आँगलियाँ—दे० 'अंगुली'।

आँच—(सं० अर्चि) ताप, गर्मी। उदा० नींद न आवे बिरह सतावे, प्रेम की आंच ढुलावे। ७४।

आँटड़ियाँ—(सं० अविष्ट+ड़िया) वैर। उदा० लागी लगनि छूटण की नाही अब क्यूँ कीजै आँटड़ियाँ। १०८।

आँणद—(सं० आनंद) प्रसन्नता। उदा० मीरां रे प्रभु कद रे मिलोगे, मिलियाँ आँणद होइ। ५३। ६७।

आँणँद—उदा० पाँच सख्याँ मिल पिव रिझावां आणँद ठामूँ ठाम १४४।

आणँद—उदा० पिय आया म्हारे सांवरा, अंग आसँद साजां, हो। १५०।

आणद—उदा० णाच्याँ गायाँ ताल बजायाँ पावा आणन्द होसी ६ १४४।

आसँद—दे० आरणद

आएव—दे० 'आंगद' ।
आँधला—(सं० अंध + ला) अंधा, नेत्रहीन उदा० निन्दा करमे नरक कुन्ड माँ, जाते थामे आंधला अपंग रे । ३० ।
आँबाँ—(सं० आम्र) उदा० आँवाँ की डालि कोइल इक बोले, मेरो मरण अरु जग केरी हासी । ६५ ।
आँबो—उदा० एकै थांणे रोपियां रे, इक आँबो इक बूल ५९ ।
आँबो—दे० 'आँबाँ' ।
आ—(सं० आगमन) ।
आ—(आगमन) आना । आइ—आकर उदा० नमर आइ जोगी रम गया रे, मो मन प्रीति न पाइ । ४४ ११६, ११६ ।
आई—(सहायक क्रिया) उदा० घुमंट घटा ऊलर होइ आई, दामिन दमक । डरावै ७४, १८५ ।
आई—उदा० उमगि घटा घन ऊलरि आई बीजू चमक डरावे हो । ६२ ।
आऊँ—आती हूँ । (सहायक क्रिया) । उदा० रैण पड़ै तब ही उठि जाऊँ, भोर गये उठि आऊँ । २० ।
आऊँगी—आ जाऊँगी । उदा० आऊँगी मैं नाह रहूँगी (रे म्हारा) पीव विना पर-देस । ११७ ।
आए—मतवारो बादर आए रे, हरि को सनेसो कबहुँ न लाये रे । ८१ । १६३ ।
आगयो—आगया । उदा० मैं जल जमुना भरन गई थी, आ गयो कृष्न मुरारी, हे माय । १६९ ।
आज्यो—आ जाओ । उदा० भूवरण पति थे घरि आज्यों जी । ६६ ।
आज्या—उदा० वारी-वारी हो राम हूँ वारी तुम आज्या गली हमारी ११२
आज्यो—उदा० पिया अब घर आज्यो मेरे तुम मोरे हूँ तोरे । ६५ । १०६, ११२ ११४, ११६, ११९ १२६, १४६, १५१ ।
आत—आते हुए । उदा० आत न दीसै जात न दीसै, जोगी किसका मीत । ५५, १७६ ।
आय—(१) आ । उदा० म्हा ठाढ़ी घर आपणी, मोहन निकल्यां आय । ३३।१३। (२) आकर । उदा० मीराँ व्याकुल विर-हिणी री प्रभु दरसण दीन्यो आय । ७२, ९०, ९८, १०१, १०१, २०१ ।
आयाँ—(१) आए (आदरार्थ) । उदा० आयाँ णा री मुरारी ७७ । ७७ । (२) आए (बहुवचनार्थ) । उदा० उमड़ घुमड़ चहुँ मेघा आयाँ, दामण घण भर लावण री । १४६ । १४६ । (३)
आए—उदा० थें आयाँ विण सुख णा म्हारो, हियड़ो घणो उचाट ६६ ।
आया—(१) आया । उदा० आया म्हारे आगणाँ फिर गया मैं जाण्या खोय । ४३ ५२, ११६, १३४, १४७, १५०, १५०, १९८ । (२) आए । उदा० तुम आया बिन सुप नहीं मेरे, पीरी परी जैसे पाण । २४, ६५ ।
आये—उदा० सावण कह गये अजहुँ न आये जियड़ो अति उकलावै । ६७, ८० ८६, ९५ ।
आयो—(१) आए । उदा० जोगिया कूँ जोवत बोहो दिन बीता, अजहूँ आयो नाहि ४४ । (२) आया । उदा० आयो साँवन भादवा रे, बोलण लगा मोर । ५९ । ८५, १००, १४७, १८२, १८५ ।
आयो—अड़सठ तीरथ भ्रमि भ्रमि आयो मण नाहीं मानी हार । ३३ ।
आयौ आया उदा० गगन गरजि आयो बदरा बरसि भयो २०

आव—आओ। उदा० म्हारे घर रमतो ही जोगिया तू आव ६८।

आवड़ाँ—अच्छा है। उदा० घड़ी चैण णा आंवड़ाँ, थे दरसण बिन मोय १०२।

आवण—आने को। उदा० आवण कह गया अजाँ ण आया, कर म्हाणे कोल गयाँ। ५२,६६,६६,६७,११७,१२६।

आवत—आते ही। उदा० म्हारे आज्यो जी रामाँ थारे आवत आस्याँ सामाँ। ११४,१७१,१७१,१८४,१८५।

आवन—आने की। उदा० सावन माँ उमग्यो म्हारो मण री, भणक सुण्या हरि आवन री। १४६।

आवाँ—(१) आती हूँ। उदा० म्हारा पियाँ म्हारे हियड़े बसताँ णा आँवाँ ण जाती। २३। (२) आती। उदा० माँ हिरदै बिस्याँ साँवरो म्हारे णींद न आवाँ। २८, ७५,७८,१०२। (२) आओ उदा० आवो मण मोहण जी जोवाँ थारी बाट। ६६। (३) आया। उदा० सोणाँ बराज बसावाँ री, म्हारा साँवरा आवाँ १५। (४) आए–उदा० आजु सुण्या हरि आवाँ री। १२१ (५) आवे–उदा० आवाँ री मण भावाँ री। १२१।

आवाँगा—आएँगे। उदा० सुण्यारी म्हारे हरि आवाँगा आज। १४३।

आवाँरी—आने की। उदा० मीराँ रे प्रभु गिरधर नागर, बाट जोहाँ थे आवाँरी। १२१।

आवे—आती। उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर अबस न जावे म्हाँरी दाय। ४२। ५५, ७४, १५७।

आवै—(१) आता है उदा० और सिंगार म्हाँरे दाय न आवै यो गुरु ग्यान हमारो २५। ६७। (२) आएँगे। उदा० पिया कब रे घर आवै। ७४। (३) आती। उदा० रमैया बिन नींद न आवै। ७४। ९२,१२२,१५८,१७६,१९२। (४) बनता उदा० बात कहूँ तो कहत न आवै जीव रह्यो डराय। ७६।

आवो—आओ। उदा० आवो सहेल्या रली करां हे, पर घर गवण निवारि। २६। ४८,८८,१००,१२०,१२०।

आवौ–मेरे घर आवौ सुन्दर स्याम। १२८

आस्याँ—(१) आऊँगी। उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, थारी सरणाँ आस्याँ री। ३६। (२) आकर। उदा० बिरह पिया ल्याया उर अन्तर, थे आस्याँ णा बुझावाँ १०४। (३) आएगा। उदा० म्हारे आज्यो जी रामाँ, थारे आवत आस्याँ सामाँ। ११४। (४) आएँगी उदा० सामीड़ा गो नाम बणाया आस्याँ म्हारो स्याम। १४४। (५) आएँगे। उदा० सेज सवाँर्‌या पिय घर आस्याँ मंगल गास्याँ। १४६।

आइ—दे० 'आ'।

आई–दे० 'आ'।

आऊँ—दे० 'आ'।

आऊँगी–दे० 'आ'।

आए—दे० 'आ'।

आकुल—दे० 'अकुल'।

आखड़ाँ—(?) उदासीनता। उदा० साँवलिया सूँ प्रीत औरों सूँ आखड़ाँ। १९३।

आ गयो दे० 'आ'।

आगाँ—(सं० अग्र) आगे, सामने। उदा० म्हां गिरधर आगाँ नाच्यारी १७। ५०, ८५०।

आगे उदा० ताल पखावज मिरदंग बाजा साधाँ आगे णाच्याँ। २७

आगे दे० 'आँगा' ।

आज– (सं० अद्य) आज। उदा० आज म्हारो जनमो सँगरे, राणा म्हारा भाग भल्यां । २०,८४,१४२,१४५,१५१,१६६, १६६ ।

आजु– उदा० आजु सुण्यां हरि आवाँ री आवाँ री, आवाँ री मण भावाँ री । १२१ ।

अज्यां– दे० 'आ' ।

अज्या– दे० 'आ' ।

अज्यो– दे० 'आ' ।

अड़ा– (सं० अति) टेढ़ा । उदा० पाँव न चालै पंथ दुहेलो, आड़ा औघट घाट । ४४ ।

अण–(सं० अन्य) दूसरा । उदा० मीरा दासी अरणाँ करता म्हारो सहारो रणा आरण । १३६ ।

अत–दे० 'आ' ।

आदि–(सं० आदि) शुरू । उदा० आदि अंत निज नाँव तेरो, हिया में फेरी । ६३ ।

आदेस–(सं० आदेश) आदेश-निवेदन के लिए प्रयुक्त । उदा० नैणन देखूं नाथ मैं थाई करूं आदेस । ११६ । ११७ ।

अधारो– (सं० आधार) आधार, सहारा । उदा० मीराँ के प्रभु दरसण दीज्यो थे चरणाँ आधारी । ६३ ।

अधी रात–(सं अर्द्ध रात्रि) उदा० दे 'अध' ।

अन– (सं० आलय) आ कर । उदा० साँवरी सूरत आन मिलावो ठाढ़ी रहूँ मैं हँसिके । ७ । ७४ ।

अनंद–(सं० आनंद) प्रसन्नता । उदा० आनंद उछाव करूँ तण मण भेंट धरूँ । १२० । १६२ ।

अप (सं० आत्मन् आपने उदा० भगत कारण रूप नरहरि, धर्यां आपर सरीर । ६१ ।

अपण—अपने । उदा० करि किरपा प्रतिपाल मो परि राखो गा आपण देस । ११७ ।

अपणी—अपने । उदा० म्हाँ ठाढ़ी घर आपणी । १३ ।

अपहि आप—अपने आप । उदा० अपहिं आप पुजाय के रे, फूले अँग गा समात १५८ ।

अपण–दे० 'आप' ।

अपणी—दे० 'आप' ।

अपहिआप—दे० 'आप' ।

अभरण–(सं० आभरण) आभरण, कपड़े । उदा० रतण आभरण भूषण छाड्याँ, मोर किया सिर केस । ६८ ।

अभूषण–(सं आभूषण + आ) गहने । उदा० भूठा सब आभूषणा री, साँची पिया जी री प्रीति । २६ ।

अय—दे० 'आ' ।

अयाँ—दे० 'आ' ।

अयाँ—दे० 'आ' ।

अये—दे० 'आ' ।

अयो– दे० 'आ' ।

अयो–दे० 'आ' ।

अरण–(सं अरण्य) वन में । उदा० दुग धा आरण फिरें दुखारी, सुरत बसी सुत मानै हो । ७३ ।

अरत–(१) (सं० आरात्रिक) आरती । उदा० रतण करां नेवछावरां, ले आरत साजां, हो । १५० ।

अआरति– (सं० आर्त्त) इच्छा । उदा० आरति तेरी अन्तरि मेरे, आवो अपनी जाणि ४४ ६३ ६१ १०८ ।

० आरत

आरी—(सं० आलि) आली, सखी। उदा० वीर न पाजे आरी रे, मूरप न कीजै मित। ५६।

आली—उदा० कौन जतन करों मोरी आली, चन्दन लाऊँ घँसिके। ७,१४,१६, ८१,१४६,१६०,१७४।

आरोग्याँ—(सं० अरोग+ध्यञ्) (१) स्वस्थ हुई। उदा० विष रो प्यालो राणा भेज्याँ, आरोग्याँ णा जाँच्याँ। ३७ ४७। (२) परोसा। उदा० राजभोग आरोग्याँ गिरधर सणमुख राखाँ थाल ४७।

आरोग्यो—ग्रहण किया। उदा० करमा बाई को खीच आरोग्यो, होइ परसण पाबन्द। १३६।

आरोग्यो—दे 'आरोग्याँ'।

आवड़ाँ—दे० 'आ'।

आवण—दे० 'आ'।

आवत—दे० 'आदे हीं'।

आवत—दे० 'आ'।

आवाँ—दे० 'आ'।

आवाँगा—दे० 'आ'।

आवाँरी—दे० 'आ'।

आवागमन—(हिं० आवा+सं० गमन) आने जाने का चक्कर। उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर आवागमन निवार। १३५।

आवे—दे० 'आ'।

आवै—दे० 'आ'।

आवो—दे० 'आ'।

आवौ—दे० 'आ'।

आस—(सं० आशा) आशा। उदा० तुम दरसण की मास रमैया, कब हरि दरस दिलावैं ६७। १२८।

आसा—उदा० म्हारी आसा चितवनि थारी और णा दूजा दोर। ५।७१,१२४,१५८।

आसण—(सं० आसन) आसन। उदा० आसण माड़ अडिग होय बैठा, याही भजन की रीत। ५५। १८८।

आसन—जं तूं लगण लगाई चावै, तो सीस को आसन कीजै। १६१।

आसा—दे० 'आस'।

आसाढ़ा—(सं० आषाढ़) आसाढ़ का महीना। उदा० मोर आसाढ़ा कुरलहे, घन चात्रग सोइ, हो। ११५।

आसिरो—(सं० आश्रय) आसरा। उदा० और आसिरो णा म्हारा थें विण,तीनूं लोक मंझार। ४।

आसोज—(सं० आश्विन) क्वार का महीना। उदा० सीप स्वाति ही झेलती आसोजाँ सोई, हो। ११५।

आस्याँ—दे 'आ'।

इ

इंद्र-(सं० इंद्र) इंद्र देवताओं के अधिपति। उदा० इंद्र पदवी धरण। इंद्र की पदवी को धारण करने वाले ५ १४३ १४३

इक—(सं० एक) संख्यावाचक विशेषण। उदा० एकै थाणें गोपिया रे इक आँबो इक बूल ५६ ५६ ६५ ८१ ८१ ८१ ८६

इकतारी—एक तार वाला। एक बाजा जो सितार की तरह होता है। एक उदा० बाज्यो झाँझ मृदंग मुरलिया एक—बाज्या कर इकतारी। ७७। उदा० म्हारा बिछड्या फेर न मिलया भेज्या रण एक सन्नेस। ६८। ८७, ८६,११६,११८,११८१२४,१६३,१६३, १६३, १६८,१८६। एकरसूँ—एक रस होकर। उदा० मूनागजोगी एकरसूँ हँसि बोल्यि ५८। । एक—एक ही। उदा० एकै थाणै गोपिया रे, इक आँखों इक कूल। ४६।

एको—एक भी। उदा० मैं निगुणी गुण एको नाहीं तुम हो बगसण हारा। ११२, १७३।

इण—(सं०एष: बहुवचन) इन। उदा० इण चरण कालियाँ नाथ्याँ गोपलीला-करण। १। १,१,१,१,११६।

इन—दे० इण। उदा० छप्पन भोग बुहाइ देहे ,इन भोगनि में दाग। २६। १६२।

इत—(सं० इत: अथवा प्रा० इत्थ)इधर। उदा० इत घण गरजाँ उत घण लरजाँ चमकाँ बिज्जु डरायाँ। १४२।

इमरत—दे० के 'अमरित'।

इमरित—दे० 'अमरित'।

इम्रित—दे० 'अमरित'।

इसड़ा—(सं० एष: + ड़ा) इस प्रकार। उदा० थे तो राणा जी म्हाने इसड़ा लागों ज्यों ग्रच्छन में कैर। ३४।

उ

उकलाँ—(सं० उत्कलिका) उत्कंठा से पुकारना।

उकलाणों—उदा० सावण स्वाति बूँद मन माँही, पीव पीव उकलाणों हो। ७३।

उकलावें—(सं० आकुल) व्याकुल है। उदा० आवण कह गये अजहूँ न आये जियड़ो अति उकलावे। ६७।

उकलाणों—दे० 'उकलाँ'।

उकलावें—दे० 'उकला'।

उघाड़ (सं० उदघाटन

उघाड़ो खोलो उदा० थे तो पलक उघाड़ो दीनानाथ १। १८।

उघारी—बिना कपड़ों के। उदा० ले गयो सारी अनारी, म्हारी, जल में ऊभी उघारी, हे माय १६६।

उचाट—(सं० उच्चाट) उदास। उदा० यें आया बिण सुख णा म्हारो, हियरणों घणों उचाट। ६६।

उचार—(सं० उच्चरित)।

उचारे—उच्चरित करते हैं। उदा० ग्वालन बाल सब करत कुलाहल जय जय सबद उचार १६५

उछाह—(सं० उत्साह) उत्साह। उदा० आनंद उछाह करूँ, तण मण भेंट धरूँ। १२२।

उजलो—(सं० उज्ज्वल) (१) गोरा। उदा० उजलो वरण बागलाँ पावाँ, कामल वरणाँ कारा। १६०। (२)—प्रकाश उदा० धराँ साँवरो ध्यान चित्त उजला कराँ। १६३।

उठ— (सं० उत्थ) (१) उठ—उठ कर। उदा० चरणाश्रित री नेम सकारे नित उठ दरसण जाम्याँ। ३१। १०८ १५४।(२) जेताई दीसाँ धरण गगन माँ, तेताई उठ जासी। १६५।

उठाँ—उठी। उदा० चमक उठाँ सुपनाँ लख सजणी सुध णा भूल्याँ जात ७५।

उठि—उठ कर। उदा० रैण पड़ै तबही उठि जाऊँ। २०।

उठो—उठ जाओ। उदा० उठो लालजी भोर भयो है, सुर नर ठाढे द्वारे। १६५।

उड़—(सं० उड्डयन) समाप्त। उदा० मीराँ कहे प्रभु गिरधर नागर, काचो रंग उड़ जाय। ४०।

उड़त—उड़ता है। उदा० उड़त गुलाल लाल बादला रो रंग लाल, पिचकाँ उड़ावाँ १४८।

उड़ावत—उड़ाते। उदा० काग उड़ावत दिन गया, बूझूँ पिडत जोसी, हो। ११५।

उड़ावाँ—(१) उड़ाती हूँ। उदा० उड़त गुलाल लाल बादला रो रंग लाल, पिचकाँ उड़ावाँ १४८। (२) उड़ूँ। उदा० काँई करयाँ बछ णा बस म्हारी. णा म्हार पख उड़ावाँ री १२१

उड़त—दे० 'उड़'।

उड़ावत—दे० 'उड़'।

उड़ावाँ—दे० 'उड़'।

उण—(सं० अमुन) (१) उनके। उदा० मेरी उणकी प्रीत पुराणी, उण बिण पल न रहाऊँ। २०। (२) उस-उदा० जिण मारग म्हाँरा साध पधारै, उण मारग म्हे जास्याँ। २५।

उणकी—उनकी। उदा० मेरी उणकी प्रीत पुराणी २०।

उत—(इत के सादृश्य पर बना हुआ शब्द) उधर। उदा० इत घण गरजाँ उत घण लरजाँ, चमकाँ बिज्जु डरायाँ १४२।

उतर—(सं० अवतरण)

उतर के— उतर कर उदा० गजमे उतर के खर नहूं चढ़स्याँ, ये तो बात न होई २५। **उतर्‍या**— उतरी हूँ। उदा० मीराँ रे प्रभु गिरधर नागर, थे बल उतर्‍या पार १६०।

उतरे—उतरता। उदा० यो तो अमल म्हाँरो कबहु न उतरे, कोटि करो न उपाय ४०।

उतर्‍या—दे० 'उतर'।

उतरो—दे० 'उतर'।

उतावला—(सं० उद् + त्वर) उमड़ कर उदा० बहता कहैगी उतावला रे, ढीं तो लटक बतावे छेह। ५९।

उदासी—(सं० उदास + ई) विरक्त। उदा० सदा उदासी रहै मोरि सजनी, निपट अटपटी रीत ५७। १२६।

उद्र—(सं० उद्र) उदर, पेट। उदा० प्रह्लाद परतग्या राख्यां- हरणाकुस णे उद्र बिदारण। १३७

उधार—(सं० उद्धार)।

उधारण—(१) उद्धार करना। उदा० पाँवडाँ म्हारो भाग सँवारण, जगत उधारण काज। १०१। (२) उद्धार करने वाले। उदा० म्हाँ सुण्याँ हरि अधम उधारण १३७। १३७।

उधारत—उद्धार किया। उदा० असरण सरण कह्याँ गिरधारी, पतित उधारत काज। ६२।

उबार्‌याँ—उबारा, उद्धार किया। उदा० ग्राह गह्याँ गजराज उबार्‌या अछत कर्‌याँ वरदाण। १३६।

ऊधरे—अजामेल अघ ऊधरे जम नाम णसानी जी। १४०।

उधारण—दे० 'उधार'।

उधारत—दे० 'उधार'।

उपकार—(सं० उपकार) भलाई। उदा० खायाँ खास्याँ जीवण जाँवाँ, कोई कर्‌या उपकार। १६७।

उपज—(सं० उत्पद्यते)।

उपजाई—उत्पन्न होती है। उदा० कमठ दादुर बसत जल में जल में उपजाई। ८९।

उपजावै—पैदा करता है उदा० देणि विमणो निर्वाण कूँ है, यूँ उपजावै खीज। २६।

उपजी—उत्पन्न हुई। उदा० चैन चित्त में ऊपजी, दरसण तुम दीजै हो ११५।

उपजाई—दे० 'उपज'।

उपजावै—दे० 'उपज'।

उपाय—(सं० उपाय) उदा० यों तौं अमन म्हारों कवहूँ न उतरे, कोटि करो न उपाय ४०।

उबार्‌याँ—दे० उधार

उमावो—दे० उमाव'

उमंग—(सं० उमंग)।

उमायाँ—उमंगित हुआ। उदा० उमाय इंद्र चहूँ दिसि बरस्याँ दामण छोड्याँ लाज। १४३।

उमँग्यो—उमंगित होती है। उदा० सावन माँ उमँग्यों म्हारों मणरी, भणक सुण्या हरि आवन री। १४६।

उमंग—खुशी। उदा० म्हारे आणद उमंग भर्‌यारो जीव लह्याँ सुखधाम। १४४।

उमंगा—इच्छा। उदा० मीराँ व्याकुल अति अकुलाणी स्याम उमगा लागी। ९१।

उमावो—उमंग। उदा० स्याम मिलण रो घणों उमावो, णित उठ जोऊ बाटड़ियाँ १०८।

उमग्याँ—दे० 'उमंग'।

उमग्या—दे० 'उमंग'।

उमंग—दे० 'उमंग'।

उमंगा—दे० 'उमंग'।

उमग्—(सं० उन्मंडन)।

उमगि—उमड़ कर। उदा० उमगि घटा घन ऊलरि आई, बीजू चमक डरावै हो। ९२।

उमड़्या—उमड़ कर। उदा० काला पीला घट्याँ उमड़्या बरस्याँ चार घरी। ८२।

उमड़—उमड़ कर। उदा० उमड़ घुमड़ घन छाया पवण चल्या पुरवायां। १४२। १४६, १४७।

उमड्याँ—दे० 'उमग्'।

उमरण—(सुमिरण' सं० स्मरण के सादृश्य पर) स्मरण, ध्यान। उदा० साँवरो उमरण साँवरो उमरण, साँवरो ध्याण धराँ री। २१।

उमावो—दे० उमंग।

उर (सं० उर) हृदय उदा० अधर सुधा रस मुरली राजत उर बजनी माल ३

६, ६१, ६४, १०४, १५५ ।

उरि—उदा० बिरह दरद उरि अंतरि मांही, हरि बिण सब सुख कानै हो। ७३।

उरझ्—(सं० अवरुंधन)

उरझी—उलझी । उदा० छूटी अलक कुंडल तै उरझी, झड़ गई कोर किनारी। १७० ।

उरझी—दे० 'उरझ्' ।

उरि—दे० 'उर'

उलट्—(सं० उल्लोडन)

उलट—उलट कर, पुनः । उदा० जोगी होयां जुगत णा जाणा, उलट जणम फिर फाँसी १६५ ।

उलट—दे० 'उलट्' ।

ऊ

ऊँच—(सं० उच्च) ऊँचा । उदा० ऊँच नीच जाने नहीं, रस की रसीलणी । १८६ ।

ऊँचा—ऊपर । उदा० ऊँचा चढचढ़ पंथ निहार्‌यां, कलप कलप अँखियां रातीं । १०६ ।

ऊँचा—दे० 'ऊँच' ।

ऊधरे—दे० 'उधार' ।

ऊधो—(सं० उद्धव) उद्धव, कृष्ण के मित्र। उदा०अपणे करम को वो छै दोस, काकूँ दीजै रे ऊधो अपणें । १८३ ।

ऊधौ—उदा० कागद लै ऊधौजी आयों कहाँ रह्या साथी १८५ ।

ऊपजी—दे०'उपज' ।

ऊपर—(सं० उपरि) (१) पर । दाध्या ऊपर लूण लगायाँ, हिवड़ो करवत सार्‌यां । ८३ । १७१ ।

(२) ऊपरी हिस्से पर—उदा० केसरी चीर दरियाई को लेंगों ऊपर अँगिया मारी १७१ । (३) उस पर उदा० कुसुमल पाग केसरिया जामा, ऊपर फूल हजारी । १७१ ।

ऊपरि—ऊपर । उदा० चोच कटाऊँ पपइया रे ऊपरि कालर लुणा । ८४ ।

ऊपरि—दे० 'ऊपर' ।

ऊभ—(सं० ऊर्ध्व, प्रा० उब्भ ऊभा—) उठ कर । उदा० ऊभा बैठ्यां बिरहणी डाली, बोला कंठ णा सार्‌यां ८३ ।

ऊभी—(१) खड़ी । मदन सरोज बदन की सोभा, ऊभी जोऊँ कपोल ।५८। २०२। (२) थी ।—उदा० ले गयो सारी अनारी, म्हारी जल में ऊभी उघारी है माय । १६६

ऊभ्यां—खड़ी । उदा० ऊभ्यां ठाढ़ी अरज करूँ छूं करतां करतां भोर । ५ ।

ऊभा—दे० 'ऊभ्' ।

ऊभी दे० 'ऊभ्'

ऊलर सं० उद्+लल नीची ।उदा०

ऊभ्या—दे० 'ऊभ' ।

ऊलर—(सं० उद्+लल्) नीचा । उदा० घूमंट घटा ऊलर होइ आई, दामिन दमक डरावै । ७८ ।

ऊलरि—उदा० उमगि घटा घन ऊलरि आई, बीजू चमक डरावै हो । ८२ ।

ऊलरि—दे० 'ऊलर' ।

ए

ए—(सं० ए) संबोधन का चिह्न । उदा० यो तो अमल म्हांरो कबहुँ न उतरे, कोटि करो न उपाय । ४० । १६८ ।

एक—दे० 'इक' ।

एकरसूं—दे० 'इक' ।

एकै—दे० 'इक' ।

एकौ—दे० 'इक' ।

एही—(सं० एषः) यही । उदा० मीराँ कूं प्रभु मिल्या हे, एही भगति की रीत । २६ ।

ऐ

ऐंडो—(सं० आवेष्टन) ऐंठा । उदा० म्हांसूं ऐंडो डोले हो, औरन सूं खेलै धमाल । १८१ ।

ऐ—एक । उदा० है कोइ जग में राम सनेही, ए उरि साल मिटावै हो । ६२ ।

ऐण—(ऐण) पूरा । उदा० विरह विथा तासूं री कह्यॉं पैठी करवत ऐण । १०३ ।

ऐसी—(सं० ईदृश्) इस तरह । उदा० ऐसी लगन लगाइ कहां तू जासी । ४६ । ५२, ५६, ८६, १७४, १७६, १८४, १८८, १८६, १८६, १८६ ।

ओ

ओ—(सं० अहो) संबोधन का चिह्न । उदा० तण मण धण सब भेंट करूँ, ओ भजण करूं मैं थारा ११४

ओखद—(सं० औषधि) औषधि । उदा० जतन करो जन्तर लिखी बांधों, ओखद लाऊँ घँसिके ७ ७३ ६०

ओखी—(सं० ओख) तेज। उदा० भो समुन्द अपार देखाँ अगम ओखी धार। १६६।

ओगुण—दे० 'अवगुण'।

ओछा—(सं० तुच्छ) ओछा, हमेशा एक तरह न रहने वाला।

ओछातणा—ओछे व्यक्ति के साथ। उदा० ज्यूँ डूगर का वाहला रे, यूँ ओछातणा सनेह। ५६।

ओछी—नीच। उदा० नीचे कुल ओछी जात, अति ही कुचीलणी। १८६।

ओर-(स० अवर) (१) तरफ़। उदा० तनक हरि चितवाँ म्हारी ओर। ५। ८। (२) कोई और (दे० और)। उदा० म्हारी आसा चितवनि थारी, ओर णा दूजा दोर। ५। २८, २०२।

ओलगिया—(?) अलग रहने वाला पर-देसी। उदा० म्हारो ओलगिया घर आज्यो जी। ११६।

ओलूँ—(सं० ओल) स्मरण। उदा० परम सनेही राम की नीति ओलूँ री आवै। ६७।

औ

औगणहारा—दे० 'अवगुण'।

औगणहारी—दे० 'अवगुण'।

औगुण—दे० 'अवगुण'।

औघट—(सं० अव + घट्ट) अटपट। उदा० पाँव न चालै पंथ दूहेलो, आडा औघट घाट। ४४।

और—(सं० अपर) कोई और। उदा० और आसिरो णा म्हारा थें विण, तीनूँ लोक मँझार। ४। ७, २५, ४०, ४८, १२४, १३२, १६७।

औरन—(१) औरों का। उदा० मीरा लागो रग हरी, औरन अँटक परी। २५। (२)—औरों से। उदा० स्याम म्हाँसूँ ऐंडो डोले हो, औरन सूँ खेलै धमाल। १८१।

औरहि औरे—कुछ का कुछ। उदा० कृष्ण रूप छकी है ग्वालिन औरहि औरै बोलै। १७८।

औराँ सूँ—दूसरों से। उदा० साँवलिया सूँ प्रीत, औराँ सूँ अखड़ा। १६३।

क

कँई (सं० क + अपि) कोई। उदा० मासर वासो मजो ने बैठो हये नयो कँन

कान्ह र । १६१ ।
कँगना—(सं० कंकण) कंगन, हाथ में पहनने का आभूषण । उदा० गोपी दही मथत सुनियत है, कंगना के झणकार । १६५ ।
कँवल—(सं० कमल) कमल । उदा० सुभग मीतल कँवल कोमल, जगत ज्वाला हरणा । १ । ११, ३५, ३८, ४६, ६७, ७६, १०१, ११०, १३१, १४२, १६४, १६१, १६५ । **कमर्या**—उदा० स्याम कन्हैया स्याम कमर्या, स्याम जमण रो नीर । १६६ । **कमल**—उदा० सुन्दर वदन कमल दल लोचण, बाँका चितवण णेणा समाणी । ११ । १२७,१४७, १६८, १६६, १७०, १७१, १७२ । **कवल**—उदा० मैं तो दासी थारे चरण कवल की, मिल बिछुरन मत कीजो जी । १११ ।
कंचन—(सं० कंचन) सोना । उदा० जैसे कंचन दहत अगिन में, निकसत बारा-बाणी । ३८ ।
कटक—(सं० कंटक) करकट । उदा० सब जग कूड़ो कंटक दुनिया, दरध न कोई पिछाणे हो । ७३ । **काँटो**—काँटा उदा० यो संसार बीड़रो काँटो, गेल प्रीतम अटकास्यौं । ३१ ।
कंठ—(सं० कण्ठ) गले । उदा० हँस हँस मीराँ कंठ लगायो, तो म्हारे नौसर हार । ४० । ७१, ७८, ८३ ।
कंत—(सं० कांत) पति । उदा० मीराँ के प्रभु हरि अविनासी, पूरब जणम को कंत । १२५ । १६८ ।
कंप—(सं० कंपन) काँपना । **कंपत है**—काँपता है । उदा० कलम धरत मेरो कर कंपत है, नैन रहे झड़ लाय । ३६ । **काँपाँ** काँपती है । उदा० सबदाँ सुणताँ मेरी छतियाँ काँपाँ, मीठो थारो बैण । १०३ ।
काँइ—उदा० भलो कह्याँ काँइ कह्याँ बुरो री सब लया सीस चढ़ाय । १३ ।
काँई—उदा० मीराँ रे प्रभु और णा काँई, राख्या अब री लाज । ४८ । ६६, १४०, १६६ । **काइ**—उदा० म्हारो काइ णा बस सजणी, नैण झरत दोऊ नीर । १५५ ।
कूयाँ—कोई । उदा० म्हाँरा री गिरधर गोपाल दूसराँ णाँ कूयाँ । १८ । १८ ।
कउवा—(सं० काक) कौवा । उदा० प्रीतम कूँ पतियाँ लिखूँ कउवा तू ले जाइ । ८४ ।
काग—कउवा । उदा० काग उड़ावत दिन गया, बूझूँ पिंडत जोसी हो । ११५ ।
कछ—(सं० किंचित्) कुछ । उदा० । दद्‌या छिण छिण घट्या पल पल, जात ण कछ बार । १६६ । **कछु**—(१) कुछ । उदा० दरस बिना मोहि कछु न सुहावै, जक न पड़त है आँखड़ियाँ । १०८ । १२८, १३०, १६७, १८०, १६२ । (२) कोई—उदा० काँई कर्‌याँ, कछु णा बस म्हारो, णा म्हारे पंख उड़ावाँ री । १२१ ।
कछु और—कोई दूसरी । उदा० ज्यो तोकों कछु और विथा हो, नाहिन मेरो बसिके । ७ ।
कछुक—कोई भी । उदा० कछुक ओगुण हम पै काढ़ो, मैं भी कान सुणाँ । ६० ।
कछू—कुछ । उदा० राम हमारे हम है राम के, हरि बिन कछू न सुहावै । ६७ ।
कट—(सं० कटि) कमर । उदा० पीताम्बर कट उर बैजणताँ, कर सोहाँ री बाँसी । ६ । ८, १० ।
कटारी—(सं० कट्टार) कटार । उदा० प्रेमनी प्रेमनी प्रेमनी रे, मने लागी कटारी प्रेमनी । १७३ । १७४ ।

कटोरौं—(सं० काँस + ओरा) कटोरा, एक बर्तन। उदा० कणक कटोरौं इम्रत भर्‌याँ, पीवताँ कूण नट्या री। २००।

कट्—(सं० कर्त्तन) काटना। **कट्याँ**—काटा, दूर किया। उदा० बूड़ताँ गजराज राख्याँ, कट्याँ कुंजर भीर। ६१। १७२। **कटाऊँ**—काट दूँ। उदा० चोंच कटाऊँ पपइया रे, ऊपरि कालर लूँणा। ८४। **काट्याँ**—काट दिया। उदा० मीराँ रे प्रभु गिरधर नागर, काट्याँ म्हारी गाँसी। १९५।

कठण—(सं० कठिन) कठिन, कठोर। उदा० क्यासूँ कहवाँ कोण बुझावाँ, कठण बिरहरी धाराँ। ९३। १९२। **कठिण**—कठोर। उदा० कठिण छाती स्याम बिछु-रत, बिरह तें तण तई। १८२।

कठिण—दे० 'कठण'।

काठिन—कठोर। उदा० काठिन क्रूर अक्रूर आयो, साजि रथ कहँ नई। १८२।

कठे—(सं० कुत्र) कहाँ। उदा० द्वार्‌याँ जीवन सरण रावलाँ, कठे जावाँ ब्रजराज। ७८।

कठोर—(सं० कठोर) कड़ा। उदा० हम चितवाँ थें चितवो णा हरि, हिवड़ो वडो कठोर। ५।

कड़ला—(सं० कटक) पैर में पहना जाने वाला कड़ा। उदा० झाँझरिया जगजीवन केरा, कृष्णाजी कड़ला ने काँबी रे। १८१।

कड़वाँ—(सं० कटुक) कड़वा। उदा० अम्रत प्यालो छाड्याँ रे, कुण पीवाँ कड़वाँ नीरा री। २४। ४५।

कडी—(सं० कठोर) बुरी। उदा० साज-नियाँ दुसमण होय बैठ्या सबने लगूँ कडी। ११८।

कणक—(सं० कनक) सोना। उदा० कणक कटोरौं इम्रत भर्‌याँ, पीवताँ कूण न ्या री। २००।

कणी—(?) किधर, कहाँ। उदा० रावरी होइ कणी रे जाऊँ, हे हरि हिवड़ो री लाज। १३२।

कथंता—(सं० कथन) बातें। उदा० तीरथ बरताँ ग्याँण कथंता, कहा लियाँ करवत कासी। १९५।

कथीर—(सं० कस्तीर) राँगा। उदा० काथ कथीर सूँ काम णा म्हारे चढस्याँ घणरी मार्‌याँ री। २४।

कदम—(सं० कदंब) कदंब, एक प्रकार का फूल। उदा० गहे द्रुम डार कदम की ठाड़ो मृदु मुसकाय म्हारी ओर हँस्या। ८। १६६।

कदे—(सं० कदा) कभी। उदा० बालपनाँ की प्रीत रमइयाजी, कदे नाहि आयो थारो तोल। १००।

कन्हैया—(सं० कृष्ण) कृष्ण। उदा० स्याम कन्हैया स्याम कमरयाँ, स्याम जमण रो नीर। १६६। १७६। **काण्हड़ो** कृष्ण। उदा० जणम जणम री काण्हड़ो, कब रे मिलस्यो आय। २०१। **कानूड़ो**—कृष्ण। उदा० सखी म्हारो कानूड़ो कलेजे की कोर। १६४। **कान्ह**—कृष्ण। उदा० छैल छबीले नवल कान्ह सँग, स्यामा प्राण पियारी। १७५। **कान्हाँ**—कृष्ण। उदा० बंसी बजावाँ गावाँ कान्हाँ, संग लियाँ बलवीर। १६१। **कान्हा** कृष्ण। उदा० जमणा किणारे कान्हा धनु चरावाँ, बंशी बजावाँ मीठाँ वाणी। १२।

किसन—उदा० ऊभी राधा प्यारी अरज करत है, सणजे किसन मुरारी। १७१। १७१। **क्रश्न**—कृष्ण। उदा० मैं जल जमुना भरन गई गई थी- आ गयो क्रश्न

मुरारी, हे माव । १६६ । **कृष्ण**—उदा० कृष्ण रूप छकी है, ग्वालिन, औरहि औरे बोलै । १७८ । **कृष्ण जी**—झाँझरिया जगजीवन केरा, कृष्णाजी काइला ने काँवी रे । १४१ । **कानाँ**—उदा० हाँ कानाँ किन गूँथी जुल्फाँ कारियाँ । १६२ ।

कपट—(सं० कपट) छल । उदा० जो तेरे हिय अन्तर की जाणै, तासों कपट ण बणै । १५८ ।

कपाट—(सं० कपाट) दरवाजा । उदा० खाण पाण म्हारे नेक ण भावाँ, नैणा खुला कपाट ।

कपोल—(सं० कपोल) गाल । उदा० कुण्डल झलकाँ कपोल अलकाँ लहराई । १२ । ५८ ।

कब—(सं० कदा) किस समय । उदा० तुम दरसण की आस रमैया, कब हरि दरस दिलावै । ६७ । ५३ ६४, ७४, ७४, ७५, ७९, ७८, ७८, ७८, ८३, ८८, ९५, १०२, १०२, १०२, १०८, १०८, ११०, ११५, १२२, १२३, १४३, १३६, २०१ । **कब की**—कब से । उदा० मैं हाजिर नाजिर कब की खड़ी । ११८ । **कब री**—कब से । उदा० कब री ठाड़ी पंथ निहाराँ, अपने भवण खड़ी । १४ । **कब रो**—कब से । उदा० निस दिन जोवाँ बाट मुरारी, कबरो दरसण पाँवाँ । ६६ । **कबहि**–किस समय । उदा० मीराँ कहै प्रभु कबहि मिलौगे, थाँ विण नैण दुख्यारा । ११२ । **कबहुँ**—कभी । उदा० यो तो अमल म्हारो कबहुँ न उतरे कोटि करो न उपाय । ४० । ८१, १२३ । **कबहूँ**—उदा० कबहूं न दान लियो मनमोहन, गयां गोकल आत जात । १७६ । **कबै**—कब उदा० कबै हसकर • ७४

कब की—दे० 'कब' ।

कबरी—दे० 'कब' ।

कबहि—दे० 'कब' ।

कबहुँ—उदा० दे० 'कब' ।

कबहूँ—दे० 'कब' ।

कबीर—(अरबी कबीर = बड़ा, श्रेष्ठ) भक्त कबीर । उदा० दास कबीर घर बालद जो लाया, नामदेव की छान छवन्द । १३९ ।

कबै—दे० 'कब' ।

कमठ—(सं० कामठ) कछुआ । उदा० कमठ दादुर बसत जल में, जल मे उपजाई । ८९ ।

कमरयाँ—दे० 'कँवल' ।

कमल—दे० 'कँवल' ।

कमान—(फा० कमान) धनुष । उदा० भौंह कमान बान बाँके लोचन, मारत हियरे कसिके । ७ ।

कमोदण—(सं० कुमुदिनी) कुमुदिनी । उदा० चंदा देख कमोदण फूलाँ, हरख भयाँ म्हारे छाज्यो जी । ११६ ।

करंत—दे० 'कर' ।

कर—(१)—(सं० कर) हाथ । उदा० पीतांबर कर उर बैजणताँ, कर सोहो री बाँसी । ६ । २८, ३२, ३६, ३७, ६२, १८४, १६५, २०२ । **करि**—हाथ में । उदा० टेढ़याँ कट टेढ़े करि मुरली, टेढ़्या पाग लर लटके । १० । **कर**—(२) (सं० कृ) करना । **करंत**—करते हीं । उदा० कालिन्दी दह नाग नाथ्याँ, काल फणफण निर्त करंत । १६८ । **कर** (१) कर लिया । उदा० दास मीराँ लाल गिरधर सहज कर बैराग्य । १५८ । (२) करो —उदा० हरि हितु से हेत कर, संसार आसा त्याग । १५८ । (३) पूर्वकालिक कृदंत द्योतक उदा० कब हसकर बतावी

७४। (४) समझ कर—उदा० कर चरणाश्रित पी गई रे, गुण गोविन्द का गाय। ४०। (५) अपणी कर—अपना बनाकर। उदा० मीराँ दासी रावली, अपणी कर जाणी जी। १८०। कर गयाँ—कर गया। उदा० आवण कह गयाँ अजाँ ण आयाँ कर म्हाणे कोल गयाँ। ५२। कर गया—उदा० सावण आवण कह गया बाला कर गया कौल अनेक। ११७। कर दियो—कर दिया। उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर इमरित कर दियो जहर। ३४। कर ले—आज्ञार्थ। उदा० अपणे घर को परदा कर ले मैं अबला बौराणी। ३८। १६८। कर रही—उदा० दादुर मोर पपीहा बोलै, कोयल कर रही सोर छै जी। १४५। कर लेसी—कर लेगा। उदा०सीसोद्यो रूठ्यो तो म्हाँरो काँई कर लेसी। ३५। करि करिपा—उदा० करि करिपा प्रतिपाल मो परि, राखो ण आपण देस। ११७। किरपा कर—दया करके। उदा० किरपा कर मोहि दरसण दीज्यो सब तकसीर बिसारी। ११३। करणा—करना। उदा० यो देही रो गरब णा करणा, माटी माँ मिल जासी। १९५। करत—(१) करते। उदा० सोड़त जेज करत नाहि सजनी, जैसे चँमेली के फूल। ५४। १६३, १६५। (२) करती। उदा० मीराँ दासी व्याकुल रे, पिव पिव करत बिहाइ। ८४। १७१। करताँ करताँ—करते-करते। उदा०ऊभ्याँ ठाढ़ी अरज करूँ छूं करताँ करताँ भोर। ५। करता—करती है। उदा० मीराँ दासी अरजाँ करता म्हारो सहारो णा आण। १३६। कर्याँ–(१) करूँ। उदा० काँई कर्याँ कछु णा बस म्हारी णा म्हारे पख उठावाँ री। १२१। कर्याँ छै—करती है। उदा० मीराँ दासी अरज कर्याँ छै म्हारो लाल दयाल। ४७। कर्या—किया। उदा० खायाँ खरच्याँ आवण जावाँ, कोई कर्या उपकार। १९७। १९३। कर्यो—किया। उदा० साँवरी सी किशोर मूरत, कछुक टोनों कर्यो। १७२। करसी—करेगा। उदा० चोरी न करस्याँ जिव न सतास्याँ, काँई करसी म्हारो कोई। २८। करसूं—करती हूं। करसे—करती है। उदा० निन्दा करसे नरक कुंड माँ जासे थासे आँधला अपंग रे। ३०। करस्याँ—किया। उदा० थाँ चरण ध्रुव अटल करस्याँ, सरण असारण सरण। १। करस्यो—कीजिये। उदा० मीराँ के प्रभु हरि अविनासी करस्यो प्रीत खरी। ८२। १९६। करां—(१) करें। उदा० आवा सहेल्याँ रली करा हे, पर घर गवण निवारि। २६। (२) कीजिए। उदा० मीराँ के प्रभु हरि अविनासी भाग लिख्या सो ही पायो। १८८। (३) करती हूं। उदा० ज्याँ ज्याँ चरण धरणाँ धरणी धर, त्याँ त्याँ निरत करा री। २१। ७७, ८८, १५०, १९३, १९२, १९३। करा—करती है। उदा० अरज करा अबला कर जोर्याँ स्याम तुम्हारी दासी। १९५। कराइयाँ—प्रेरणार्थक। उदा० म्हारे घर आवाँ स्याम गोठड़ी कराइयाँ। १२०। करावाँ—कराऊँगी। उदा० हरि मन्दिर माँ निरत करावाँ घुंघर्‌याँ घमकास्याँ। ३१। कराऊँ—बनाऊँ। उदा० दास मीराँ लाल मोइ ऐसी प्रीति करै जोइ। १८६। करों—करूं। उदा० कौन जतन करों मोरी आली, चन्दन लाउ घँसिके। ७। करो—करो। उदा० जतन करो जन्तर लिखो बाँधो ओखद लाऊ

थासके । ७ । उदा० कूर्ची करात् करुणानन्द केरी, नैमो घरेणु मारूं घालूं रे । १८१ । करि--(१) करके । उदा० तन मन धन करि वारणैं, हिन्दे धरि लीजै हो । १६ । ५६, ११७, १५६ । (२) कीजिए--उदा० अब तो वेगि दया करि साहिब, मैं तो तुम्हारी दासकियाँ । १०८ । करिये--कीजिये । उदा० साधु जननी संग जो करिये, चढ़े तो चोगणो रंग रे । ३० । करी--(१) किया । उदा० अब तुम प्रीत अवर सूं जोड़ी, हमसे करी क्यूं पहेली । ८० । १४१ । (२) करके । उदा० जगत वदीत करी मनमोहन, कहा बजावत ढोल । ५८ । करूं (१)--करती हूँ । उदा० ऊभ्यों ठाढ़ी अरज करूं छू करतां करता भोर । ५ । ११२, ११७, ११५, १३५, १६२ । (२) करूं--उदा० कांइ करूं कित जाऊँरी सजनी नैण गुमायो रोइ । ४८ । ७४, ८५, ६७, १७२ । (३) करूं (संभावनार्थ) । उदा० आनंद उछाव करूँ, तण मण भेंट धरूं । १२० । करैं--करते हैं । उदा० प्रीत करैं ते बावरा रे, करि तोड़ै ते कूर । ५६ । करै---करता है । उदा० ४० । ५६, ६६ । कियाँ--(१) किया-- उदा० देख्यां माई हरि मण काठ कियाँ । ५२ । ६८, १८६ (२) करने से--उदा० जो हूँ ऐसी जानती रे बाला, प्रीति किया दुख होय । ५६ । ५३ । किया--(१) करने लगे । उदा० के कहुँ काज किया सन्त का, के कहुँ गैल भुलावना । (२) किया--उदा० कीरत कोई णा किया, थणा करम कुमाणी जी । १४० । किये बनाया । उदा० अभिमान टीला किये बहु कहु जल यहाँ महरास १८८

कीजै--(१) कीजिये । उदा० जिह जिह विधि रीझै हरी, सोई विधि कीजै हो । १६ । ५६, ५६, १०७, १०७, १०८, ११५, १६१ । (२) करते हैं--उदा० लगण लगाई जैसे चकोर चन्दा से, अगनी भक्षण कीजैं । १६१ । कीजो--कीजिए । उदा० मैं तो दासी थारे चरण कवल की, मिल बिछुरन मत कीजो जी । १११ । कीजौ--उदा० किरपा कीजौ दरसण दीजौ, सुध लीजो तत्काल । १२७ । कीज्यॉं--उदा० मीराँ दासी सरणा ज्याशी, कीज्यां वेग निहाल । ४७ । ६६ । कीज्यो--उदा० मीराँ रे प्रभु गिरधर नागर मिल बिछुड़न मत कीज्यो जी । ५० । कीना--करने से । उदा० मीन जल से बाहर कीना, तुरत मर जाई । ८६ । कीनी--किया । उदा० नेम धरम कोण कीनी मुरलिया, कोण तिहारे पास मैं री । १६७ । कीन्हों - किया । उदा० मैं भोली भोलापन कीन्हों । ४८ । कीन्हो-- उदा० दास मीराँ राम भजि कै, तण मण कीन्हों पेस । ११७ । कीयाँ--करने से । उदा० जोहूँ ऐसी जानती रे, प्रीत कीयां दुख होय । ५६ । काँइ--(१) । उदा० भलो कह्याँ काँइ कह्याँ बुरोरी सब लया सीस चढ़ाय । १३ । (२) (स० किम्) क्या । काँई--(सं० किमर्थम्) क्या । उदा० थारो कोल बिरुद जग थारो, थे काई बिसर गयाँ । ५२ । कोइ--वर हीणों अपणों भलो है, कोढ़ी कुष्टी कोइ । २६ । २६, ५३, ७३, ६२, ११६, ११८, १७७, १६२ । कोई-- (१) कोई व्यक्ति । उदा० कोई निन्दो कोई बिन्दो मैं तो गुण गोविन्द का गास्यां २५ २५ २५ २० २३

३२, ५५, ५६ ७२, ७३, १०७, १२२, १३३, १७८, १६७। (२) (सं० किम्) क्या। उदा० चोरी न करस्याँ जिव न सतास्याँ।

करक्—(ध्वन्यात्मक) चिकटना।

करकाँ—दे० 'करक्'।

करकाँ जाय—टूटा जाता है, फटा जाता है। उदा० वैद मरण ण जाणाँ री म्हारो हिवड़ो करकाँ जाय। ७२।

करण—दे० 'कर्'।

करणाँ—(सं० करुण।) दया। उदा० करणाँ सुणि स्याम मेरी। ६४। **करुणा निधाण**—करुणा के भंडार, अत्यधिक करुणालु। उदा० मेरी कानाँ सुणज्यौ जी करुणा निधाण। १३६। **करुणानंद**—दुखी जनों को आनंदित करने वाले। उदा० कूँची करावुँ करुणानंद केरी, तेमाँ घरेणु माऊँ घालूँ रे। १४१।

करत—दे० 'कर्'।

करताँ—दे० 'कर्'।

करता—दे० 'कर्'।

करतार—(सं० कर्त्तार) ईश्वर। उदा० माता पिता जग जन्म दिया री, करम दियाँ करतार। १६७।

करतारी—(सं० कर+ताल+ई) हाथ की ताली, दोनों हथेलियों को एक दूसरे पर मारने की क्रिया। उदा० गावत चार धमार राग तँह, दै दै कल करतारी। १७५।

करम—(सं० कर्म) (१) पाप। उदा० कीरत कोंई णा किया, घणा करम कुमाणी जी। १४०। (२) कर्म—उदा० साधाँ जणरी निंद्या ठाणाँ, करम रा कुगत कुमाँवाँ। १५६। १८३। (३) भाग्य ० अपणे करम को वो छ दोस, काकूँ दीजै रे ऊधो अपणाँ। १८३। १८६, १६७।

करमाबाई—(सं० कर्म+अनु० बावा+ई) भक्त करमाबाई। उदा० करमाबाई को खीच आरोग्यो, होइ परसण पावन्द। १३६।

करयाँ—दे० 'कर'।

करया—दे० 'कर'।

करयो—दे० 'कर'।

करवत—(सं० करपत्र) आरा। **करवत लूँगी कासी**—(काशी में मुक्ति पाने के लिये आरे से अपना गला काटने की एक अंधविश्वासपूर्ण परंपरा रही है) काशी में आरे से अपना गला काट कर मुक्त हो जाऊँगी। उदा० तेरे खातिर जोगण हूँगी, करवत लूँगी कासी। ४६। ६५, ८३, १०२, १६५।

करसी—दे० 'कर'।

करसूँ—दे० 'कर'।

करसे—दे० 'कर'।

करस्याँ—दे० 'कर'।

करस्यो—दे० 'कर'।

कराँ—दे० 'कर'।

करा—दे० 'कर'।

कराइयै—दे० 'कर'।

करावाँ—दे० 'कर'।

करावुँ—दे० 'कर'।

करि—दे० 'कर'।

करिये—दे० 'कर'।

करी—दे० 'कर'।

करुणा—दे० 'करणाँ'।

करुणानंद—दे० 'करणाँ'।

करूँ—दे० 'कर'।

करेजा—(सं० कालेय) कलेजा। उदा० रेजा रेजा भया करेजा अन्दर देखो मसिक

७। **कलेजा**—उदा० विरह भवंगम डस्यौं कलेजा, मा लहर हलाहल जागी। ६१। **कलेजे**—उदा० सखी म्हारो कानूड़ो कलेजे की कोर। १६४। **कलेजो**—आकुल व्याकुल रैण बिहावाँ बिरह कलेजो खाय। १०१।

करै—दे० 'कर'।

करै—दे० 'कर'।

करो—दे० 'कर'।

करो—दे० 'कर'।

कलंगी—(तु० कलगी) मोती या सोने का बना हुआ सिर का एक गहना। उदा० रतण जटित सिर पेच कलंगी, केसरिया सब साज। १५२।

कल (१)—(सं० कल्य) चैन। उदा० बिरह व्याकुल अनल अंतर कल णाँ पड़ता दाय। ४२। ५३, ८७, ६१, ६३, ६८, १०३, १०६, ११३, १२३, १३०।

कल—(२) (सं० कल) (१) कला। उदा० सुघर कला प्रवीण हाथन सूँ, जसुमति जू णे सवारियाँ। १६२। (२) सुंदर। उदा० गावत चार धमार राग तँह, दै दै कल करतारी। १७५। **कलि**—चैन। उदा० तुम देखे बिनि कलि न परति है, तलफि तलफि जिव जासी। ६९।

कलप—(सं० कल्पन) तड़पना। **कलप-कलप**- तड़पकर। उदा० ऊँचा चढ़-चढ़ पथ निहार्‌याँ, कलप कलप अँखियाँ रातीं। १०६। **कलपाँ**—कलपती हूँ। उदा० थे बिछड्या म्हाँ कलपाँ प्रभुजी, म्हारो गयाँ सब चैण। १०३।

कलप-कलप—दे० 'कलप'।

कलपाँ—दे० 'कलप'।

कलम—(अ० कलम) लिखने की कलम लेखनी। उदा० कलम धरत मेरो कर कंपत है नैन रहे झड़ लाय। ७६।

कलस—(सं० कलश) घड़ा। उदा० हूं जल भरने जात थी सजनी, कलस माथे धर्‌यो। १७२।

कलि—दे० 'कल'।

कलियाँ—(सं० कलिका) कली का बहुवचन। उदा० चुणि चुणि कलियाँ सेज बिछायो, नखसिख पहर्‌यो साज। १५१।

कलेजा—दे० 'करेजा'।

कवल—दे० 'कँवल'।

कस—(सं० कर्ष)। **कसिके**—जोर से। उदा० भौंह कमान बान बाँके लोचन, मारत हियरे कसिके। ७। **कसे**—जड़े हुए। उदा० कित गई प्रभु मोरी टूटी टपरिया, हीरा मोती लाल कसे। १८७। **कस्यो**—कसा है। उदा० पितांबर कट काछनी काछे, रतन जटित माथे मुकुट कस्यो। ८।

कसर—(अ० कसर) कमी। उदा० एक बेर दरसण दीजै, सब कसर मिटि जाई। ८६।

कसाई—(अ० कसाई) जानवरों की हत्या करने वाला। उदा० क्रोध कसाई रहत घट में कैसे मिलै गोपाल। १५८।

कसिके—दे० 'कस'।

कसूमल—(सं० कुसुभ) कुसुभी रंग, कुसुम के रंग का लाल। उदा० कहो कसूमल साड़ी रँगावाँ, कहो तो भगवाँ भेस। १५३। **कुसुमल**—उदा० कुसुमल पाग केसरिया जामा, ऊपर फूल हजारी। १७१। **कुसुम्बी**—उदा० साँवरिया रो दरसण पास्यूँ पहण कुसुंबी सारी। १५४

कसे—दे० 'कस' ।

कस्यो—दे० 'कस' ।

कष्ट—(सं० कष्ट) पीड़ा । उदा० गज बूडताँ अरज सुण धावाँ, भगताँ कष्ट निवारण । १३७ ।

कहँ—(सं० कुत्र + स्थाने) कहाँ । उदा० राजा रूठ्यो नगरी त्यागाँ, हरि रूठ्याँ कहँ जाणा । ३९ । १८२ । **कहाँ**—उदा० ऐसी लगन लगाइ कहाँ तू जासी । ८६ । ६८, १५८, १८५ । **कहाँ कहाँ**—किस-किस स्थान पर । उदा० कहाँ कहाँ जाऊं तेरे साथ कन्हैया । १७६ । **कहुँ**—कहीं । उदा० कैं कहुँ काज किया संतन का कैं कहुँ गैल भुलावना । ८५ । १५८ ।

कह—(सं० कथन) कहना । **कहत न आवै**—कहते नहीं बनता । उदा० बात कहूँ तो कहत जाऊं तेरे साथ कन्हैया । **कहवा**—कहूँ । उदा० क्यासूं कहवाँ कोण बुझावाँ, कठण विरहरी धाराँ । ६३ । **कहसी**—कहेगा । उदा० ताके संग सिधारताँ हे, भला न कहसी कोइ । २६ । **कहुँ**—कहीं । उदा० कैं कहुँ काज किया संतन का कै कहुँ गैल भुलावना । ८५ ।

कहत—दे० 'कह' ।

कहवाँ—दे० 'कह' ।

कहसी—दे० 'कह' ।

कहा—कह दिया । उदा० जगत बदीत करी मनमोहन, कहा बजावत ढोल । ५८ । १८७ । **कहिए**—कहूँ । उदा० गुरुजन कठिन कानि कासौं री कहिए । १८४ । **कहिया**—(१) कहना (तुम कहना) । उदा० विपत हमारी देख तुम चाले, कहिया हरिजी सूँ जाय । ७६ । (२) कहूँ—उदा० कोण सुणे कासूँ कहिया री, मिल पिव तपण बुझाय । १०१ ।

कहा—(१) (सं० कथम्) क्या । उदा० कहा कहं कित जाऊं मीरा सजनी, बैद न कूण बुनावै । ३८ । ८५, ८८, ११८, १६६, १८६, १७२, १९५, १९५ । (२) दे०—'कह' ।

कहिये—(१) बताइये । उदा० कहा बोझ मीराँ में कहिये सौ पर एक घड़ी । ११८ । (२) कहलाते हैं । उदा० तुम मेरे प्रतिपालक कहिये, मैं गरीबी तेरी । ६८ ।

कहियौ—कहना । उदा० जाय वाके पास कहियौ मीरा थां बिहारी है । १७४ । **कहूँ**—कहती हूँ । उदा० बेरि बेरि पुकारि कहूँ, प्रभु आरति है तेरी । ६३ । ७२, ६२ । **कहे**—कहती हैं । उदा० मीराँ कहे प्रभु गिरधर नागर धारोई नाम भणा । ६० । ६५, १४१ । **कहै**—कहती है, कहते हैं । उदा० जाके संग सिधारता है, भला कहै सब कोइ । २६ । ४०, ४६, ५४, ५५, १००, ११२, १२७, १९१ । **कहौ**-कहो । उदा० मीराँ कहै मैं भई बावरी, कहो तो बजाऊं ढोल । १०० । १५३, १५३, १५२ ।

कह्यौ—(१) कहा । उदा० म्हारो मण मगण स्याम लोक कह्याँ भटकी । ९ । १८, १३, १४, २२, २२, २२, २२, ३६, ३६, ६२, ७२, १०१, १०३, १२१ । (२) कहने में । उदा० का कहूँ कुण मानी मेरी, कह्याँ न को पतियावै हाँ । ६२ । **काँ**—कहती हूँ । उदा० थे कह्यां छाण म्हाँ काँ चोइड़े, लिया बजन्ता ढोल । २२ ।

कहिए—दे० 'कह' ।

कहिया—दे० 'कह' ।

कहियौ—दे० 'कह' ।

कहे—दे० 'कह' ।

कहै—दे० 'कह' ।

कहो—दे० 'कह' ।

कह्याँ—दे० 'कह' ।

काँ—(१) (सं० कार्य अथवा कृत) संबंध सूचक अव्यय । उदा० घर-घर तुलसी ठाकुर पूजा दरसण गोविन्द जी का । १६० । १६०, १७०, १६०, १६१ । **का**—उदा० कोई निन्दो कोई बिन्दो म्हे तो गुण गोविन्द का गास्या । २५, ३५, ३५, ३८, ४०, ४१, ५३, ८५, ११८, १२३, १३२, १३२, १३२, १३६, १३८, १६१, १८७ । **कौ**—उदा० तुम गजगीरी कौ चूतरो रे, हम बालू की भीत । ५६ । **कौ**—का, के, की । उदा० मीरां कूं प्रभु दरसण दीज्याँ पूरब जनम कौ कौल । २२ । ४०, ४६, ७३, ८१, १२५, १३०, १३६, १३६, १५८, १७१, १७७, १७८, १८०, १८३, १८५, १८८, १६१ । **कौ**—का । उदा० लगण लगी कौ पैंडो ही न्यारो पाँव धरत तन छीजै । १६१ ।

काँइ—(१) (सं० किम्) क्या । उदा० काँइ करूं कित जाऊं री सजनी नैण गुमायो रोइ । ८८ । (२) दे० 'कोंड' । **काँई**—क्या । उदा० मीसोदो रूठ्यो तो म्हारो काँई कर लेसी । ३५ । १२१ । **का**—क्या । उदा० का कहूँ कुण मार्ग मेरी, कह्याँ न को पतियावै हो । ६२ ।

काँई—(१) (सं० किमर्थम्) क्यों । उदा० थारो कोन्ह बिरुद जग थोरो, थे काई बिसर गयाँ । ५२ । (२) दे० 'कंई' । (३) दे० 'काँइ' । **काँई काँई**—कैसे-कैसे । उदा० थांरी काँई काँई बोल सुणावा म्हारा साँवरा गिरधारी । ५१ । **काइ**—कैसे । उदा० खान पान सुध बुध सब बिसरयाँ, काइ म्हारो प्राण जियाँ । ५२ ।

कूयाँ—कोई । उदा० म्हारो री गिरधर गोपा दूसरी णा कूयाँ १८ १८

काँची—(सं० काच) कच्ची । उदा० स्याम विणा जग खारो लागाँ, जगरी बाताँ काँचा । १६ । **काँचूं**—उदा० सासर बासो सजी ने बैठी हवे नथी कँई काँचूं रे । १८१ । **काचाँ**—कच्ची । उदा० बूझ्या माणं सदण बावरी, स्याम प्रीतम्हाँ काचाँ । ३७ । **काचे**—कच्चे । उदा० काचे ते तातणे हरिजीए बाँधी, जेम खेंचे तेम तेमनी रे । १७३ । **काचो**—उदा० मीराँ कहे प्रभु गिरधर नागर काचो रंग उड़ जाय । ४० ।

काँटो—दे० 'कटक' ।

काँनै—(सं० काण) अधूरे । उदा० बिरह दरद उरि अंतरि माँही, हरि बिणि सब सुख काँनै हो । ७२ ।

काँपाँ—दे० 'कंप' ।

काँबी—(?) एक प्रकार का पैर का गहना । उदा० झाँझरिया जगजीवन केरा, कृष्णाजी कड़ला ने काँबी रे । १४१ ।

का—(१) दे० 'काँ' (२) दे० 'काँई' ।

काइ—(१) दे० 'कँई' (२) दे० 'काँई' । (१)

काकूं—(सं० कः+सं० कक्ष) किसको । उदा० अपणे करम को वो छै दोस, काकूं दीजे रे ऊधो अपणे । १८३ ।

काग—दे० 'कउवा' ।

कागद—(सं० कागद, अ० कागज) सन, रुई, पटुए आदि को सड़ाकर बनाया हुआ महीन पत्र जिस पर अक्षर लिखे या छापे जाते हैं । यहाँ 'कागद' का अर्थ है पत्र । उदा० कागद ले राधा बाँचण बैठी भर आई छाती । १८५ ।

काचाँ—दे० 'काँची' ।

काचे दे० काँचा

काचो—दे० 'काची'।

काछनी—(सं० कक्ष) काछनी, फेटा अथवा कमर में बाँधने का कपड़ा। उदा० पीतांबर कटि काछनी काछे रतन जटित माथे मुकट कस्यो। ८। **काछी**—धारण करके। उदा० काछी गोप भेष मुकुट, गोधन सँग चार्‍यूँ। १८४। **काछे**—बांधे हुए। उदा० पीताबर कट काछनी काछे, रतन जटित माथे मुकट कस्यो। ८।

काछी—दे० 'काछनी'।

काछे—दे० 'काछनी'।

काज—(१) (सं० कार्य) काम। उदा० छैल विराणो लाख को हे, अपणे काज न होइ। २६। ६७, ८५, ९१, १०९, १३२, १३६, १७०, २०२। (२) कारण। उदा० धरती रूप नवां नवां धर्‍याँ इंद्र मिलण रे काज। १६३।

काम—उदा० गंगा जमणा काम णा म्हारे, म्हाँ जावाँ दरियावाँ री। २४। २४, २४, २४, २४, २४, १५७।

कामा—काम। उदा० तुम मिलिया मैं बोहो सुख पाऊँ सरैं मनोरथ कामा। ११४। **कारज**—कार्य। उदा० मथ भगताँरा कारज साधाँ, म्हारा परण निभाज्यो जी। ११६।

काजल—(सं० कज्जल)। उदा० आँखों में लगाने का अंजन। उदा० काजल टीकी हम सब त्यागा, त्याग्यो छै बांधन जूड़ो। ३२। ३४।

काढ्याँ—दे० 'काढ़'।

काठ—(सं० काष्ठ) कठोर। उदा० देखा माई हरि मण काठ कियाँ। ५२। ८९, ८६, ९०।

काढ़—(सं० कर्षण)। **काढ़**—निकाल। उदा० दध मथ घृत काढ लयाँ डार दया छूयाँ १८। **काढ़ी**—निकाली। उदा० कछुक ओगुण हम पै काढ़ी, मैं भी कान सुणा। ९०।

काढ़—दे० 'काढ़'।

तुम—(सं० त्वम्) तुम (मध्यम पुरुष, एक वचन, सर्वनाम) (१) विभक्ति रहित। उदा० तुम गजगीरी को चूँनरीरे, हम बालू की भीत ५९। ६३, ६५, ७६, ८०, ९५, ११२, ११२, ११३, ११३, ११३, ११४, ११४, ११५, ११५, ११५, १२५, १३२, १५१, १६२। (२) शून्य विभक्ति सहित। उदा० मीराँ व्याकुल बिरहिणी रे, तुम बिनि तलफत प्राणि ४४। ४९, ५२, ६७, ८४, ९७, ९८, १०७, ११२, ११२, ११३, ११४, ११८, १२४। **तुम बिच**—(हिं० तुम + सं० विच) तुममें। उदा० तुम बिच हम बिच अंतर नाही, जैसे सूरज घामा ११४। **तुमरे**—तुम्हारे। उदा० मीराँ कहै प्रभु तुमरे दरस बिन, लगत हिवड़ा में सूल ५४। **तुम्हारी**—उदा० अब तो वेगि दया करि साहिब, मैं तो तुम्हारी दासलियाँ १०८, ११३, १२०, १९५। **तूँ**—तुम। उदा० जै तूँ लगण लगाई चावै, तो सीस की आसन कीजै १९१। **तू**—उदा० ऐसी लगन लगाइ कहाँ तू जासी ४९। ५८, ८४, ८४, ९८। **तेरा**—तुम्हारा। उदा० मैं जण तेरा पथ निहारूँ, मारग चितवत तोरे ९५। **तेरी**—उदा० आरति तेरी अंतरि मेरे, आवो अपनी जाणि ४४। ४६, ६३, ६५, ९४, १३३, १५१। **तेरे**—उदा० तेरे खातिर जोगण हूँगी, करवत लूँगी कासी ४१ ९४ ११६ १२६ १५८ १७६

तेरै—तुम्हारे। उदा० घर आवो म्याम, मेरे मैं तो लागूं पाँव तेरै १२०। **तेरो**—उदा० आदि अंत निज नाँव तेरो हीया में फेरो ६३ । १६३ । **तोइ**—तुम्हारे लिए। उदा० नातिर दुख जग माहि जीवड़ो, निस दिन झूरै तोइ ६७। **तोकों**—तुमको। उदा० ज्यों तोको कछु और बिथा हो, नाहिन मेरो वसिके ७। **तोरे**—तुम्हारे। उदा० मैं जन तेरा पंथ निहारूँ, मारग चितवत तोरे ६५, १२७, १८७। **तोही सूँ**—तुमसे। उदा० रमईया मेरे तोही सूँ लागी नेह ५६।

तुमरे—दे० 'तुम'

तुम्हारी—दे० 'तुम'

तुरत—(सं० तुर) एकदम। उदा० मीन जल से बाहर कीना, तुरत मर जाई ८६।

तुलसी—(सं० तुलसी) एक प्रकार की मंजरी। उदा० घर-घर तुलसी ठाकर पूजा दरसण गोविन्द जी काँ १६०। १६०।

तूं—दे० 'तुम'

तू—दे० 'तुम'

तें—(सं० अंत) करणकारकीय चिन्ह) से। उदा० मण की मैल हियतें छूटी, दियो तिलक सिर धोय १५८। १७०, १८२।

ते[1]—(सं० त:) वे। उदा० प्रीत करै ते बावरा रे, करि तोडै ते कूर ५६। ५६, ५६, १७३।

ते[2]—(सं० अंते) अपादानकारकीय चिन्ह (से)। उदा० गागर रँग सिरते झटकी, झड़ गई कोर किनारी १७०।

ते[3]—(सं० तद्) तब। उदा० साधु जननो संग जो करिये चढ़े ते चौगणो रंग रे ३०।

तेताई—(सं० कल्पित रूप तियतक+सं० हि०) उतना. वह सब कुछ। उदा० जेताई दीसों धरण गगन माँ, तेताई उठ जासी १६५।

तेम—(सं० तेषाम्+मुख) उस ओर। उदा० काचे ते तातणे हरिजीए बाँधी, जेम खेंचे तेम तेमनी रे १७३।

तेमनी—(सं० तेषाम्+मुख+?) उसी तरह। उदा० काचे ते तातगे हरिजीए बाँधी, जेम खेंचे तेम तेमनी रे १७३।

तेमाँ—(सं० तेषाम्+मध्ये) उसमें। उदा० कूँची कराबुं करुणानन्द केरी, तेमाँ घरेणु मारूँ घालूं रे १४१।

तेरा—दे० 'तुम'

तेरी—दे० 'तुम'

तेरे—दे० 'तुम'

तेरै—दे० 'तुम'

तेरो—दे० 'तुम'

तो[1]—(सं० तु) विशेषार्थक निपात। उदा० मीराँ तो गिरधर बिन देखे, कैसे रहे घर वसिके ७। २५, २५, ३४, ३६, ४०, ४०, ४०, ४४, ५५, ५६, ५६, ६०, ८८, ६४, १०८, १०८, १११, १११, १११, ११८, ११८, १२०, १२०, १२२, १२७, १३०, १३३, १५७, १७१, १७४, १७४, १८०,

तौ—विशेषार्थक निपात। उदा० जै तूँ लगन लगाई चावै, तौ सीस की आसन कीजै १९१।

तो—(सं० तदा) तब। उदा० जहाँ बैठावें तितही बैठूँ, बेचे तो बिक जाऊँ २०। ३५, ७६, १००, १५३, १८७।

तोइ—दे० 'तुम'

तोकों—दे० 'तुम'

तोडै—दे० 'तोड़'

तोड़त—दे० 'तोड़'

तोड—(सं० तुड)। **तोड़याँ**—तोड़ा।

उदा० णातो साँवरो री म्हासूँ, तनक न तोड़्याँ जाय ७२। **तोड़ै**—तोड़ते हैं। उदा० लागी प्रीत जिन तोड़ै रे बाला, अधिक कीजो नेह ५६। **तोड़त**—तोड़ते हुए। उदा० तोड़त जेज करत नहिं सजनी, जैसे चँमेली के फूल ५४।

तोड़्याँ—दे० 'तोड़्'

तोरण—(सं० तोरण) बन्दनवार। उदा० सुपणा मा तोरण बंध्यारी सुपणामां गह्या हाथ। २७।

तोल्१—(सं० तुल) तौलकर। उदा० थें कह्याँ मुंहोंघो म्हाँ कह्याँ सस्तो, लिया री तराजाँ तोल २२।

तोल२—(सं० तुल्) समझ। उदा० बाल-पनाँ की प्रीत रमइया जी, कदे नहिं आयो थारो तोल १००।

तोस—(सं० संतोष) संतोष। उदा० सील घूंघरा बांधि तोस निरताँ कराँ १६३।

त्याँ—(सं० तत्र) वहाँ। उदा० ज्याँ ज्याँ चरण धरणाँ धरणी धर, त्याँ त्याँ निरत कराँ री २१, १५७।

त्याग्—(सं० त्यज्)। **त्याग**—छोड़कर। उदा० हरि हितु से हेत कर, संसार आसा त्याग १५८। **त्यागाँ**—(१) त्याग दूँगी। उदा० राजा रूठ्याँ नगरी त्यागाँ, हरि रूठ्याँ कहँ जाणाँ ३६। (२) छोड़ दिया। उदा० थारे कारण जग जण त्यागाँ लोक लाज कुल डाराँ ६३। **त्यागा**—त्याग दिया। उदा० गहण गाँठी राणा हम सब त्यागा, त्याग्यो कररो चूड़ो ३२। ३२, ३४। **त्यागी**—छोड़ दी। उदा० पीव पीव म्हाँ रटाँ रैण दिन लोक लाज कुल त्यागी। **त्यागे**—छोड़ दिए। उदा० तेरे कारण हम सब त्यागे, पाण पाण पै मण नहीं लागे १२६। **त्याग्या**—त्याग दिया। उदा० काजल टीकी राणा हम सब त्याग्या भगवाँ चादर पहर ३४। **त्याग्यो**—छोड़ दिया। उदा० महल अटारी हम सब त्याग, त्याग्यो थाँरो बसनों सहर ३४। ३२, ३२।

त्यागाँ—दे० 'त्याग्'

त्यागा—दे० 'त्याग्'

त्यागी—दे० 'त्याग्'

त्यागे—दे० 'त्याग्'

त्याग्या—दे० 'त्याग्'

त्याग्यो—दे० 'त्याग्'

थ

थई—(सं० कल्पित रूप भवंतक:) हुआ। उदा० मुज अबला ने मोटी निराँत थई रे १४१।

थल—(सं० स्थल) पृथ्वी। उदा० आया सावण भादवा भरीया जल थल ताल ११६।

थोड़ा—(सं० स्तोक) कम। उदा० जग माँ जीवणा थोड़ा कुण लयाँ भवभार १६७।

थाँ—(सं० कल्पित रूप तुष्मैं + कृतक) (१) तुमने। उदा० कहा भयाँ थाँ भगवा पहर्‌याँ, घर तज लयाँ सन्यासी। (२) तुम्हें। उदा० थाँ देख्याँ विण कल ण पडताँ जाणे म्हारी छाती १०६। (३) तुम्हारे। उदा० मीराँ कहै प्रभु कबहि मिलौगे थाँ बिण नैण दुख्यारा ११२। थाँणे—तुम्हें। उदा० थाँणे काँई काँई बोल सुहावाँ म्हाँरा साँवराँ गिरधारी ५१। थाँने—तुम्हें। उदा० म्हाँरो जणम जणम रो साथी, थाँने णा बिसर्‌याँ दिन राती १०६। थाँरो—तुम्हारी। उदा० सुणि पावेली बिरहणी रे, थारो रालैली पाँख मरोड़ ८४। १२६, १३० थाँरे—तुम्हारे। उदा० थाँरे देसाँ में राणा साध नही छै, लोग बसै सब कूड़ो ३२। थाँरो—तुम्हारा। उदा० नहिं सुख भावै थाँरो देसलड़ो रँगरूड़ो ३२। ३४। थाराँ—तुम्हारी। उदा० मैं तो दासी थाराँ जनम जनम की थे साहब सुगणा ६०। ११० थारा—तुम्हारा। उदा० थारा सबद सुहावण रे, जो पिव मेला आज ८४, ११२। थारी—तुम्हारी। उदा० मीराँ रे प्रभु हरि अविनासी, थारी सरण गह्याँ २६। ३६, ५१, ५६, ६६, ७१, ६६, १३४, १३८, १५२, १५६। थारे—तुम्हारे। उदा० तणमण जीवण प्रीतम वार्‌या, थारे रूप लुभावाँ ६६। ६३, १०४, १११, ११४, १४०। थारो—(१) तुम्हारा, आपका। उदा० थारो रूप देख्याँ अँटकी ६। ५२, ५२, ८४, १००, १००, १०३। (२) तुमसे। उदा० मीराँ दासी जणम जणम री, थारो णेह लगास १०१। १०५ १०६ (इन दूसरे प्रकार के प्रयोगो को कीय भी माना जा सकता है)। थारोई—(बलात्मक) तुम्हारा ही। उदा० मीराँ कहे प्रभु गिरधर नागर, थारोई नाम भणा ६०। थें—(१) तू। उदा० मण थें परस हरि रे चरण १। ४, ४, ५, २२, २२, २८, ४७, ४८, ४८, ५०, ६०, ६१, ६२, ६४, ६६, ६६, १०१, १०१, १०२, १०२, १०३, १०४, १०४, १०४, ११०, ११८, १२६, १३४, १३७, १४०, १६८, १६८। (२) तुम्हारे। उदा० भगवाँ भेख धर्‌याँ थें कारण, ढूढ़्याँ चार्‌याँ देस ६८। ६६, १०१, १०१, १२१, १२८, १३१, १३७, १३८, १५५, १६४, १६७। थे—(१) तुम उदा० थे तो राणा जी म्हाँनि इमड़ा लागो ज्यों ब्रच्छन में कैर ३४। ५२, ६४, १४६। (२) तुमने। उदा० राणा जी थे क्याँनि राखो म्हाँसूँ बैर ३४। ३८, ६१, ६३। (३) तुमको। उदा० थे देख्याँ बिण कल णा पड़ताँ, णेणा चलताँ धारा ६३। (४) तुमसे। उदा० मीराँ रे हरि थे मिलियाँ विण तरस तरस जीया जावाँ ६६। तुम्हारे। उदा० मीराँ रे प्रभु गिरधर गिरधर नागर, थे बिण फटा हियाँ ४२। ६६, १०५।

थाँणे—दे० 'थाँ'

थाँने—दे० 'थाँ'

थाँरो—दे० 'थाँ'

थाँरे—दे० 'थाँ'

थाँरो—दे० 'थाँ'

था—(सं० कल्पित रूप भवंतकः) भूतकाल की सहायक क्रिया। उदा० आया था ए लोभ के कारण, मूल गमाया भूल १६८। थी—उदा० मैं जल जमुना भरन गई थी आ गयो कृस्न मुरारी हे माय

१६६ ।

थाकाँ—(सं० स्था = हिं० थाक + आँ) थक गए। उदा० बिरद बखाणाँ गणताँ गा जाणा, थाकाँ वेद पुराण १३४।

थाणे—(सं० स्थान) स्थान पर। उदा० एकै थाणै रोपिया रे, पूरब जनम की प्रीत ५६।

थाप्याँ—(सं० स्थापन) स्थापित किया उदा० संकट मेट्या भगत जणाराँ थाप्या पुन्न रा पाज १०६।

थाय—हो। उदा० झगड़ो थाय त्याँ दोड़ी ने जाय रे मूकी ने घर ना काम रे १५७।

थारा—दे० 'थाँ'

थारी—दे० 'थाँ'

थारे—दे० 'थाँ'

थारो—दे० 'थाँ'

थासे—होंगे। उदा० अड़सठ तीरथ संतों ने चरणे, कोटि कासी ने कोटि गंग रे ३०।

थी—दे० 'था'

थे—दे० 'थाँ'

थे—दे० 'थाँ'

थोरा—(सं० स्तोक) थोड़ा, कम। उदा० मीराँ के प्रभु गिरिधर नागर, ज्यों चाहै सोही थोरा, रे १८७।

द

दंदा—(सं० द्वन्द्व)। उदा० मीराँ विरहण गिरधर नागर, मिल दुख दंदा छाज्यो जी ११

द्—(सं० दान)। **दइ**—संयुक्त क्रिया (मुख्य क्रिया) दी। उदा० लोकलाज कुल काण जगत की, दइ बहाय जस पाणी २८। **दयाँ**—दिया। उदा० सखियन सब मिल सीख दयाँ मन एक न मानी हो ८७। १२८। **दया**—दिया। उदा० दध मथ घृत काढ़ लयाँ डार दया छूयाँ १८, १०८। **दियाँ**—(१) देने से (क्रियार्थक संज्ञा)। उदा० जोगी म्हाँने दरस दियाँ सुख होइ ६७। (२) दिया (पूर्ण क्रिया द्योतक)। उदा० माता पिता जग जन्म दियाँ री करम दियाँ करतार १६७। **दिया**—दे दिया, (पूर्ण क्रियाद्योतक)। उदा० थें कर दिया परतीत पिछाणी जी १४०। १५०। **दियो**—(१) संयुक्त क्रिया (सहायक क्रिया) दिया। उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, इमरित कर दियो जहर ३८। ४२. (२) दिया (पूर्ण क्रियाद्योतक)। उदा० राणा जी थे जहर दियो म्हे जाणी ३८। ४१, १५८। **दिलावै**—देंगे। उदा० तुम दरसण की आस रमैया, कब हरि दरस दिलावै ६७। **दीजै**—(१) संयुक्त क्रिया (सहायक क्रिया) दीजिए। उदा० असा प्रभु जाण न दीजै १६, ८६, ११५, ११५, १६६। (२) मुख्य क्रिया। उदा० अपणे करम को वो छै दोस काकूं दीजै रे ऊधो अपणे १८३। १६१, १६१, १६१, १६१। **दीजो**—दीजिए। पल पल भीतर पंथ निहारूँ, दरसण म्हाँने दीजो जी १११ १११

१११। **दीजो**—दीजिए। किरपा कीजो दरसण दीजो, सुध लीजो ततकाल १२७। **दीज्यां**—(१) देते हैं। उदा० इमरत पाइ विषाँ क्यूँ दीज्याँ कूँणा गाँव री रीत ५६। (२) दीजिए। उदा० मीराँ कूँ प्रभु दरसण दीज्याँ, पूरब जन्म को कोल २२। ९६। **दीज्यौ**—दीजिए। उदा० मीराँ कूँ प्रभु दरसण दीज्यौ, आँणद वरण्यूँ न जावै ६७। ११६, १२६, १५१, १५८। **दीन्ह**—संयुक्त क्रिया (सहायक क्रिया) दिया। उदा० जहर का प्याला राणा भेज्या, अमृत दीन्ह बनाय ४१। **दीन्हो**—दिया। उदा० स्याम सनेसो कबहुँ ण दीन्हो, जानि बूझ गुझबाती १२३।
दीयो—दीजिए। उदा० पिया दरसण दीयो आय थें विण रह्या ण जाय १०१
दीस्यो—दीजिए। उदा० मीराँ के प्रभु दरसण दीस्यो थे चरणाँ अधाराँ ९३। १३४, १५४। **दूँगी**—(भविष्यत्)। तेरे कारण जोगण हूँगी, दूँगी नग बिच फेरी ९४। **दे**—(१) देता है। उदा० जो पहिरावै सोई पहिरूँ जो दे सोई खाऊँ २०। (२) संयुक्त क्रिया (मुख्य क्रिया)। उदा० सावण दे रह्या जोरा रे, घर आयो जी स्याम मोरा, रे १४७। **देस्याँ**—देंगे। उदा० चरण कँवल गिरधर सुख देस्याँ, राख्याँ नैणाँ नेरा ११०। **देस्यूँ**—दूँगी। उदा० मीराँ रे प्रभु हरि अबिनासी, देस्यूँ प्राण अँकोर ५। **देहे**—दूँगी। उदा० छप्पन भोग बुहाइ देहे इन भोगनि मे दाग २६। **दै दै**—दे दे कर। उदा० गावत चार धमार राग तँह, दै दै कल करतारी १७५। **दैण** देने के लिए। उदा० मीराँ रे प्रभु कबरे मिलोगे दुख मेटण सुख दैण १०३। **द्यो**—सहायक क्रिया। उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर दरसन द्यो ने बलबीर १२२। **द्यो**—दो (सहायक क्रिया। उदा० साँप पिटारो राणा जी भेज्यो, द्यो मेड़तणी गल डार ४०। ४०। **द्यौ**—दो। उदा० मीराँ के प्रभु हरि अबिनासी दरसण द्यो ण मोकूँ आय ९८।

दध—(सं० दधि) दही। उदा० दध मथ घृत काढ़ लयाँ डार दया छूयाँ १८। १७६। **दधि**—दही। उदा० दधि को नाम बिसरि गयो प्यारी, 'लेलेहु री कोइ स्याम सलोना १७७। १७८। **दही**—उदा० निरमल णीर बह्या जमणाँ माँ, भोजन दूध दही काँ १६०।

दधि—दे० 'दध'

दमक—(हिं० चमक का अनु०) चमककर। उदा० घुमँट घटा ऊलर होइ आइ दामिन दमक डरावै ७४।

दयाँ—दे० 'द'

दया—दे० 'द'

दयाल—(सं० दयालु) दयालु। उदा० मीराँ दासी अरज कर्याँ छे, म्हारो लाल दयाल ४७।

दर—(सं० द्वार)। **दर दर**—द्वार द्वार, प्रत्येक द्वार पर। उदा० दरद की मार्याँ दर दर डोल्याँ बैद मिल्या नहिं कोय ७०।

दरद—(फ़ा० दर्द) पीड़ा। उदा० दरद की मारी दर दर डोल्याँ बैद मिल्या नहिं कोय ७०। ७०, ७३, १०२। **दरद दिवाणी**—दर्द से दिवानी, पीड़ा के कारण विक्षिप्तावस्था में आ जाना। उदा० हेरी म्हाँ दरद दिवाणी म्हाराँ दरद न जाण्याँ कोय ७०। ९७। **दरध**—पीडा। उदा० सब जग कूडो कंटक दुनिया,

दरध न कोई पिछाँणै हो ७३ ।

दरध—दे० 'दरद' ।

दरबाराँ—(फा० दरबार) में । उदा० कामदाराँ सूं काम णाँ म्हारे, जावा म्हा दरबाराँ री २४ ।

दरस—(सं० दर्शन) दर्शन, साक्षात्कार । उदा० मीराँ कहै प्रभु तुमरे दरस बिन, लगत हिवड़ा में सूल ५४ । ६७, ७८, ८०, ९७, १०३, १०८, १२८, १३०, १९४ । **दरसण**—दर्शन । उदा० मीराँ रे प्रभु गिरधर नागर, दरसण दीज्यो दासी ६ । १५, २२, ३१, ३६, ४५, ६७, ६७, ६७, ६९, ७२, ८०, ८५, ८६, ९३, ९४, ९६, ९८, १००, १०१, १०२, १०८, १११, ११३, ११५, ११५, ११५, ११६, १२६, १२७, १५४, १५४, १५४, १५४, १६० । **दरसन**—दर्शन । उदा० मीराँ कहे प्रभु कबरे मिलोगे, दरसन विण दिन दोरे ९५ । २८, १२२ ।

दरियाई—(फा० दरियाई) विशेष प्रकार का कपड़ा (साटन) जिसको दरयाव भी कहते हैं । उदा० केसरी चीर दरियाई को लेंगों, ऊपर अँगिया भारी १७१, **दरियावाँ** (फा० दरिया) नदी । उदा० गंगा जमणा काम णा म्हारे, म्हाँ जावाँ दरयावाँ री २४ ।

दल[1]—(सं० दल) समूह । उदा० सुन्दर बदन कमल दल लोचण, बाँकाँ चितवण णेणा समाणी ११ । १६९ ।

दल[2]—(सं० दलन) । **दल के थंभण**—बाधाओं को कुचलकर । उदा० प्रीत निभावण दल के थंभण, ते कोई बिरला सूर ५९ ।

दह—(सं० दहन **दह** उदा० कालिन्दी दह नाग नाथ्याँ, काल फण निर्त करंत १६८ । **दहत**—तपकर । उदा० जैसे कँचन दहत अगिन में निकसत बारावाणी ३८ । **दाध्या**—जले हुए । उद.० दाध्या ऊपर लूण लगायाँ, हिवडो करवत सार्‌याँ ८३ । **दाहें**—जलाता है । उदा० चंद को चकोर चाहे दीपक को पतंग दाहें १७४ ।

दही—दे० 'दध'

दाँवन—(फा० दामन) पल्ला, आँचल । उदा० भीजे म्हारो दाँवन चीर, सावलियो लूम रह्यो रे १२२ ।

दा—(सं० कृतक) का (संबंधकारकीय चिन्ह, उदा० चार दिना की करले खूबी, ज्यूं दाड़िम दा फूल १९८ । **दी**—की । उदा० लागी सोही जाणै कठण लगण दी पीर १९२ । १९२ ।

दाग—(फा० दाग़) बुराई । उदा० छप्पन भोग बुहाइ दे हे, इन भोगनि में दाग २६ ।

दाड़िम—(सं० दाड़िम) अनार । उदा० चार दिना की करले खूबी, ज्यूं दाडिम दा फूल १९८ ।

दादर—(सं० दर्दुर) मेंढक । उदा० दादर मोर पपइया बोलै, कोयल सब्द सुणावे रे ८१ । ९२ । **दादुर**—मेंढक । उदा० कमठ दादुर बसत जल में, जल से उपजाई ८९ । १४२, १४३, १४५, १४७ ।

दाध्या—दे० 'दह'

दान—(सं० दान) । उदा० कबहूं न दान लियो मनमोहन, सदा गोकुल आत जात १७६ ।

दामण—(सं० दामिनी) उदा० उमग्याँ इन्द्र चहूं दिस बरसाँ दामण छोड्‌या लाज ४३, १४६ । **दामिन**—बिजली । उदा० घुमट घटा ऊलर होइ आई दामिन दमक

डरावे ७४।
दामिन—दे० 'दामण'
दाय—(?) (१) पसंद । उदा० और सिंगार म्हांरे दाय न आवै, यों गुर ग्यान हमारो २५। ४२, ७४।
दास—(सं० दासि) दासी, सेविका। उदा० दास मीराँ लाल गिरधर, मिल्या सुख छाई ८९। ११७, ११७, १३३, १३९, १३९, १५८, १८५, १८६। **दासड़ियाँ**—(दास +देशज प्रत्यय ड़िया) दासी। उदा० अब तो बेगि दया करि साहिब, मैं तो तुम्हारी दासड़ियाँ १०८। **दासि**—उदा० दासि मीराँ लाल गिरधर, अगम तारण तरण १। ६१, ६३, १७२, १८२। **दासी**—उदा० मीराँ रे प्रभु दासी रावली, लीज्यो णेक णिहार ४। ६, ३८, ४३, ४५, ४७, ४७, ४९, ५१, ६०, ६५, ६६, ७१, ८४, ८५, ९७, १०१, १०४, १११, ११३, १२०, १२९, १३६, १४०, १४८, १५१, १६३, १९४, १९५, १९६।
दाहें—दे० 'दह'
देख—(सं० दृश्)। **दखावाँ**—दिखाओगे। उदा० पिया कब दरस दखावाँ ७८। **दिखणी**—दिखाई देने वाला। उदा० झूठा पाट पटंबरा रे, झूठा दिखणी चीर २६। **दिखाय**—दिखाया। बाबल बैद बुलाइया री, म्हाँरी बाँह दिखाय ७२। **दीखा**—दिखाई दिया, मिला। उदा० दीखा णाँ कोई परम सनेही, म्हारे सँदेसा लावाँ ७८। **दीठ**—संयुक्त क्रिया (मुख्य क्रिया) दिखाई। उदा० साँवरो नंद नँदन दीठ पड्याँ माई १२। **दीठी**—दिखाई दी। उदा० सत संगति मा ग्यान सुणौछी, दुरजन लोगाँ ने दीठी ३३। **दीस्याँ** दिखा दिया। उदा० जुग जुग भीर हराँ भगताँ री, दीस्याँ मोच्छ नेवाज ६२। **दीसाँ**—दीख पड़ता है। उदा० जेताई दीसाँ धरण गगन माँ, तेताई उठ जासी १९५, **दीसे**—दिखाई देता है। उदा० आत न दीसे जात न दीसे, जोगी किसका मीत ५५। **दीसै**—दिखाई देता। उदा० बाहरि घाव कछु नहिं दीसै, रोम रोम दी पीर १९२। **देख**—देखकर। उदा० बिपत हमारी देख तुम चाले, कहिया हरिजी सूँ जाय ७६। ११६। **देखण**—देखने (क्रियार्थक संज्ञा) न्हाय धोय जब देखण लागी, सालिगराम गई पाय ४१। **देखत**—देखते ही (तात्कालिक कृदंत)। उदा० गिरिधर म्हाँरो साँचों प्रीतम, देखत रूप लुभाऊँ २०। १६३, १८७, १८७। **देखवाँ**—संयुक्त काल (मुख्य क्रिया) देखा। उदा० सखि म्हाँरो सामरिया णे, देखवाँ कराँ री २१। **देखाँ**—(१) देखो। उदा० देखाँ माई हरि मण काठ कियाँ ५२। १९०, १९६। (२) देखकर उदा० बादल देखाँ झरी स्याम मैं बादल देखाँ झरी ८२। **देखि**—देखकर। उदा० देखि बिराणी निवाँण कूँ हे, क्यूँ उपजावै खीज २६। १३०। **देखिये**—देखो। उदा० आव सखी मुख देखिये, नेणाँ रस पीजै, हो १६। **देखी**—देखी पूर्ण (क्रिया द्योतक)। उदा० ऐसी सूरत या जग माँही फेरि न देखी सोइ ५३। ८६, १७१। **देखूँ**—संभावनार्थक। उदा० नैणज देखूँ नाथ नैं धाई करूँ आदेस ११६। **देखे**—पूर्ण क्रियाद्योतक। उदा० तुम देखे बिन कलि न परति है, तलफि तलफि जिव जासी ४९। ७। **देखो**—आज्ञा। उदा० रेजा

रेजा भयो करेजा, अंदर देखो धँसिके ७।
देख्याँ—(१) देखकर (पूर्वकालिक कृदंत)। उदा० या छब देख्याँ मोह्याँ मीराँ, मोहन गिरवरधारी जी २। ६, १०, १६, १८, १८, २३, ६२ (२) देखे (पूर्ण क्रिया-द्योतक)। उदा० बिन देख्याँ कल ना पड़ाँ मन रोस णा ठानी हो ८७। ६३, ६८, १०६, ११३। (३) देखने का (क्रिया-र्थक संज्ञा)। उदा० णिरखाँ म्हारो चाव घणेरो मुखड़ा देख्याँ थाराँ ११०। **देख्यो**—देखा (पूर्ण क्रियाद्योतक)। उदा० या ब्रज में कछू देख्यो री टोना १७७। **देष्याँ**—देखा। उदा० बिन देष्याँ कैसे जीवेँ कल ण परत हीये। १७४।

दिखणी—दे० 'दिख'

दिखाय—दे० 'दिख'

दिण—(सं० दिन) दिन। उदा० मीराँ रे प्रभु गिरधर नागर, मग जोवाँ दिण राती २३। ४५। **दिन**—उदा० जोगिया कूँ जोवत बोह्यो दिन बीता, अजहूँ आयो नाहिं ४४। ५५, ६६, ८०, ६१, ६५, १०६, १०७, १०८, ११५, ११६, ११८, १६६। **निसदिन**—प्रतिदिन। उदा० जोगिया जी निसदिन जोऊँ बाट ४४। ६६, ७१, ६१, ६७। **चार दिनाँ**—कुछ दिनों। उदा० चार दिनाँ की कारले खूबी, ज्यूँ दाड़िम दा फूल १६८।

दिन—दे० 'दिण'

दिनाँ—दे० 'दिण'

दियाँ—दे० 'द'

दिया—दे० 'द'

दियो—दे० 'द'

दिलावें—दे० 'द'

दिवस (सं० दिवस) दिन उदा० रात दिवस कल नहिं परत है तुम मिलियाँ बिन मोड़ ५३।

दिवाँणी—(फा० दीवानी) दिवानी, पागल उदा० मीराँ तो अब प्रेम दिवाँणी, साँव-लिया वर पाणा ३६। **दिवाणी**—दिवानी। उदा० हेरी म्हाँ दरद दिवाणी म्हाराँ दरद न जाणयाँ कोय ७०, ६७, १३०।

दिवाणी—दे० 'दिवाँणी'

दिस—(सं० दिशा) दिशा, ओर। चहूँ दिस—चारो तरफ। उदा० उमग्याँ इन्द्र चहूँ दिस बरसाँ दामण छोड़या लाज १४३।

दी—दे० 'दा'

दीखा—दे० 'दिख'

दीठ—दे० 'दिख'

दीजे—दे० 'द'

दीजो—दे० 'द'

दीजौ—दे० 'द'

दीज्याँ—दे० 'द'

दीज्यो—दे० 'द'

दीज्यौ—दे० 'द'

दीनानाथ—(सं० दीना+नाथ) दीनो के स्वामी, कृष्ण। उदा० माई म्हाणो सुपणा माँ परण्याँ दीनानाथ २७। ७५, ११८।

दीन्ह—दे० 'द'

दीन्हो—दे० 'द'

दीप—(सं० दीपक) दीपक, दीया। उदा० लगण लगी जैसे पतंग दीप सेँ वारि फेर तन दीजे १६१। **दीपक**—उदा० बिन पिया जोत मँदिर अँधियारो दीपक दाय न आवै ७४। ६२, १०५, १७४, १८५। **दीपाँ**—बहुल में दीपकों से। उदा० दीप चोक पुरावाँ हेली, पिया परदेस सजाव ७८।

दीयो दे० 'द'

दीरघ सं० दीर्घ लम्बी उदा० दीरघ

णेण निरख कूं देखाँ, वण वण फिरताँ मारां १६० ।

दील—(फ़ा० दिल) हृदय । उदा० गोविंद गाढा छौजी, दील रा मित १२५ ।

दीश्याँ—दे० 'दिख्'

दीसाँ—दे० 'दिख्'

दीसे—दे० 'दिख्'

दीसै—दे० 'दिख्'

दीस्यौ—दे० 'दिख्'

दुख—(सं० दुःख) पीड़ा । उदा० जोगिया मे प्रीत कियाँ दुख होइ ५३ । ६७, ७३, ७७, ६४, ६७, १०१, १०३, ११५, ११६, १३५, १४०, १४४, १५६ । **दुखड़ा**—(दुख+ड़ा) पीड़ा । उदा० जोगिया री प्रीतड़ी है दुखड़ा रा मूल ५४ । **दुखभार**—परेशानियों का भार अथवा दुखों का समूह । उदा० अष्ट करम की तलब लगी है, दूर करो दुखभार १३५ । **दुखरासी**—दुखराशी, दुखों का ढेर । मग जोवाँ दिण बीताँ सजणी, णैंण पड्या दुखरासी ४५ । **दुखारी**—दुखी । उदा० दुगधा आरण फिरैं दुखारी, सुरत, बसी सुन माँनें हो ७३ । **दुखिया**—दुखी । उदा० दुखिया णा सुखिया करो, म्हाणे दरसण दीज्यां जी ६६ । **दुखी**—उदा० नैण दुखी दरसण कूं तरसैं, नाभिन बैठ साँसड़िया १०८ । **दुष**—जौ हूँ ऐसी जानती रे बाला, प्रीति कियाँ दुष होय ५६ । **दुष्यारा**—दुखी । उदा० मीराँ कहे प्रभु कबहि मिलौगे, थाँ विण् नैण दुष्यारा ११२ ।

दुखड़ा—दे० 'दुख'

दुखभार—दे० 'दुख'

दुखरासी—दे० 'दुख'

दुखारी—दे० 'दुख'

दुगधा—(सं० दुग्ध) दूध देने वाली । उदा० दुगधा आरण फिरैं दुखारी, सुरत, बसी सुत मानैं हो ७३ ।

दुतियन—(सं० दूतिका) दूतियाँ । अवध बदीती अजहूं न आये, दुतियन सूं नेह जोरे ६५ ।

दुनिया—(अ० दुनिया) संसार । उदा० सब जग कूड़ो कंटक दुनिया, दरध न कोई पिछाँणै हो ७३ ।

दुरजन—(सं० दुर्जन) बुरे लोग । उदा० मीराँ रो प्रभु गिरधर नागर, दुरजन जलो जा अँगीठी ३३ ।

दुष—दे० 'दुख'

दुष्यारा—दे० 'दुख'

दुसमण—(फ़ा० दुश्मन) दुश्मन, शत्रु । उदा० साजनियाँ दुसमण होय बैठया सबने लगूं कड़ी ११८ ।

दुसासण—(दुः+शासन) दुश्शासन । उदा० द्रुपद सुता णो चीर बढ़ायाँ, दुसासण मद मारण १३७ ।

दुहेली—(सं० दुर्हेल) दुखी । उदा० दरस बिन खड़ी दुहेली ८० ।

दूँगी—दे० 'द्'

दूइज—(सं० द्वितीया) दूज, एक पक्ष की दूसरी तिथि । उदा० हो गए श्याम दूइज के चंदा १८० ।

दूख्—(सं० दुःख) **दूखाँ**—दुखी हो गए । उदा० दरस विण दूखाँ म्हारा णैण १०३ । **दूखे**—दूखता है, पीड़ित होता है । उदा० हरि मंदिर जाँता पाँवलिया रे दूखे, फिरे आवे सारो गाम रे १५७ ।

दूखाँ—दे० 'दूख्'

दूखे—दे० 'दूख्'

दूजा—(सं० द्वितीय) दूसरा । उदा० म्हारी आसा चितवनि थारी ओर णा

दूजा दोर ५ । दूजो—दूसरा । उदा० मीराँ के पति रमैया, दूजो नहिं कोइ छानै हो ७३ । दूजौ—दूसरा । उदा० मीराँ रे कोइ नाहीं दूजौ, दरसण दीज्यौ आइ ११६ ।

दूजो—दे० 'दूजा'

दूजौ—दे० 'दूजा'

दूध—(सं० दुग्ध) । उदा० निरमल णीर बह्या जमणाँ माँ, भोजन दूध दही काँ १६० ।

दूर—(सं० दूर) बहुत फासले पर । उदा० साधाँ संगत हरि सुख पास्यूँ जग सूँ दूर रह्या २६ । १३५, १३६, १८७ । दूर्‌या—दूर । उदा० भगत गण प्रभु परचाँ पावाँ, जावाँ जगलाँ दूर्‌या री २४ । दूरी—फासला । उदा० मुझे दूरी क्यों म्हेली ८० । ११५ ।

दूर्‌या—दे० 'दूर'

दूरी—दे० 'दूर'

दूल्हो—(सं० दुर्लभ) दूल्हा । उदा० छप्पण कोटाँ जणाँ पधार्‌याँ दूल्हो सिरी ब्रजनाथ २७ ।

दूसराँ—(सं० द्वि + स्वत: कोई और । उदा० म्हाराँ री गिरधर गोपाल दूसराँ णाँ कूयाँ १८ ।

दूहेलो—(सं० दुर्हेल) कठिन । उदा० पाँव न चालै पंथ दुहेलो, आड़ा औघट घाट ४४ ।

दृष्टि—(सं० दृष्टि) नजर । उदा० आली साँवरो की दृष्टि, मानूं प्रेम री कटारी है १७४ ।

दे—दे० 'द्'

देख—दे० 'दिख्'

देखण—दे० 'दिख्'

देखत—दे० 'दिख्'

देखवाँ—दे० 'दिख्'

देखाँ—दे० 'दिख्'

देखि—दे० 'दिख्'

देखिये—दे० 'दिख्'

देखी—दे० 'दिख्'

देखूँ—दे० 'दिख्'

देखे—दे० 'दिख्'

देखो—दे० 'दिख्'

देख्याँ—दे० 'दिख्'

देख्यो—दे० 'दिख्'

देत—दे० 'द्'

देव—(सं० देव) देवता, विष्णु । उदा० देव काती में पूजहे, मेरे तुम होई, हो ११५ देवन—बहुत से देवता । उदा० हय को बपु धरि दैत सघार्‌यो सार्‌यो देवन को काज १३२ ।

देवन—दे० 'देव'

देष्याँ—दे० 'दिख्'

देस—(सं० देश) देश । उदा० राणो जी रूठ्याँ बाँरो देस रखासी ३५ । ६८, ७७, ७७, ९७, ११६, ११७, १५३, १५३, १९३ । देसलड़ो—देश । उदा० नहिं सुख भावै उदा० थाँरो देसलड़ो रँगरूड़ो ३२ । देसाँ—देश । थाँरे देसाँ में राणा साध नहीं छै, लोग बसै सब कूड़ो ३२ ।

देस्याँ—दे० 'द'

देस्यूँ—दे० 'द'

देह—(सं० देह) शरीर । उदा० मीरो रे प्रभु साँवरे रे, थे विण देह अदेह १०५ । अदेह—बिना शरीर के । उदा०...थे विण देह अदेह १०५ । देही (देह + ई)—शरीर का । उदा० यो देही रो गरब णा करणा माटी माँ मिल जासी १९५ ।

देही—दे० 'दहे'

देहै दे० द्'

दै—दे० 'द्'

दैण—दे० 'द्'

दैत—(सं० दैत्य) राक्षस। उदा० हय को वपु धरि दैत सधार्‍यो सार्‍यो देवन को काज १३२।

दो—दे० 'द्'

दोऊ—(सं० द्वौ ?) दोनों। उदा० म्हारो काई णा बस सजणी नैण झरत दोऊ नीर १५५। **दोय**—दोनों को। उदा० बिरह ब्याकुल अनल अंतर कल णाँ पड़ता दोय ४३। १७४।

दोय—दे० 'दोऊ'

दोर—ठौर। उदा० म्हारी आसा चितवनि थारी, ओर णा दूजा दोर ५।

दोरे—(सं० दुर्) कठिन, बुरे। उदा० मीराँ कहे प्रभु कबरे मिलोगे, दरसन बिण दिन दोरे ९५।

दौड़ीने—(सं० द्रु) दौड़कर। उदा० झगड़ो थाय त्याँ दौड़ीने जाय रे मूकी ने घर ना काम, रे १५७।

द्यो—दे० 'द्'

द्रुपता—(सं० द्रौपदी) राजा द्रुपद की कन्या द्रौपदी। उदा० पाँच पाँडु री राणी द्रुपता, हाड़ हिमालाँ गराँ १८९। **द्रुपद**—उदा० भरी सभाँ मा द्रुपद सुताँ री, राख्या लाज मुरारी १३१। १३७। **द्रोपता**—उदा० द्रोपता री लाज राख्याँ थे बढ़ायाँ चीर ६१।

द्रुपद—दे० 'द्रुपता'

द्रुम—(सं० द्रुम) पेड़। उदा० गहे द्रुम डार कदम को ठाड़ो मृदु मुसकाय म्हारी ओर हँस्यो ८।

द्रोपता—दे० 'द्रुपता'

द्वाराँ—(सं० द्वार+आँ) दरवाजे पर। उदा० मूरख जण सिंहासण राजाँ, पण्डित फिरताँ द्वाराँ १९०। **द्वारा**—दरवाजा। कित गई मोरी गउवन की बछिया, द्वारा बिच हँसती फसे १८७। **द्वारे**—दरवाजे पर। उदा० उठो लाल जी भोर भयो है, सुर नर ठाड़े द्वारे १६५।

द्वारा—दे० 'द्वाराँ'

द्वारे—दे० 'द्वाराँ'

ध

धँस्—(सं० ध्वसन्)। **धँसिके**—धँसकर। उदा० रेजा रेजा भयो करेजा, अन्दर देखो धँसिके ७। **धसे**—धँस गए। उदा० फाटी तो फूलड़ियाँ पाँव उभाणे, चलतै चरण धसे १८७।

धँसिके—दे० 'धँस्'

धँसे—दे० धँस्

धंधे—(सं० धन+धा ?) काम। उदा० पाँच पहर धंधे में बीते, तीन पहर रहे सोय १५९।

धजा—(सं० ध्वज) झंडा। उदा० धजा पताका तट तट राजाँ झाँलर री झकझोर

२०२ ।

धत्ता—(?) पक्का, कभी न उतरने वाला । उदा० यो तो रंग धत्ताँ लयो ए माय ४० ।

धन—(सं० धन) रुपया-पैसा आदि । उदा० तन मन धन गिरधर पर वाराँ चरण कँवल मीराँ विलमाणी ११ । १७, ११२ ।

धना—(सं० धन्ना) धन्ना भगत । उदा० दास धना को खेत निपजायो, गज की टेर सुनन्द १३९ ।

धमार—(अनु०) धमार एक राग । उदा० गावत चार धमार राग तँह, दै दै कल करतारी १७५ ।

धमाल—(अनु०) कलाबाजी, एक प्रकार का खेल । उदा० स्याम म्हाँसूँ ऐंडो डोले हो, औरन सूँ खेलै धमाल १८१ ।

धर्—(सं० धर्) । **धर**—रखकर । उदा० अधर मधुर धर वंशी बजावाँ, रीझ रिझावाँ व्रजनारी जी २ । **धरण**—धरने वाला । उदा० इण चरण प्रहलाद परस्याँ, इंद्र पदवी धरण १ । **धरणाँ**—रखा । उदा० ज्याँ ज्याँ चरण धरणाँ धरणी धर, त्याँ त्याँ निरत कराँ री २१ । **धरत**—(१) पकड़ते हुए । उदा० कलम धरत मेरो कर कंपत है नैन रहे झड़ लाय ७६ । (२) धरता है । उदा० आप तो जाय विदेसाँ छाये, जिवड़ो धरत ण धीर १२२ । १५५ । (३) रखते हुए । उदा० लगण लगी को पैंडो ही न्यारो, पाँव धरत तन छीजै १९१ । **धर्‌याँ**—धारण किया । उदा० नटवर प्रभु भेष धर्‌याँ रूप जग लोभाई १२ । ६१, ६८, ११० । **धर्‌यो**—रखा । **उदा०** हूँ जल भरने जात थी सजनी कलस माथे धरयो १७२ **धराँ**—ध्याण धराँ—स्मरण करती हूँ । उदा० साँवरो उभरण साँवरो सुमरण साँवरो ध्याण धराँ री २१ । ८८, १९३ । (२) **धरा—धीर**—धीरज रखना । उदा० मुरली म्हारी मण हर लीन्हो, चित्त धराँ णा धीर १९६ । **धरि** (१) संयुक्त क्रिया (मुख्य क्रिया) रख । उदा० तन मन धन करि वारणैं, हिरदे धरि लीजै, हो १६ । (२) धारण करके । उदा० हय को वपु धरि दैत सधार्‌यो सार्‌यो देवन को काज १३२ । **धरी**—पड़ी हुई । उदा० मीराँ दासी गिरधर नागर, चेरी चरण धरी री १४८ । **धरूँ**—धरूँगी । उदा० आनंद उछाव करूँ, तण मण भेंट धरूँ १२० । **धरे**—रखे हुए । उदा० कोई स्याम मनोहर ल्होरी, सिर धरे मटकिया डोलै १७८ । **धर्‌याँ**—(१) धारण किया । उदा० रतण सिंघासण आप बिराज्याँ, मुगट धर्‌याँ तुलसी काँ १९० । **धर्‌या**—धारण किया । उदा० धरती रूप नवाँ नवाँ धर्‌या इंद्र मिलण रे काज १४३ । **धार्‌याँ**—धारण किया, लगाया । उदा० मीराँ रे प्रभु गिरधर नागर, हरि चरणाँ चित्त धार्‌याँ ८३ । १ । **धारूँ**—धारण करूँ (संभावनार्थक) । उदा० मुरली कर लकुट लेऊँ पीत बसन धारूँ १९४ ।

धर—दे० 'धर्'

धरण—(१) दे० 'धर्' । (२) (सं० धरणि) पृथ्वी । उदा० जेताई दीसाँ धरण गगन माँ तेताई उठ जासी १९५ ।

धरणी धर—(सं० धरणि + धर) पृथ्वी को धरने वाले, कृष्ण । उदा० ज्याँ ज्याँ चरण धरणाँ धरणी धर, त्याँ त्याँ निरत करा री । २१ ।

धरत—दे० धर

धरती--(सं० धारत्री) पृथ्वी। उदा० धरती रूप नवाँ नवाँ धर्‌याँ इंद्र मिलण रे काज १४३।
धरम—(सं० धर्म) उदा० धर्म नेम धरम कोण कोनी मुरलिया, कोण तिहारे पासु, री १६७।
धरयाँ—दे० 'धर्'
धरयो—दे० 'धर्'
धराँ—दे० 'धर्'
धरि—दे० 'धर्'
धरी—दे० 'धर्'
धरूँ—दे० 'धर्'
धरे—दे० 'धर्'
धरयाँ—दे० 'धर्'
धरया—दे० 'धर्'
धसे—दे० 'धँस्'
धा—(सं० 'धाव') **धाईया**—दौड़ा। उदा० गरुण छाँड़ पग धाइयाँ पसुजूण पटाणी जी १४०। **धाई**—(१) दौड़ी। उदा० मीणा तज सरवर ज्यों मकर मिलन धाई १२। (२) दौड़कर। उदा० नैणज देखूँ नाथ नैं धाई करूँ आदेस ११६। **धाय**—दौड़कर। उदा० साजाँ सिंगार सुहाणाँ सजणी, प्रीतम मिल्याँ धाय २०१। **धावाँ**—भागे। उदा० गज बूडताँ अरज सुण धावाँ, भगताँ कष्ट निवारण १३७।
धाइयाँ—दे० 'धा'
धाई—दे० 'धा'
धान—(सं० धान्य) अन्न। उदा० जाइ प्रीतम जी सूँ यूँ कहै रे, थाँरी विरहणि धान न खाई ८४।
धाम—(सं० धाम) घर। उदा० धाम ण भावाँ नींद णा आँवाँ, विरह सतावाँ मोय १०२।
धाय दे० 'धा'
धार—(स० धार्) (१) धारा अथवा प्रवाह उदा० याँ संसार सब बह्यो जात है, लख चौरासी री धार १३५। (२) किनारा। उदा० भो समुंद अपार देखाँ अगम ओखी धार १९६। **धाराँ**—धारा। उदा० थे देख्याँ बिण कल णा पड़ताँ, णैणाँ चलताँ धाराँ ९३। ९३, १६०। **धारा**—उदा० चरण पखार्‌याँ रतणाकर री धाराँ गोमत जोर २०२।
धारयाँ—दे० 'धर्'
धाराँ—दे० 'धार'
धारा—दे० 'धार'
धारूँ—दे० 'धर्'
धावाँ—दे० 'धा'
धीर—(सं० धैर्य) ढाढस, धैर्य, धीरज। उदा० व्याकुल प्राण धर्‌या णा धीर ण वेग हर्‌याँ म्हा पीराँ ११०।
धुन—(सं० ध्वनि) ध्वनि। ढूँढ़ताँ बण स्याम डोला, मुरलिया धुन पाय ९०। १०५, १६६।
धूतारा—(सं० धूर्त) धूर्त। उदा० धूतारा जोगी एकरसूँ हँसि बोलि ५८।
धेण—(सं० धेनु) गाय। उदा० बिन्द्रावन माँ धेण चरावाँ, मोहन मुरली वालो १५४। **धेनु**—गाय। उदा० जमणा किणारे कान्हा धेनु चरावाँ वंशी बजावाँ मीठाँ वाणी ११।
धेनु—दे० 'धेण'
धोय—(सं० धाव् प्रा० धोअ) धोकर। उदा० न्हाय धोय जब देखण लागी, सालिगराम गई पाय ४१। ४१, १५८।
ध्याण—(सं० ध्यान) ध्यान। उदा० साँवरों उमरण साँवरो सुमरण, साँवरो ध्याण धराँ री २१। **ध्यान**—(१) स्मरण उदा० गिरधर ध्यान धराँ

निस बासर, मण मोहण म्हारे बसी ८८। १२४। (२) स्मरण। उदा० आसण माँडि गुफा में बैठो, ध्यान हरी को लगायो १८८। ध्यावै—ध्यान लगाते हैं। उदा० जोगियो चतुर सुजाण सजणी ध्यावै संकर सेस ११७।

ध्रुव—(सं० ध्रुव) उत्तानपाद के पुत्र। उदा० इण चरण ध्रुव अटल करस्याँ, सरण असरण सरण १।

न

नंद—दे० 'णंद'

नंदकिसोर—दे० 'णंद'

नंदकुमार—दे० 'णंद'

नद नंदन—दे० 'णंद'

नंदलाल—दे० 'णंद'

न—दे० 'ण'

न्—(सं० नय्)। नई—ले गए। उदा० कठिन क्रूर अक्रूर आयो, साजि रथ कहँ नई १८२।

नई—'दे० न्'

नखसिख—(सं० नख + शिख) नाखून से शरीर तक। उदा० रूँम रूँम नखसिख लख्याँ, ललक ललक अकुलाय १३। १५१। नखसिखाँ—नख से शिख तक। उदा० इण चरण ब्रह्माण्ड भेट्याँ नख-सिखाँ सिरी भरण १।

नगर—(सं० नगर) शहर। उदा० नगर आइ जोगी रम गया रे, मो मन प्रीति न पाइ ४४। ५६, ११६। नगरी—(नगर + ई) नगर। उदा० राजा रूठयाँ नगरी त्यागाँ, हरि रूठ्याँ कहँ जाणो ३९ नग्र शहर उदा० तेरे कारण जोगण हूँगी हूँगी नग्र बिच फेरी ६४।

नागर—नगर में रहने वाला, चतुर। उदा० मीराँ रे प्रभु गिरधर नागर, दर-सण दीज्यो दासी ६। ८, १०, १३, १५, १६, २०, २१, २३, २४, ३०, ३१, ३२, ३३, ३४, ३६, ३७, ४०, ४२, ४६, ४८, ४९, ५०, ५२, ५५, ६०, ७६, ८३, ८६, १०५, १०६, १०७, १०९, ११०, ११६, १२१, १२२, १२७, १२८, १२९, १३१, १३५, १४१, १४२, १४३, १४५, १४६, १४७, १४८, १५२, १५३, १५४, १५७, १६०, १६१, १६२, १६४, १६५, १६६, १६८, १६९, १७०, १७२, १७३, १७५, १७६, १७७, १७८, १८०, १८९, १९०, १९१, १९५, १९७, १९८, १९९, २००।

नगरी—दे० 'नगर'

नग्र—दे० 'नगर'।

नट—(१) (सं० नट) नाचने वाला (कृष्ण) उदा० मीराँ सिरि गिरधर नट नागर भगति रसीली जाँची ११ नट की

नाचने वाले की (कृष्ण की)। उदा० बिसर्‌याँ णा लगण लगाँ मोर मुगट नटको ९। **नट के**—नाचने वाले के (कृष्ण के) उदा० मीराँ प्रभु रे प्रभु रूप लुभाणी, गिरधर नागर नटके १०। **नटवर**—नाचने वालों में श्रेष्ठ। उदा० नटवर प्रभु भेष धर्‌याँ रूप जग लोभाई १२।

नट्—(२) (सं० नट्)। **नटया**—इंकार किया। उदा० कणक कटोराँ इम्रत भर्‌याँ, पीवताँ कूण नट्‌या री २००।

नटवर—दे० 'नट (१)'

नटया—दे० 'नट् (२)'

नथनी—(सं० नाथ्) नाक मे पहनने का आभूषण, बुलाक। उदा० मोर मुकुट मनोहर सोहै नथनी की छवि न्यारी१७१।

नयी—दे० 'ण'

नदयाँ—दे० 'नदिया'

नदियाँ—(सं० नद्य) नदी। **नदयाँ**—नदियाँ (बहु वचन) उदा० नदयाँ निरमल धाराँ मभुंद कर्‌याँ जल खाराँ १६०। **नदिया**—उदा० भादवै नदिया वहै, दूरी जिन मेलै, हो, ११५।

नर—(सं० नर) मनुष्य। उदा० मीराँ रे प्रभु गिरधर नागर, भजण विणा नर फीकाँ १६०। १६५।

नरक—(सं० नरक) नर्क। उदा० निन्दा करसे नरक कुंड माँ, जासे थासे आँधला अपंग रे ३०।

नरहरि—(सं० नरहरि) नृसिंह। उदा० भगत कारण रूप नरहरि धर्‌याँ आप सरीर ६१।

नरेस—(सं० नरेश) स्वामी, राजा। उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, सुणज्यो बिड़द नरेस १६३।

नव दे० 'णावाँ'

नवल—दे० 'णावाँ'

नवाँ—दे० 'णावाँ'

नस—(सं० नष्ट)। **नसाँ**—चला गया नष्ट हो गया। उदा० ग्याण नसाँ जग बावरा ज्याकूँ नीर णा पीवाँ २८। **नसाणी**—नष्ट हो गई। उदा० सखी म्हारी नींद नसाणी हो ८७।

नसाँ—दे० 'नस'

नसाणी—दे० 'नस्'

नहिं—दे० 'ण'

नहीं—दे० 'ण'

नाँव—दे० 'णाम'

नाँचत—दे० 'णाच'

ना—(१) दे० 'ण'। (२) (सं० नाम्) संबंधकारकीय चिन्ह बिछियाँ घूँघरा रामनारायण ना अणवट अंतरजामी रे १४१। **नी**—(सं० नाम् = ना + ई) की। उदा० प्रेम नी प्रेम नी रे, मने लागी कटारी प्रेम नी १५३। एक स्थान पर 'नी' का अर्थ से भी हो सकता है—चाँच मढाऊँ थारी सोवनी रे, तू मेरे सिरताज ८४। **नो**—का। उदा० साकट जन नो संग न करिये, पड़े भजन में भंग रे ३०। १४१। **नाग**—(सं० नाग) सर्प। उदा० काला नाग पिटार्‌याँ भेज्या, सालगराम पिछाणा ३९। ८१, १६८। **नागण**—नागिन (स्त्रीलिंग)। उदा० बिरह नागण मोरी काया डसी है, लहर लहर जिव जावँ ७४।

नागर—दे० 'नगर'

नाचत—दे० 'णाच्'

नाची—दे० 'णाच्'

नाच्या—दे० 'णाच्'

नाजिर—(अ० नाजिर)। **हाजिर नाजिर**—आँखों के सम्मुख उदा० मैं हाजिर

नाजिर कब की खड़ी ११८ ।

नातिर—दे० 'ण'

नाथ—(सं० नाथ) स्वामी। उदा० नैणज देखूँ नाथ नै धाई करूँ आदेस ११६। १७६।

नाथ्याँ—(सं० नाथ्) नाथ दिया, बाँध दिया। उदा० इण चरण कालियाँ नाथ्याँ गोपीलीला करण १। १६, १७६।

नाद—(१) (सं० नाद) आवाज। उदा० लगण लगाई जैसे मिरघे नाद से, सनमुख होय सिर दीजै १९१।

नाद—(२) एक प्रकार का बाजा। उदा० सेली नाद बभूत न बटवो, अजूं मुनी मुख खोल ५८।

नाभिन—(सं० नाभि + देशज प्रत्यय न) नाभी में। उदा० नैण दुखी दरसण कूँ तरसै, नांभिन बैठ साँसड़िया १०८।

नाम—दे० 'णाम'

नामदेव—(सं० नामदेव) भक्त नामदेव (प्रसिद्ध कृष्ण भक्त)। उदा० दास कबीर घर बालद जो लाया, नामदेव की छान छवन्द १३९।

नारि—(सं० नारी) स्त्री। उदा० गोकुल की नारि देखत, आनंद, सुखरासी १६३। **नारी**—स्त्री। उदा० म्हारि आँगण स्याम पधारो, मंगल गावाँ नारी ५१।

नारी—दे० 'नारि'

नाव—(सं० नौका) नौका। उदा० आदि अंत निज नाँव तेरो हीया में फेरी ६३। ६४, ११८, १७९।

नाह—दे० 'ण'

नाहि—दे० 'ण'

नाहिन—दे० 'ण'

नाहीं—दे० 'ण'

निंदा सं० निंदा बुराई उदा० निंदा करसे नरक कुंड माँ, जासे थासे आँधला अपंग रे ३०। **निंदो**—बुराई। उदा० कोई निंदो कोई विंदो म्हे तो, गुण गोविंद का गास्याँ २५। ३३। **निंद्या**—निंदा। उदा० साधाँ जण री निंद्या ठाणाँ, करम रा कुगत कुमाँवाँ १५६।

निंदो—दे० 'निंदा'

निंद्या—दे० 'निंदा'

निकटि—(सं० निकट) पास, नजदीक। उदा० बिपत पड्याँ कोइ निकटि ण आवै, सुख में सबको सीर १९२।

निकर—(सं० निकर्) संयुक्त क्रिया (मुख्य क्रिया) निकल। उदा० री म्हारा पार निकर गयाँ, सावरे मार्‌या तीर १५५। **निकल्याँ आय**—आ निकला। उदा० म्हाँ ठाढ़ी घर आपणी, मोहन निकल्याँ आय १३। **निकसत**—निकलता है। उदा० जैसे कंचन दहत अगिन में निकसत बारावाणी ३८। **निकसि**—संयुक्त क्रिया (मुख्य क्रिया) निकल। उदा० पंड माँसूं प्राण पापी, निकसि क्यूँ णा जात ६६। **निकस्या**—संयुक्त क्रिया (मुख्य क्रिया) निकला। उदा० मेरा प्राण निकस्या जात, हरि बिन ना सरै माई ८९।

निगुणी—(सं० नि + गुण + ई) गुण रहित। उदा० मैं निगुणी गुण एको नाही, तुम हो बगसणहारा ११२।

निज—(सं० निज) अपना। उदा० आदि अंत निज नाँव तेरो, हीया में फेरी ६३।

नित—(सं० नित्य) प्रतिदिन। उदा० चरणाश्रित रो नेम सकारे, नित उठ दरसण जाम्याँ ३१। ६७, ८८, ९४, १०८ १५४

निदरा—(सं० निद्रा) नींद । उदा० भूख गयाँ निदरा गयाँ पापी जीव णा जावाँ जी ९६ । १०१, १०७, ११८ ।

निधाण—(सं० निधान) खजाना । उदा० दे० 'करणा निधाण' ।

निपज्—(सं० निष्पद्) **निपजै**—पैदा होती है, उपजती है । उदा० कालर अपणो ही भलो हे, जामें निपजै चीज ५२ । **निप-जायो**—पैदा किया । उदा० दास धना को खेत निपजायो, गज की टेर सुनंद १३९ ।

निपजै—दे० 'निपज'

निपजायो—दे० 'निपज'

निपट—(हिं+नि+पर) बिल्कुल । उदा० निपट बंकट छब अँटके १० । १०, ५७ ।

निभ्—(सं० निभ) । **निभावण**—निभाना उदा० प्रीत निभावण दल के षंभण, ते कोई बिरला सूर ५९ । **निभैगी**—निभ जाएगा । मैं जाणूं या पार निभैगी, छाँड़ि चले अँधबीच ५७ ।

निभावण—दे० 'निभ्'

निभैगी—दे० 'निभ्'

निरख—दे० 'णिराव'

निरखण—दे० 'णिरख्'

निरखाँ—दे० 'णिरख्'

निरख्याँ—दे० 'णिरख्

निरत—(सं० नृत्य) नाच । उदा० ज्याँ चरण धर्‌याँ धरणी धर, त्याँ त्याँ निरत कराँ री ०१ । ३१ । **निरता**—नृत्य । उदा० सील घूँघराँ बाँध तोस निरता कराँ १६३ ।

निरत—नृत्य । उदा० कालिंदी दह नाग नाथ्याँ, काल फण फण निर्त करंत १६८ ।

निरता—दे० 'निरत'

निरभै—(सं० निर्+भय) भय रहित । उदा० निहभै निसाण घुरास्याँ, हो भाई ३५ ।

निरमल—(सं० निर्+मल) मलरहित, स्वच्छ । उदा० साँची पियाजी री गूदडी, जामे निरमल रहै सरीर २६ । १६०, १६१, १९० ।

निर्झर—(सं० निर्झर) झरना । उदा०—हरी निर्झर अमृत झर्‌या, महारी प्यास बुझावाँ २८ ।

निर्त—दे० 'निरत'

निवाँण—(?) बागीचा । उदा० देखि विराणे निवाँण कूँ है, क्यूँ उपजावै खीज २६ ।

निवार्—(सं० नि:+वार) **निवार**—दूर करो (आज्ञा) । उदा० मीराँ दासी राम भरोसे, जग का फंदा निवार १३३ । १३५, १३५ । **निवारण**—छुट-कारा—दिलाने वाले । उदा० जग तारण भोभीत निवारण, थें राख्याँ गजराज ४८ । १३७ । **निवारि**—छोड़कर । उदा० आवो सहेल्या रली कराँ हे, पर घर गवण निवारि २६ । **निवारो**—दूर करो । उदा० मीराँ के प्रभु हरि अबिनासी, परो निवारो नी सोच १८३ ।

निवारु—दे० 'निवार्'

निवारण—दे० 'निवार'

निवारि—दे० 'निवार्'

निवारो—दे० 'निवार्'

निश—(सं. निशा) रात । उदा० णेणा म्हारा कह्याँ णा माणा, णीर झर्‌याँ निश जावाँ री १२१ । **निसदिन**—प्रतिदिन । उदा० जोगिया जी निसदिन जोऊँ बाट ४४ । १९, ६६, ७१, ७८, ९१, ९७ ।

निसबासर रात दिन । उदा० गिरधर

ध्यानधरां निसवासर, मण मोहण म्हारे बसी ८८।

निसदिन—दे० 'निश'

निसबासर—दे० 'निश'

निसाण—(फा० निशान) नगाड़ा। उदा० निरभै निसाण घुरास्याँ, हो माई ३५।

निहाल—(फ़ा० निहाल) प्रसन्न। उदा० मीराँ दासी सरणा ज्याणी, कीज्याँ वेग निहाल ४७।

निहारत—दे० 'णिहार्'

निहाराँ—दे० 'णिहार'

निहारूँ—दे० 'णिहार्'

निहार्याँ—दे० 'णिहार्'

नींद—दे० 'णींद'

नींदड़ी—दे० 'णींद'

नी—दे० 'ना २'

(१) 'उदा मीराँ के प्रभु हरि अविनासी, परो निवारोनो सोच १८३।

नीकाँ—(सं० व्यक्त = नीक + आँ) अच्छा। उदा० आली म्हाणे लागाँ वृन्दावण नीकाँ १६०। **नीको**—(नीक + ओ) अच्छा। उदा० हौं तो वाको नीको जाणो, कुंज को विहारी हैं १७४। **नीकौ**—(नीक + औ) अच्छा। उदा० वाको रस नीको लगै रे, वाकी लागै सूल ५६।

नीको—दे० 'नीकाँ'

नीकौ—दे० नीकाँ''

नीच—(सं० नीच) बुरा। उदा० अजामील अपराधी तार्याँ तार्याँ नीच सदाण १३४। **ऊँच नीच**—बड़ा छोटा। उदा० ऊँच नीच जाने नहीं, रस की रसीलणी १८६। **नीचे**—छोटे। उदा० नीचे कुल आछी जात, अति ही कुचीलणी १८६।

नींचित (सं० नि + चित) निश्चित। उदा० मेरे मण की तुमही जानो मेरे ही जीव नींचित १२५।

नीचे—दे० 'नीच'

नीति—(सं० नीति) व्यवहार की नीति। उदा० परम सनेही राम की नीति ओलूँरी आवैं ६७।

नीर—दे० 'णीर'

नीरज—(सं० नीर + ज) कमल। उदा० नैण नीरज में अब बहे रे (बाला), गंगा वहि जाती १८५।

नीराँत—(?) भरोसा! उदा० मुज अबला ने मोटी नीराँत थई रे १४१।

नीरा—दे० 'णीरा'

नुँ—(सं० आनाम्) का। उदा० पेटी घड़ावुँ पुरुषोत्तम केरी भीकम नाम नु तालुं रे १४१।

ने—(१) (सं० नाम्) निरर्थक। उदा० अड़सट संतों ने चरणे कोटि कासी ने कोटि गंग रे ३०। (इस छंद में 'ने' का अर्थ और भी माना जा सकता है।

ने—(२) (?) कर्त्ता कारक का चिन्ह। उदा० सूल सेज राणा ने भेजी, दीज्यो मीराँ सुलाय ४१। १८७

ने—(३) (सं० कर्णे) कर्म कारक का चिन्ह। उदा० राणा जी म्हाने या बदनामी लगे मीठी ३३। १४०, १४१, १७३ (मने-मुझको)।

ने—(४) (?) से, अपादान कारक का चिन्ह। उदा० जोगिया ने कहज्यो जी आदेस ११७।

ने—(५) (सं०—आनाम्) संबंध कारक का चिन्ह। उदा० अड़सठ तीरथ संतों नेचरणो कोटि कासी ने कोटि गंग रे ३०। १४१।

ने—(६) (सं० न) बलात्मक। उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर दरसन दो ने बलबीर १२२

नेक— दे० 'णेक'

नेण—दे० 'णेण'

नेम—(सं० नियम) नियम से, रीति से। उदा० चरणाश्रित रो नेम सकारे, नित उठ दरसण जास्या ३१ । १६७ ।

नेरा—(सं० निकट) नजदीक । उदा० चरण कँवल गिरधर सुख देस्याँ राख्या नैणाँ नेरा ११० । **नेरी**—निकट नजदीक उदा० विरहणि पिव की बाट जोवै, मैं सरण हूँ तेरी ६३ ।

नेरी—दे० 'नेरा'

नेवछावराँ—(सं० न्यौछावर) न्यौछावर । उदा० रतन करा नेवछावराँ, ले आरत साजाँ, हो १५० ।

नेवाज—(फा० नवाज) कृपालु । उदा० जुग जुग भीर हराँ भगताँ री, दीश्याँ मोच्छ नेवाज ६२ ।

नेह—(सं० स्नेह) प्रीति, प्यार । उदा० रमईया मेरे तोही सूँ लागी नेह ५६ । ५६, ६४, ६५, १०५ । **नेहड़ा**—(नेह + देशज प्रत्यय ड़ा) प्रीति । उदा० प्रभु जी थें कहाँ गया नेहड़ा लगाय ६४ । **नेहरो**—प्रीति । उदा० हरि सागर सूँ नेहरो, नैणाँ बाँध्या सनेह, हो १५० ।

नेहड़ा—दे० 'नेह'

नेहरो—दे० 'नेह'

नै—(सं० कर्णे) कर्म कारक का चिन्ह । उदा० नैणज देखूं नाथ नै धाई करूँ आदेस ११६ ।

नैण—दे० 'णेणा'

नैणज—दे० 'णेण'

नैन—दे० 'णेण'

नैणाँ—दे० 'णेण'

नैण—दे० 'णेण'

नो—दे० 'ना'

नौसर—(सं० नौ + हिं० सर) नौ लखा, नौ लड़ी वाला । **नौसर हार**—नौ लखा हार । उदा० हँस हँस मीराँ कंठ लगायो, यो तो म्हारे नौसर हार ४० ।

न्याती—(१) (सं० ज्ञाति) नाता, रिश्ता । उदा० भो सागर जग बंधण, झूठाँ झूठाँ कुलरा न्याती १०६ ।

न्यारी—(सं० निराकृत = न्यारा का स्त्रीलिंग रूप) अनोखी । उदा० मोर मुगट पीतांबर शोभा, कुंडल री छब न्यारी १३१ । १७१, १७१ । **न्यारो**—न्यारा । उदा० प्रेम भगति को पैंड़ो ही न्यारो हमको गैल बता जा ४६ । १७५, १९१ ।

न्हा—(सं० स्नान) **न्हाय**—नहाकर । उदा० न्हाय धोय जब देखण लागी, सालिगराम गई पाय ४१ । ४१ ।

न्हाय—दे० 'न्हा'

न्हाल्—(सं० निभाल्) । **न्हालो**—निहारो उदा० पोस मही पाला घणा, अबही तुम न्हालो, हो ११५ ।

न्हालो—दे० 'न्हाल्'

प

पंख—(सं० पंख) पक्षी का पर । उदा० । काँई करयाँ कछू णा बस म्हारी-

णा म्हारे पंख उड़ावाँ री १२१।

पँच—(सं० पच) पाँच। **पँचरँग**—पाँच रंगों (तत्वों) से बना। उदा० पँचरँग चोला पहर्‌या सखी म्हाँ, झिरमिट खेलण जाती २३।

पंचमी—(सं० पंचमी) शुक्ल या कृष्ण पक्ष की पाँचवीं तिथी। **बसंत पंचमी**—वसंत ऋतु की पंचमी जो एक त्यौहार के रूप में धूम-धाम से मनाया जाता है। उदा० महा महीं वसंत पंचमी, फागा सब गावै हो ११५।

पंछी—(सं० पक्षी) पक्षी। उदा० जेठ महीने जल बिणा पंछी दुख होई, हो ११५। १८४।

पंड—(सं० पिंड) शरीर। उदा० पंड माँसूं प्राण पापी, निकसि क्यूं णा जात ६६।

पंडर—सफेद, पीली। उदा० मीराँ दासी भई हैं पंडर पलट्या काला केस ६७।

पंडित—(सं० पंडित) धार्मिक अनुष्ठान करने वाला व्यक्ति अथवा ब्राह्मण। उदा० मूरख जण सिंघासण राजाँ, पंडित फिरताँ द्वाराँ १९०।

पंथ—(सं० पथ) रास्ता। उदा० कब री ठाडी पंथ निहाराँ, अपने भवण खडी १४। ४४, ८७, ९१, ९५, १०२, १०६, १११, १२३, १२५।

पखार्‌याँ—(सं० प्रक्षालन) पखारा, धोया, उदा० चरण पखार्‌याँ रतणाकर री धारा गोमत जोर २०२।

पखावज—(सं० पक्ष + वाद्य) एक प्रकार का बाजा। उदा० ताल पखावज मिरदंग बाजा, साधाँ आगे णाच्याँ ३७।

पग—(सं० पग) पैर। उदा० साज सिंगार बांध पग घुंघर लोकलाज तज नाची १९। ३६, १४०।

पगट्—(सं० प्रगट) प्रगट्याँ—प्रगट हुए। उदा० णद जसोदा पुत्र री प्रगट्याँ प्रभु अविनासी ६।

पटंबरा—(सं० पाट + अंबर + आ) एक प्रकार का रेशमी वस्त्र। उदा० झूठा पाट पटंबरा रे, झूठा दिखणी चीर २६।

पटकी—(सं० पतन + कारण) पटक दी गिरा दी। उदा० लपट झपट गोरी गागर पटकी, साँवरे सलोने लोने गात १७९।

पटा—(सं० पाट) घूँघट। उदा० पटा णा खोल्या मुखाँ णा बोल्या, साँझ भयाँ परभात ६६।

पटा—(सं० पट) पटाणी—मुक्त हो गई। उदा० गरूण छाँड़ पग धाइयाँ पसुजूण पटाणी जी १४०। **पट्‌या**—( ) मिल गए, एकाकार हो गए। उदा० मीराँ रे प्रभु हरि अविनासी, तण मण स्याम पट्‌या री २००।

पटाणी—दे० 'पटा'

पट्‌या—दे० 'पटा'

पठाई—(सं० प्रस्थान) भेजी। उदा० कहा भावज ने भेंट पठाई, तंदुल तीन पसे १८७।

पड्—(सं० पत)। **पड्याँ**—पड़ने पर। उदा० विपत पड्याँ कोइ निकटि न आवै, सुख में सबको सीर १९२। १९५। **पड्यो**—पड़ गया। उदा० म्हारे गेल पड्यो गिरधारी, हे माय आज अनारी १६९।

पड़ाँ—पड़ा। उदा० तलफ तलफ ज्वाल पड़ाँ बिरहानल लागी ९१। **पड़त**—संयुक्त काल (मुख्य क्रिया) पड़ता। उदा० तुम देख्याँ बिण कल न पड़त है, ग्रिह

अँगणे ण सुहाय ६८। १०८, ११३, १२३ । **पड़ताँ**—(१) मूल काल । उदा० थाँ देख्याँ विण कल ण पड़ताँ, जाणे म्हारी छाती १०६ । ९३ । **पड़ता**—पडती है । उदा० विरह व्याकुल अनल अतर कलणाँ पड़ता दोय ४३ । **पड़ाँ**—पडता । उदा० बिन देख्याँ कल ना पड़ाँ मन रोस णा ठानी हो ८७ । **पड़ी**—पड़ गई । उदा० आली री म्हारे णैणाँ बाण पड़ी १४ । ७२, १०८, ११७, ११८, १८५ । **पड़े**—पड़ता है । उदा० साकट जननो संग न करिये, पड़े भजन में भंग रे ३० । **पड़ै**—पडती है । उदा० रैण पड़ै तबही उठि जाऊँ, भोर गये उठि आऊँ २० । ११५ । **पड़्याँ**—(१) पड़ गई है । उदा० घरि णा आवाँ गेउ लखावाँ, बाण पड़्या ललचावाँ री १२१ । (२) संयुक्त क्रिया (सहायक क्रिया) पड़ा । उदा० साँवरो नंद नँदन, दीठ पड़्याँ माई १२ । **परत**—संयुक्तकाल (मुख्य क्रिया) पड़ता । उदा० रात दिवस कल नाहि परत है, तुम मिलियाँ बिनि मोइ ५३ । १००, १२६, १३०, १७४ । **परताँ**—पडता । उदा० कल णा परताँ पल हरि सग जोवाँ छमासी रैण १०३ । **परति**—संयुक्त काल (मुख्य क्रिया) पडता । उदा० देखे विन कलि न परति है—४९ । **पराँ**—पड़ गया । उदा० जाग कियाँ बलि लेण इंद्रासण जाँया पाताल पराँ १८९ । **परी**—पड़ी । उदा० पात ज्यूँ पीरी परी, अरु विपत तन छाई ८९ । २५, ८९, १२४, १३३, **परूँ**—पड़ती हूँ । उदा० जोगी मत जा मत जा मत जा, पाँइ परूँ मैं तेरी चेरी हौं ४६ । **परो** पढ गया उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, अब तो णेह परो कछु मंदा १८० ।

पड़्याँ—दे० 'पड़्'

पड़्यों—दे० 'पड़्'

पड़त—दे० 'पड़्'

पड़ताँ—दे० 'पड़्'

पड़ता—दे० 'पड़्'

पड़ाँ—दे० 'पड़्'

पड़ी—दे० 'पड़्'

पड़े—दे० 'पड़्'

पड़ै—दे० 'पड़्'

पड़ोसण—(सं० प्रतिवेश = पड़ोस + अण) पड़ोस में रहने वाली स्त्री । उदा० सुणियो मेरी पगड़ पड़ोसण, गेले चलत लागी चोट १८३ ।

पड़्याँ—ते० 'पड'

पढ़्— (सं० पठ) । **पढ़ावताँ**—पढ़ाते हुए । उदा० गणका चीर पढ़ावताँ, बैकुंठ बसाणी जी १४० । **पढ़ी**—भूतकाल । उदा० ऐसी कहा वेद पढ़ी, छिण में विमाण चढ़ी १८६ ।

पढ़ावताँ—दे० 'पढ़्'

पढ़ी—दे० 'पढ़्'

पतंग—(सं० पतंग) पतंगा । उदा० दीपक जाण्या पीर णा पतंग जल्या जल खेह १०५ । १७४, १९१ ।

पतणी—(सं० पत्नी) पत्नी । उदा० थे रिख पतणी किरपा पायाँ, विप्र सुदामाँ विपत विडारण १३७ ।

पताका—(सं० पताका) झण्डा । उदा० धजा पताका तट तट राजाँ झाँलर री झकझोर २०२ ।

पति—(सं० पति) स्वामी । उदा० मीराँ के पति रमैया, दूजो नाहि कोइ छानै हो ७३ **भवण पति** तीनों लोको के स्वामी

उदा० भवण पति थे घरि आज्यो जी ९६ ।

पतित—(सं० पत्) गिरे हुए । उदा० असरण सरण कह्याँ गिरधारी, पतित उधारत पाज ६२ । **पतियाँ**—दे० 'पाती'

पतियावै—(सं० प्रत्यय, प्रा० पत्तिआव) विश्वास करता है । उदा० का कहूँ कुण माणै मेरी, कह्याँ न को पतियावै हो ९२ ।

पतीज्याँ—(प्रा० पत्तिआव) विश्वास किया । उदा० लोक णा सीझ्याँ, मण ण पतीज्याँ, मुखड़ा सबद सुणाज्यो जी १८६ ।

पत्थर—(सं० प्रस्तर) पत्थर । उदा० पत्थर की तो अहिल्या तारी, वण के बीच पडी ११८ ।

पदवी—(सं० पद + वी) उपाधि । उदा० इण चरण प्रहलाद परस्याँ, इंद्र पदवी धरण १ ।

पधार्—(सं० पग + धार) । **पधाराँ**—आए । उदा० हरि पधारयाँ आगणाँ गया मैं अभागण सोय ४३ । **पधारैं**—पधारते हैं । उदा० जिण मारग म्हाँरा साध पधारें, उण मारग म्हे जास्याँ २५ । **पधारो**—आओ । उदा० म्हाँरे आँगण स्याम पधारो, मंगल गावाँ नारी ५१ ।

पधारयाँ—आए । उदा० छप्पण कोटाँ जणाँ पधार्याँ दूल्हो सिरी व्रजनाथ २७ ।

पधार्या—पधारे । उदा० मीराँ रे सुखसागर स्वामी, भवण पधार्या स्याम १४४ ।

पधाराँ—दे० 'पधार

पधारैं—दे० 'पधार'

पधारो—दे० 'पधार्'

पधार्याँ—दे० पधार

पधार्या—दे० 'पधार्'

पनंग—(सं० पन्नग) सर्प । उदा० प्रीतम पनंग डस्यो कर मेरो, लहरि लहरि जिव जावै हो ९२ ।

पपइया—(अनु०) पपीहा । उदा० दादर मोर पपइया बोलै, कोयल सबद सुणावे रे ८१ । ८३, ८४, १४२, १४३, १४७ ।

पर—(१) (सं० उपरि) अधिकरण कारक का चिन्ह । उदा० सब संतन पर तन मन वारों, चरणा कँवल लपटाणी ३८ । ११, ९३, १६३, १७१ **परि**· पर । **मो परि**—मुझ पर । उदा० करि करिणा प्रतिपाल, मो परि, राखो ण आगण देस ११७ । **पर** (२) (सं० उपरि) ऊपर । उदा० कहा बोझ मीराँ में कहिये, सौ पर एक घड़ी ११८ ।

पर—(३) (सं० पर) दूसरे । उदा० आवो सहेल्या रली कराँ हे, पर घर गवण निवारि २६ ।

परगासताँ—(सं० प्रकाश्) प्रकाशित हुआ । उदा० वदन चंद परगासताँ, बोल्या बोल बलाय १३ ।

परचा—(सं० परिचय) परिचय । उदा० भगत गणा प्रभु परचाँ पावाँ, जावाँ जगताँ दूर्या री २४ ।

परण—(१) (सं० परिणायन) विवाह । सुपणा माँ म्हारे परण गया पायाँ अचल सोहाग २७ । **परण्याँ**—विवाह किया । उदा० माई म्हाणो सुपणा माँ परण्याँ दीनानाथ २७ ।

परण—(२) (सं० प्रण) प्रतिज्ञा । उदा० सब भगताँ रा कारज साधाँ, म्हारा परण निभाज्यो जी ११९ ।

परण्याँ दे० परण १

परत—दे० 'पड़'

परतग्या—(सं० प्रतिज्ञा) प्रतिज्ञा, वचन। उदा० प्रहलाद परतग्या राख्याँ हरणाकुस णो उद्र विदारण १३७।

परताँ—दे० 'पड़'

परति—दे० 'पड़'

परतीत—(सं० प्रतीत), प्रतीत विश्वास। उदा० सरणागत थें वर दिया, परतीत पिछाणी जी १४०।

परदा—(फा० परदा) पर्दा, छिपाव। उदा० अपणे घर का परदा कर ले, मैं अबला बौराणी ३८।

परदेस—(सं० पर+देश) दूसरे देश में, परदेश। उदा० दीप चोक पुरावाँ हेली, पिया परदेस सजावाँ ७८। २३, ६८, ११७। **परदेसाँ**—दूसरे देश मे। उदा० म्हारा पिया परदेसाँ बसताँ, भीज्याँ बार खरी ८२।

परभात—(सं० प्रभात) सुबह। उदा० पटा णा खोल्या मुखाँ णा बोल्या, साँझ भयाँ परभात ६६। ७५।

परम—(सं० परम्) बहुत। उदा० दीखा णाँ कोई परम सनेही, म्हारे सँदेसा लावाँ ७८। ६७। **परमदयाला**—बहुत दयालु। उदा० तुम सरणागत परम दयाला, भव जल, तार मुरारी ११३।

परमदयाला—दे० 'परम'

परमपद—(सं० परम+पद) परमात्मा का पद, मोक्ष। उदा० मीराँ रे प्रभु थारी सरणाँ, जीव परमपद पावाँ १५६।

परस्—(सं० स्पर्श) **परस**—स्पर्श करो। उदा० मण थे परस हरि रे चरण १। **परस्याँ**—स्पर्श किया। उदा० इण चरण प्रहलाद परस्याँ, इंद्र पदवी धरण १।

परस दे० परस

परसण—(सं० प्रसन्न) प्रसन्न। उदा० करमा बाई को खीच आरोग्यो, होइ परसण पावंद १३९।

परस्याँ—दे० 'परस्'

परहथ—(सं० पर+हस्त) दूसरे के हाथ में। उदा० णेणाँ चंचल, अटक णा माण्या, परहथ गयाँ विकाय १३।

पराँ—दे० 'पड़'

परि—दे० 'पर १'

परी—दे० 'पड़्'

परूँ—दे० 'पड़्'

परो—(१) दे० 'पड़्'। (२) (सं० पर) दूर। उदा० मीराँ के प्रभु हरि अविनासी परो निवारो नी सोच १८२।

पल—(सं० पल) समय का एक प्राचीन विभाग जो मिनट से छोटा तथा क्षण से बड़ा होता है। उदा० मीराँ रे प्रभु गिरधर नागर विण पल रह्याँ णा जाय १३। १७, २०, १०३, १०६, १०९, १११, १११, १९६, १९६। **पलपल**—उदा० दिन नहिं भूख रैण नहिं निदरा, यूँ तण पल पल छीजै १०७। १५। **पल भर**—उदा० निसदिन पंथ निहाराँ पिवरो, पलक णा पल भर लागी ९१।

पलक—(सं० पल+क) (१) आँख के ऊपर वाले चमड़े के बाल। उदा० णेणाँ म्हाँरा साँवरा राज्याँ, डरताँ पलक णा लावाँ २५। ९१, ९२, ११६, ११८। पलक को नीचे ऊपर करना। उदा० पलक पलक मोहि जुग से बीतैं, छिनि छिनि विरह जरावै हो ९२।

पलट्या—(सं० प्रलोठन) पलट गए। उदा० मीराँ दासी भई है पंडर पलट्या काला केस ९७।

स० पवन हवा उदा० उमड

घुमड़ घण छायाँ पवण चल्याँ पुरवायाँ १४२ । १४६ । पवन—उदा० मीराँ कूँ हरिजन मिल्या रे, ले गया पवन झकोर ५९ । १४९ ।

पवन—दे० 'पवण'

पशु—(सं०) चार पैरोवाला प्राणी (कुत्ता, शेर, हाथी आदि) । उदा० पशु पंछी मरकट मुनी, श्रवण सुणत बैनाँ १८४ । पसुजूण—पशु की योनि । उदा० गरुण छाँड़ पग धाइयाँ पसुजूण पटाणी जी १४० ।

पसुजूण—दे० 'पशु'

पसे—(सं० प्रसर) आधी अंजुली । उदा० कहा भावज ने भेंट पठाई, तन्दुल तीन पसे १८७ ।

पहण्—(सं० परिधान)। पहण—पहनकर। उदा० साँवरिया रो दरसण पास्यूँ, पहण कुसुम्बी सारी १५४ । पहर—(१) पहन कर । उदा० कागज टीकी राणा हम सब त्याग्या भगवीं चादर पहर ३४ । पहर्याँ—पहना । उदा० कहा भयाँ थाँ भगवा पहर्याँ, घर तज लयाँ सन्यासी १९५ । पहर्या—पहना । उदा० पँचरँग चोला पहर्या सखी म्हाँ, झिरमिट खेलण जाती ७३ । पहर्यो—पहना । उदा० चुणि चुणि कलियाँ सेज बिछायो, नखसिख पहर्यो साज १५१ । पहिरावै—पहनाता है । उदा० जो पहिरावै सोई पहिरूँ जो दे सोई खाऊँ २० । पहिरूँ—पहनती हूँ । उदा० जो पहिरावै सोई पहिरूँ, जो दे सोई खाऊँ २० ।

पहण—दे० 'पहण्'

पहर—दे० 'पहण्'

पहरो—(सं० प्रहर+देशज प्रत्यय ओ) पहरा उदा० पहरो भी राख्यो चौकी बिठार्याँ, ताला दियो जड़ाय ४२ ।

पहर्याँ—दे० 'पहण्'

पहर्या—दे० 'पहण्'

पहर्यो—दे० 'पहण्'

पहिरूँ—दे० 'पहण्'

म्ह—(मह्यम्) **म्हने**—मुझे। उदा० म्हने भरोसो राम को रे (बाला) डूबि तर्यो हाथी १८५। **म्हाँ**[१]—(१) मैं। उदा० म्हाँ ठाढी घर आपणे, मोहन निकल्याँ आय १३। १७, १७, २२, २२, २२, २३, २३, २४, ३१, ७०, ८६, ९१, १०२, १३७। (२) मेरे, मेरी। उदा० थे छो म्हारो गुण रो सागर औगुण म्हां बिसराज्यो जी १२६। १३८। (३) मुझे। उदा० माई म्हाँ गोविंद गुण गाणा ३९। ६४। (४) मुझसे। उदा० बरजी री म्हाँ स्याम बिणा न रह्याँ २९। **म्हाँ**[२]—(सं० मध्य) में, अधिकरण कारकीय चिह्न। उदा० बूझ्या माणे मदण बावरी स्याम प्रीत म्हाँ काचाँ ३७। ५०। **म्हाँने**—(मह्यम+कर्णे) मुझे। उदा० थे तो राणाजी म्हाँने इसड़ा लागो ज्यों ब्रच्छन में कैर ३४। ६७, १११। **म्हांणे**—(मह्यम+कर्णे) मुझे। उदा० नैणा आगाँ रह्ज्यो, म्हाँणे भूल णो जाज्यो जी ५०। **म्हाँरा**—(सं० मह्यम+केर) हमारा, हमारी। उदा० णेणा म्हाँरा साँवरा राज्याँ, डरताँ पलक णा लावाँ १५। २५, ३०, ५१, ११७, ११७। **म्हाँरी**—हमारे। उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, और न आवे म्हाँरी दाय ४२। ७२, १११, १८१। **म्हाँरे**—हमारे। उदा० हेरी मा नद को गुमानी, म्हाँरे मनड़े बस्यो ८। २४, २५, २५, ३०, ४०, ५०, ५१, १०९, ११२। **म्हाँरो**—हमारा। उदा० यो तो अमल म्हाँरो कबहुँ न उतरे यो तो म्हाँरो कबहुँ न उतरे, कोट करो न उपाय ४०। **म्हारो** हमारे। उदा० म्हाँरो प्रणाम बाँके बिहारी जी २। २१, २४, २५, ३०, ३५, १०६, १२२, १२२, १८१। **म्हाँसूं**—(सं० मह्यम>म्हाँ+समम्) मुझसे। उदा० राणा जी थे क्याँने राखो म्हाँसूं बैर ३४। **म्हा**—(१) मैं। उदा० म्हा मोहणरो रूप लुभाणी ११। २८, ४८, ४८, ७८, ८३, १४८। (२) मैंने। उदा० माई री म्हाँ काँ चोड्ह्यां, लियो बजता ढोल २२। (३) मेरा। उदा० म्हा गुणहीन गुणागर नागर म्हा हियड़ो रो साज ४८। १५५। ११०, १६६। (४) मुझको। उदा० काहा, करी कित जावाँ सजणी, म्हा तो स्याम डसी ८८।

१२८। म्हाणे—(सं० मह्यम्+कर्णे) मुझको। उदा० थें विण म्हाणे जग णा सुहावां, निरख्यां सब संसार ४। ६६, ७८, ९०, ९६, १०४, १३६, १५४, १६०। (२) मुझसे। उदा० आवण कह गयाँ अजाँ ण आया, कर म्हाणे कोल गयाँ ५२। (३) मैंने। उदा० सावण आवण हरि आवण री, सुण्या म्हाणे बात ६६। म्हाणो—मेरा। उदा० माई म्हाणो सुपणा माँ परण्याँ दीनानाथ २७। म्हाने—मुझे। उदा० राणा जी म्हाने या बदनामी, लगे मीठी ३३। म्हाराँ—(सं० मह्यम+कृत) हमारा। उदा० णेणाँ म्हाराँ साँवरा राज्याँ, डरताँ पलक णा लावाँ १५। १८, २९, ७०, ११०। म्हारा—मेरा। उदा० और आसिरो णा म्हारा थें विण, तीनूँ लोक मँझार ४। ४, १५, २३, ६८, ८२, १०३, ११७, ११९, १२१, १५५, १५५, २०२। म्हारी—हमारी। उदा० तनक हरि चितवाँ म्हारी ओर ५। ५, ८, २४, २८, ४५, ६१, ६६, ७५, ७७, ७७, ८३, ८७, ८७, १०६, १३७, १६३, १६९, १८१, १९७, २०१, २०१। म्हारे—हमारे, हमारा, हमारी। उदा० बस्याँ म्हारे णेणण माँ नँदलाल ३। १०, १४, १४, २३, २४, २४, २५, २४, २८, ४३, ७८, ८८, ९८, ११४, ११६, ११९, १२०, १२१, १२९, १३७, १३६, १३८, १३९, १४३, १४४, १४५, १५०, १५०, १५१, १५२, १६९। (१) मुझे, मुझको उदा० सुपणाँ माँ म्हारे परण गया पायाँ अचल सोहाग २७। २८, ९९। म्हारों—हमारे हमारी। उदा० मीराँ दासी अरज करयाँ छै, म्हारों लाल दयाल ४७। ४८, ४८, १४५। म्हारो—मेरा, मेरे। उदा० म्हारो प्रणाम बाँके बिहारी जी २। ६, ८, ९, २९, ५२, ६८, ११९, ११९, १२९, १४४, १४६। (२) हमें, हमको। उदा० खाण पाण म्हारे नेक णा म्हारो, हियड़ो घणो उचाट ९९। (३) हमारा, हमारी। उदा० स्याम प्रीत रो बाँधि घुँघर्याँ मोहण म्हारो साँच्याँरी १७। ५६, ७२, ७८, ७८, १०२, १०३, १०५, १०९, ११०, ११, ११९, १२९, १३२, १३६, १३६, १५०, १५५, १६४, १६४, १६६, १९४, १९४, १९४, १९५, १९९, २०१, २०२। म्हासुँ—(सं० मह्यम+समम) मुझसे। उदा० णा तो साँवरो री म्हासूँ, तनक न तोड्याँ जाय ७२। म्हें—मैं। उदा० जिण मारग म्हाँरा साध पधारै, उण मारग म्हें जास्याँ २५। ३५।

म्हने—दे० 'म्ह'

म्हाँ—(१) दे० 'म्ह'। (२) (सं० मध्य) में। उदा० बूझ्या माणे मदण बावरी स्याम प्रीतम्हाँ काचाँ ३७।

म्हाँने—दे० 'म्ह'

म्हाँणे—दे० 'म्ह'

म्हाँरा—दे० 'म्ह'

म्हाँरी—दे० 'म्ह'

म्हाँरे—दे० 'म्ह'

म्हाँरों—दे० 'म्ह'

म्हाँरो—दे० 'म्ह'

म्हाँसूं—दे० 'म्ह'

म्हा—दे० 'म्ह'

म्हाणे—दे० 'म्ह'

म्हाणो—दे० 'म्ह'

म्हाने—दे० 'म्ह'

म्हारां—दे० 'म्ह'
म्हारा—दे० 'म्ह'
म्हारी—दे० 'म्ह'
म्हारे—दे० 'म्ह'
म्हारों—दे० 'म्ह'
म्हारो—दे० 'म्ह'
म्हांसूं—दे० 'म्ह'
म्हें—दे० 'म्ह'
म्हे—दे० 'म्ह'
म्हेल्—(सं० मेल)। म्हेली—कर दी। उदा० मुझे दूरी क्यूं म्हेली ८०।
म्हेली—दे० 'म्हेल्'
म्हैलां—दे० 'महल'
म्रिगछाला—दे० 'मृगछाला'

य

यह -(सं० इदम्) सर्वनाम (इसका प्रयोग वक्ता अथवा श्रोता को छोड़कर निकट के सभी मनुष्यों तथा पदार्थों के लिये हो सकता है) मीरां में यह का प्रयोग सार्वनामिक विशेषण के रूप में हुआ है। उदा० राति दिवस यह आरति मेरे, कब हरि राखं पासड़ियां १०८। यहि—इस (सार्वनामिक विशेषण)। उदा० यहि विधि भक्ति कैसे होय १५८। या (१) यह (सार्वनामिक विशेषण)। उदा० राणा जी म्हाने या बदनामी लगे मीठी ३३। (२) इस (सार्वनामिक विशेषण)। उदा० या छब देख्यां मोह्यां मीरा, मोहन गिरवरधारी जी २। ३५, ५३, ५७, १३३, १३५, १७७। याही—यही। उदा० आसण माड़ अडिग होय बैठा याही भजन की रीत ५५। ये–यह। उदा० गज से उतर के खर नहीं चढ़स्यां, ये तो बात न होई २५। १७२। यो—(१) यह। उदा० ओर सिगार म्हारे दाय न आवे यो गुर ग्यान हमारो २५। ३१, ४०, ४०, १३५, १५६, १९५। (२) इस। उदा० यो देही रो गरब णा करणा, माटी माँ मिल जासी १९५। यौ—यह। उदा० यौ संसार बिकार सागर, बीच में घेरी ६३।

यहि- दे० 'यह'

या --(१) दे० 'यह'। (२) दे० 'यह'। (३) (फा० या) अथवा। उदा० दरस विणा म्हाणे कछु णा भावां जग माया या सुपणा री १२८।

याद--(फ़ा० याद) स्मरण करने की क्रिया (मीरां में इसका प्रयोग संयुक्त क्रिया के अंतर्गत हुआ है)। उदा० कोई दिन याद करो रमता राम अतीत ५५।

याही—दे० 'यह'

यूं—(सं० एवमेव) इसी प्रकार ऐसे ही। उदा० ज्यूं डूंगर का वाहला रे, यूं ओछा तणा सनेह ५६। ८४, १०७, १८५।

यों—इस प्रकार। उदा० अंग भभूत गले म्रिगछाला या तन भसम करूं

री ६४ (इस पंक्ति में 'यो तन' का अर्थ 'इस शरीर को' भी लगाया जा सकता है।

ये—दे० 'यह'

यों—(१) दे० 'यह'। (२) दे० 'यूँ'

यो—दे० 'यह'

यौ—दे० 'यह'

र

रँग—(सं० रंग)। **रँग राँच्याँ**—प्रभाव में आ गई। उदा० प्रीतम पल छब ण विसरावाँ, मीराँ रंग राच्याँ री १७। १६, २३, २५, ३०, ३७, ३७, ४०, ४०, ४०, ११३ १४८, १७०, १८१, १६६। **रँगभरी**—खुशियों से परिपूर्ण। उदा० रँगभरी राग सूँ भरी री १४८। **रंगमहल**—(रंग + अ० महल) भोग-विलास करने का स्थान। उदा० बिरहण बेठ्याँ रंगमहल माँ, णेणा लड़्या पोवाँ ८६। **रंगरूड़ो**—अच्छे रंग वाला अर्थात् सुन्दर, अद्भुत। उदा० नहि सुख भावै थाँरो देसलड़ो रँगरूड़ो ३२। **रँगसूँ**—रंग से। उदा० होली खेल्याँ स्याम संग रँग सूँ भरी, री १४८। **रंगीली**—रंगों से युक्त। उदा० रे साँवलिया म्हारे आज रँगीली गणगौर छै जी १४५।

रई-(सं० रह्) रही, रह गई (सहायक क्रिया)। उदा० रथ चढ़ाय गोपाल लैगो, हाथ मींजत रई १८२।

रख्—(सं० रक्ष्)। **रखवारे**—रखवाले, रक्षा करने वाले। उदा० माखन रोटी हाथ में लीनी, गउवन के रखवारे १६५। **रखाँ**—रखिए। उदा० मीराँ सरण गह्याँ चरणाँ री, लाज रखाँ महाराज ६२। **रखाय**—रखिए। **चरण ही कँवल रखाय**—चरण कमलों के निकट ही रखिए। उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर चरण ही कँवल रखाय ७६। **रखासी**—रखेगा। उदा० राणो जी रूठ्याँ बाँरो देस रखासी ३५। **राख्याँ**—रखा, रक्षा की। उदा० बूड़ता गजराज राख्याँ कट्याँ कुंजर भीर ६१। **राखो**—रखो (आज्ञा)। उदा० करि करिपा प्रतिपाल, मो परि, राखो ण आपण देस ११७।

रखवारे—दे० 'रख्'

रखाँ—दे० 'रख्'

रखाय—दे० 'रख्'

रखासी—दे० 'रख्'

राख्याँ—दे० 'रख्'

रज—(सं० रजस्) धूलि। **संतोनी रज**—संतों के पैरों की धूलि। उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, संतोनी रज म्हाँरे अंग रे ३०।

रजनी—(सं० रजनी) रात। उदा० जल

बिण कँवल चंद बिण रजनी, थे बिणा जीवण जाय १०१।

रट्—। **रटत है**—रटती है । उदा० दासि मीराँ राम रटत है, मैं सरण हूँ तेरी ६३। **रट्या**—रटती हूँ। उदा० म्हारो मण साँवरो णाम रट्या री २००। **रटाँ**--रटती हूँ। उदा० पीव पीव म्हाँ रटाँ रेण दिन लोक लाज कुल त्यागी ६१। **रटै**—रटता है। उदा० ज्यूं चातक घणकूँ रटै, मछरी ज्यूं पाणी हो ८७'

रटत—दे० 'रट्'

रट्या—दे० 'रट्'

रटाँ—दे० 'रट्'

रटै—दे० 'रट्'

रतण—(सं० रत्न) एक बहुमूल्य पत्थर जिसका प्रयोग आभूषण आदि में जड़ने के लिए होता है। उदा० रतण आभरण भूखण छाड़्याँ, खोर कियाँ सिर केस ६८। १५०, १५२, १६०। **रतणाकर**—रत्नाकर, रत्नों का खज़ाना (वह व्यक्ति जिसमें गुणों का समूह हो अर्थात् (कृष्ण) उदा० भाग हमारो जाग्याँ रे, रतणाकर म्हारी सीरयाँ री २४। २०२। **रतन**—रत्न। उदा० पीताम्बर कट काछनी काछे, रतन जटित माथे मुकट कस्यो ८।

रतणाकर—दे० 'रतण'

रतन—दे० 'रतण'

रत से—लगने से। उदा० दीन हीन हूँ छुधा रत से, राम नाम ण लेत १५८।

रती—(सं० रतिका) बहुत थोड़ा सा, आठ चावल के वजन के बराबर का एक बाट। उदा० ऐसी कहा अचारवती, रूप नहीं एक रती १८६।

रथ—(सं० रथ) एक सवारी जिसमें चार या दो पहिए लगे रहते हैं। उदा० रथ चढ़ाय गोपाल लैगो, हाथ मीजत रही १८२। १८२।

रम्—(सं० रमण)। **रम गया**—लीन हो गया। उदा० नगर आइ जोगी रम गया रे, मो मन प्रीति न पाइ ४८। **रमइया**—रम जाने वाले कृष्ण। उदा० बालपनाँ की प्रीत रमइया जी, कदे नहि आयो थारो तोल १००। **रमईया**—रम जाने वाले, कृष्ण। उदा० रमईया मेरे तोही सूँ लागी नेह ५६। **रमता**--रम जाने वाले। उदा० कोई दिन याद करोगे रमता राम अतीत ५५। **रमतो**—रमने वाला। उदा० म्हारो घर रमतो ही जोगिया तू आव ६८। **रमाय**—रमाकर। उदा० कानाँ बिच कुंडल गले बिच सेली, अंग भभूत रमाय ६८। **रमायो**—लगाया। उदा० गल बिच सेली हाथ हाजरियो अंग भभूति रमायो १८८। **रमैया**—रमजाने वाले कृष्ण। उदा० तुम दरसण की आस रमैया, कब हरि दरस दिलावैं ६७। ७३, ७८। (मीराँ ने कृष्ण के लिए रमइया, रमईया, रमैया आदि शब्दों का प्रयोग कृष्ण को राम के समकक्ष रखने के प्रयोजन से भी किया है)।

रमइया—दे० 'रम्'

रमईया—दे० 'रम्'

रमता—दे० 'रम'

रमतो—दे० 'रम्'

रमाय—दे० 'रम्'

रमायो—दे० 'रम्'

रमैया—दे० 'रम्'

रल्—(सं० ललन = केलि)। **रली**—मिलकर। उदा० आयो सहेल्या रली कराँ हे, पर घर गवण निवारि २६

रली—दे० 'रल्'

रस—(सं० रस) किसी पदार्थ का सार। उदा० अधर सुधारस मुरली राजाँ उर वैजंती माल ३। १०, १६, ४०, ५६, १७५, १८६, १९९। **रसभरी**—रस से युक्त, मीठी। उदा० नेह मेरो हर लियो रसभरी टेर सुनाय १७९। **रसिक**—रस का प्रेमी, कृष्ण। उदा० णाच णाच म्हाँ रसिक रिझावाँ प्रीत पुरातन जाँच्याँ री १७। १७०, १७५। **रसिकाँरा सिरताज**—रसिकों के सिरताज रसिक लोगों में श्रेष्ठ, कृष्ण। उदा० मोर मुकुट मकराकृत कुंडल, रसिकाराँ सिरताज १५२। **रसिया**—रस का भोग करने वाला १८१। **नित नव प्रीत रसी**—हर रोज नई प्रीत व्याप्त होती है। उदा० मीराँ रे प्रभु कबरे मिलोगे, नित नव प्रीत रसी ८८। **रसीलणी**—रस लेने वाली। उदा० ऊँच नीच जाने नहीं, रस की रसीलणी १८६। **रसीली**—रस से युक्त। उदा० मीराँ सिरि गिरधर नट नागर भगति रसीली जाँची १९।

रसभरी—दे० 'रस'

रसिक—दे० 'रस'

रसिकाँरा—दे० 'रस'

रसिया—दे० 'रस'

रसी—दे० 'रस'

रसीलणी—दे० 'रस'

रसीली—दे० 'रस'

रह—(सं० राज्)। **रहन्द**—रहते तो। उदा० सब संतों का काज सुधारा, मीराँ सूँ दूर रहंद १३९। **रहज्यो**—रहिये। उदा० पिया म्हाँरे नैणा आगाँ रहज्यो जी ५०। **रहत**—रहता है, रहती है। उदा० क्रोध कसाई रहत घट में कैसे मिले गोपाल १५८। १६७। **रहना**—क्रियार्थक संज्ञा। उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, रहना है वे हजूर १९८। **रहस्यूँ**—रहूँगी। उदा० चाकर रहस्यूँ बाग लगास्यूँ नित उठ दरसण पास्यूँ १५४। **रहाँ**—रहीं। उदा० खाण पाण म्हाणे फीकाँ सो लागाँ नैण रहाँ मुरझावाँ ६६। **रहा**—रह गया। उदा० क्यासूँ मणरी बिथा बतावाँ, हिवड़ो रहा अकुलावाँ ७८। **रहाऊँ**—रहा जाए। उदा० मेणी उणकी प्रीत पुराणी, उण विनि पल न रहाऊँ २०। **रहाजो**—रहो। उदा० म्हाँरे नैणाँ आगे रहाजो जी, स्याम गोबिंद १३९। **रहिए**—आदरार्थ। उदा० मीराँ प्रभु गिरधर मिलि ऐसे ही रहिए १८४। **रही**—सहायक क्रिया (भूतकाल)। उदा० बहु दिन बीते अजहुँ न आये, लग रही ताला बेली ८०। ६४, १४५, १४७। **रहीजे**—रहता है। उदा० लगन लगी जैसे जल मछीयन से बिछड़त तनही दीजै १६१। **रहूँ**—रहूँगी। उदा० साँवरी सूरत आन मिलावो, ठाढ़ी रहूँ मैं हँसिके ७। ६४, ११७। **रहे**—(१) संभावनार्थक **कैसे रहे घर बसिके**—घर के अन्दर कैसे रहे, असमर्थता)। उदा० मीराँ तो गिरधर विन देखे, कैसे रहे घर बसिके ७। (२) रह गइ (पूर्णता द्योतक) उदा० पाँच पहर धंधे में बीते, तीन पहर रहे सोय १५९। १७९। **रहै**—रहता है, रहती है। उदा० साँची पियाजी री गूदड़ी जामे निरमल रहै सरीर २६। ५७, ७६। **रह्याँ**—रहा। **रह्याँ णा जाय**—रहा नहीं जाता। उदा० मीराँ रे प्रभ गिरधर नागर बिण पल रह्याँ

णा जाय १३ । ६४, ७१ । **स्याम बिणा न रह्यां**—स्याम के बिना नहीं रहूँगी। उदा० बरजी री म्हां स्याम बिणा न रह्यां २६ । **रह्या**—(१) रहूँगी। उदा० साधाँ संगत हरि सुख पास्यूँ जग सूँ दूर रह्याँ २६ । (२) रहा। उदा० साँवलिया म्हारो छाय रह्या परदेस ६८, ६६, १०१, १८५। (३) रहते हैं। उदा० सास लड़ै मेरी नन्द खिजावै, राणा रह्या रिसाय ४२। **रह्यो**—रहा, रही। **रह्यो न जाय**—रहा नहीं जाता। उदा० हेली म्हाँसूँ हरि बिनि रह्यो न जाय ४२। ८४। **लूम रह्यो**—छा रही है। उदा० भीजे म्हाँरो दाँवन चीर, सावलियो लूम रह्यो रे १२२। (३) रहता है। उदा० बात कहूँ तो कहत न आवै, जीव रह्यो डरराय ७६। **रह्योइ न जाइ**—रहा ही नही जाता। उदा० वा मूरति म्हारे मन बसे छिन भरि रह्यो न जाइ ११६।

रहंद—दे० 'रह्'
रहज्यो—दे० 'रह्'
रहत—दे० 'रह्'
रहना—दे० 'रह्'
रहस्यूं—दे० 'रह्'
रहाँ—दे० 'रह्'
रहा—दे० 'रह्'
रहाऊँ—दे० 'रह्'
रहाजो—दे० 'रह्'
रहिए—दे० 'रह्'
रही—दे० 'रह्'
रहीजे—दे० 'रह्'
रहूँ—दे० 'रह्'
रहे—दे० 'रह्'
रहै—दे० 'रह्'
रह्याँ—दे० 'रह्'
रह्या—दे० 'रह्'
रह्यो—दे० 'रह्'
रह्योइ—दे० 'रह्'

राँ—(सं० केरा) का (संबंधकारकीय चिह्न)। उदा० बिरछ राँ जो पात टूटया, लाया णा फिर डार १६५। १०६ (यह सर्वनाम के साथ संयुक्त रूप में भी आया है) **रा**—का, की, उदा० वार चरणामृत पी गई रे, गुण गोविंद रा गाय ४०। १७, २७, ३७, १५६, १९३, १०६। **री**—की। उदा० देख्या रूप मदन मोहन री, पियत पियूख मटके १०। १८, २६, २६, २८, ४५, ४८, ५१, ५१, ५१, ५६, ५६, ६१, ६१, ६४, ७०, ७०, ७७, ८३, ८७, १५०, १०२, ११९, १२८, १३१, १३१, १३४, १३५, १३८, १४५, १४६, १४६, १५०, १५४, १७४, १८६, १९०, २००, २०२, २०२। **रे**-के। उदा० मण थें परस हरि रे चरण १। ३०, ४५, ६६, ९१, ९३, १०७, ११६, १४३, १५४। **रो**—का, के, की। उदा० स्याम प्रीत रो बाँधि घूँघर्‍याँ मोहण म्हारो साँच्याँ री १७। १२, १८, २४, २७, ३१, ३१, ३२, ३३, ३३, ३६, ३७, ३७, ४८, ५०, ५४, ५६, ८७, ९१, १०६, १०८, १२९, १४८, १५५, १५५, १५९, १६६, १६८, १९३, १९५, १९५, २०१। **रौ**—का। उदा० पपय्या म्हारो कब रौ बैर चितार्‍याँ ८३।

राँच्—(सं० रच) **राँचा**—रम गई। उदा० साँवरियो रंग राँचा राणा, साँवरियो रंग राँचा ३७। **राँती**—अनुरक्त हो गई। उदा० मीराँ रे प्रभु गिर

धर नागर, हरि चरणाँ चित राँती १०६। राचाँ—रच गई। उदा० साँवरियो रंग राचाँ राणा, साँवरियो रंग राचाँ ३७। राची—अनुरक्त हो गई। उदा० माई साँवरे रंग राची १६। राच्याँ—अनुरक्त हो गई। उदा० लोकलाज कुलरा मरज्यादाँ जगमाँ णेक णा राच्याँ री १७। राती—अनुरक्त हो गई। उदा० थाँ झरमिट माँ मिल्यो साँवरो, देख्याँ तण मण राती २३। ६६, ११३।

राँती—दे० राँच्।

रा—दे० 'राँ'

राखड़ाँ—(सं० रक्ष्+ड़ा) चूड़ा। उदा० साजाँ सोल सिंगार, सोणारो राखड़ाँ १६३।

राख्—(सं० रक्ष्)। राखाँ—(१) रखती हूँ। उदा० राजभोग आरोग्याँ गिरधर, सणमुख राखाँ थाल ४७। (२) रखो। उदा० म्हाणे चाकर राखाँजी गिरधारी लाला चाकर राखाँ जी १५४। राखा—रखिए। उदा० मीराँ रे प्रभु और णा काई, राखा अब गी लाज ४८। राखि—संयुक्त क्रिया (मुख्य क्रिया)। उदा० मीराँ को प्रभु राखि लई है, दासी अपणी जाणी ३८। राखिल्यौ—रख लो। उदा० विरहणि पिव की बाँट जोवै, राखिल्यौ नेरी ६३। राखूँ—रखूँ। उदा० जो तुम आओ मेरी वाखरियाँ, जरि राखूँ चंदन किवाड़ियाँ १६२। राखे—रखता है। उदा० मीराँ के प्रभु सदा सहाई, राखे बिघन हटाय ४१। राखै—रखेंगे। उदा० राति दिवस यह आरति मेरे, कब हरि राखै पासड़ियाँ १०८। राखों—रखते ने उदाँ० राणा प्रीत क्याँने राँखों म्हाँसूँ बैर ३४। राखो—(१) रखो। उदा० मैं अबला बल नाहिं गोसाईं, राखो अबकै लाज १३२। (२) रखा है। उदा० रावल कुण बिलमाई राखो बिरहनि है बेहाल ११६। राख्याँ—(१) रखी। उदा० लोक लाज कुलरा मरज्यादाँ जगमाँ णेक णा राख्याँ री १७। ४८, १३४। लाँज राख्याँ—लाज की रक्षा की। उदा० द्रोपता री लाज राख्याँ थे बढायाँ चीर ६१। राख्याँ—रक्षा की। उदा० बूड़ता गजराज राख्याँ कट्याँ कुंजर भीर ६१ (२) रखो। उदा० ठाडी अरज कराँ गिरधारी, राख्याँ लाज हमारी ७७। १३४। (३) रखते हैं। उदा० चरण कँवल गिरधर सुख देस्याँ, राख्याँ नैणाँ नेरा ११०। राख्या—रखी। उदा० भरी सभा माँ द्रुपद सुताँ री राख्या लाज मुरारी १३१। राख्यूँ—रखती हूँ। उदा० नेण बिछाम्यूँ हिवड़ो डास्यूँ सर पर राख्यूँ विराज १०६। राख्यो—रखा। उदा० पहरे भी राख्यो चौकी बिठार्यो, ताला दियो जड़ाय ४२। राख्यौ—रखा। उदा० मैं भोली भोलापन कीन्हो राख्यौ नहिं बिलमाई ४४। राषो—रखो। उदा० मीराँ के प्रभु बेग मिलौ अब, राषो जी मेरो मान १२४।

राखाँ—दे० 'राख्'

राखा—दे० 'राख्'

राखि—दे० 'राख्'

राखूँ—दे० 'राख्'

राखे—दे० 'राख्'

राखै—दे० 'राख्'

राखों—दे० 'राख्'

राखो—दे० राख

राख्याँ— दे० 'थाख्'

राख्या— दे० 'राख्'

राख्यूँ— दे० 'राख्'

राख्यो— दे० 'राख्'

राख्यौ— दे० 'राख्'

राग—(सं० राग) स्वर। **रागभरी**—स्वर युक्त, गीत युक्त। उदा० रँगभरी राग भरी रागसूँ भरी री १४८। **रागसूँ**—प्रेम से। उदा० रँगभरी रागभरी रागसूँ भरी री १४८।

रागभरी— दे० 'राग'

रागसूँ— दे० 'राग'

राचाँ— दे० 'राँच्'

राची— दे० 'राँच्'

राच्याँ— दे० 'राँच्'

राज—(सं० राजन्) राजा (संबोधन) उदा० थारी छब प्यारी लागे राज, राधावर महाराज १५२। **ब्रजराज** ब्रज के राजा, कृष्ण। उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, म्हारे मिल गया ब्रजराज १५२। **राजभोग**— राजा का भोजन (यहाँ अच्छे पकवानों के लिए 'राजभोग' का प्रयोग हुआ है)। उदा० राजभोग आरोग्याँ गिरधर, सणमुख राखाँ थाल ४७। **राजा**—मीराँ के देवर राणा के लिए 'राजा' का प्रयोग हुआ है। उदा० राजा रूठ्याँ नगरी त्यागाँ, हरि रूठ्याँ कहँ जाणा ३६। १८६।

राजभोग— दे० 'राज'

राज्—(सं० राज्)। **राजाँ** विद्यमान है। उदा० अधर सुधारस मुरली राजाँ उर बैजंती माल ३। १६०, २०२। **राज्याँ**—विद्यमान है। उदा० णेणा म्हाँरा सँवरा राज्याँ डरताँ पलक णा लाँ १५

राजा— दे० 'राज'

राजी—(फ़ा० राज़ीनामा) प्रसन्न। उदा० भगत देख्याँ राजी हुयाँ जगत देख्याँ रूयाँ १८।

राज्याँ— दे० 'राज्'

राणाँ—(सं० राट्) मीराँ के देवर का नाम (राणा)। उदा० मीराँ रे प्रभु गिरधर नागर, राणाँ भगत संघाराँ १६०। **राणा**—उदा० राणा विषरो प्याला भेज्या, पीय मगण हुयाँ १८। ३०, ३२, ३२, ३३, ३४, ३४, ३४, ३६, ३७, ३७, ३८, ४०, ४१, ४१, ४१, ४२, ५०। **राणो**— राणा। उदा० राणो जी रूठ्यो वाँरो देस त्यागाँ ३५। ४०। **राणौ**—राणा। उदा० राणौ भेज्य। बिखरो प्यालो चरणामृत पी जाणा ३८।

राणा— दे० 'राणाँ'

राणी—(सं० राज्ञी) रानी, राजा की पत्नी। उदा० पाँच पौड़ री राणी ढुणना हाड़ हिमालाँ गर्याँ १८८।

राणो— दे० 'राणाँ'

राणौ— दे० 'राणाँ'

रात— दे० 'राति'

रात— उदा० नींदड़ी आवाँ णा साराँ रात कुण बिधि होय परभात ७४। १३०।

राति—(सं० रात्रि) रात, संध्या से प्रातः काल तक का समय। उदा० राति दिवस काल नाहिं परत है, तुम मिलिया बिनि मोइ ५३। १०८, १२३। **राती** रात। उदा० वाँ झरमिट माँ सिरोंगों साँवरो, देख्याँ तण मण राती २३। १०६।

राती—(१) दे० 'राति'। (२) दे० 'राँच'। (३) लाल सी रंग की। उदा० ऊँचा चढ चढ पथ निहाराँ कलप कलप

अखियाँ राती १०६। १२३, १८५।

राधा—(सं० राधा) राधिका, कृष्ण की पत्नी। उदा० आवत देखी किसन मुरारी, छिप गई राधा प्यारी १७१। १७१, १८४। **राधावर**—राधा के पति। उदा० थारी छब प्यारी लागे राज, राधावर महाराज १५२।

राधावर—दे० 'राधा'

राम—(सं० राम) यहाँ कृष्ण के लिए ही 'राम' का प्रयोग हुआ है। उदा० मीराँ के प्रभु रामजी, बड भागण रीझै १६। ५५, ६३, ६७, ६७, ६७, ८२, ८४, ११३, ११७, १२३, १३३, १५६, १५७, १५८, १८५, १८६, १८७। **रामनाम**—राम के नाम का। उदा० रामनाम रस पीजै मनुआँ, राम नाम रस पीजै १९९। १९९। **रामनारायण**—कृष्ण। उदा० बीछिया घूँघरा रामनारायण ना अणवट अंतरजामी रे १४१। **रामाँ**—राम कृष्ण के लिए। उदा० म्हाँरे आज्यो जी रामाँ, थारे आवत आस्याँ सामाँ ११४।

रामा - कृष्ण। उदा० मैं तो तेरी सरण परी रे रामा, ज्यूँ जाणे त्यूँ तार १३३।

रामनाम—दे० 'राम'

रामनारायण—दे० राम'

रामाँ—दे० 'राम'

रामा—दे० 'राम'

राल्—(?) रालैली—डालेगी। उदा० सुणि पावेली बिरहणी रे, थारो रालैली पाँख मरोड़ ८४।

रालैली—दे० 'राल्'

रावर—दे० 'रावल'

रावल—(सं० राज+पुत्र) **रावरी**—आपरा ० तुम मेरे प्रतिपाल कहिये मैं रावरी चेरी ६३। १००, १०७, १३२। **रावल**—आपको। उदा० रावल कुण बिलमाई राखो, बिरहणि है बेहाल ११६। **रावलाँ**—आपकी। उदा० हार्‌या जीवन मरण रावलाँ, कठे जावाँ ब्रजराज ४८। **रावलियारी**—आपकी। उदा० जोगणि होइ जुग ढूंढसूँ रे, म्हारा रावलियारी साथ ११७। **रावली**—आपकी। उदा० मीराँ रे प्रभु दासी रावली, लीज्यो णेक णिहार ४। १३४, १४०। **रावलो**—आपकी। उदा० रावली बिड़द म्हाणे रूड़ो लागाँ, पीड़त म्हारो प्राण १३६।

रावलाँ—दे० 'रावल'

रावलियारी—दे० 'रावल'

रावली—दे० 'रावल'

रावलो—दे० 'रावल'

राषो—दे० 'राख्'

रिख—(सं० ऋषि) ऋषि। उदा० थे रिख पतणी तिरपा पायाँ, बिप्र सुदामाँ बिपत बिड़ारण १३७।

रिझ्—(सं० रंजन)। **रिझावाँ**—रिझाती हैं। उदा० पाँच सख्याँ मिल पीव रिझावाँ, आणँद ठामूँ ठाँम १४४। **रिझाऊँ**—रिझाती हूँ। उदा० रैण दिना वाके सँग खेलूँ, ज्यूँ त्यूँ वाहि रिझाऊँ २०। **रिझावाँ**—रिझाती हूँ। उदा० अधर मधुर धर बंशी बजावाँ, रीझ रिझावाँ, ब्रजनारी जी २। १३। **रिझै**—रीझता है। उदा० जिह जिह विधि रीझै हरी, सोई विधि कीजै, हो १६।

रिझाऊँ—दे० 'रिझ्'

रिझावाँ—दे० 'रिझ्'

रिस सं० रिष) **रिसाय** क्रुद्ध

होकर। उदा० सास लड़ै मेरी नन्द खिजावै, राणा रह्या रिसाय ४२। **रीसाणा** –नाराज़ हुए। उदा० गिरधर रीसाणा कौन गुणा ६०।

रिसाय— दे० 'रिस्'

री—(१) दे० 'रौ'। (२) (१) से। उदा० णन्द जसोदा पुत्र री प्रगट्याँ, प्रभु अविनाशी (यहाँ 'री' संबोधन का चिह्न भी माना जा सकता है) ६। **कबरी**—कबसे, कितनी देर से। उदा० कबरी ठाढ़ी म्हा मग जोवाँ निसदिन बिरह जगावाँ ७८। (३) (सं० आली) संबोधन चिह्न। उदा० पीताम्बर कट उर बैजणताँ, कर सोहाँ री बाँसी। ६ १३, १४, १५, १६, १७, १८, १६, २१, २१, २२, २२, २३, २४, २४, २४, २४, २४, २४, २४, २४, २४, २४, २४, २६, २६, २७, २७, २७, २८, २६, ३६, ३६, ३६, ३६, ४४, ४५, ५४, ६६, ६६, ६७, ७२, ७२, ७२, ७२, ७७, ७७, ७७, ७७, ८५ ८६, ८६, ६०, ६४, १०१, १०२, १०३, १०४, ११७, १२१, १२१, १२१, १२१, १२१, १२८, १२८, १४२, १४४, १४६, १४६, १४६, १४८, १४८, १४८, १४८, १५५, १६७, १६७, १७७, १७७, १७८, १८२, १८४, १६१, १६७, २००, २००, २००, २००, २०१, २०२, **रे**—संबोधन। उदा० झूठा पाट पटंबरा रे, झूठा दिखणी चीर २६।

रीझ्—(सं० रंजन)। **रीझ**— मुग्ध होने का भाव। उदा० अधर मधुर धर वंशी बजावाँ, रीझ रिझावाँ, ब्रजनारी जी २।

रीझै दे० 'रिझ'

रीसाणा—दे० 'रिस्'

रूँम—(सं० रोमन्) रोयाँ। **रूँम-रूँम**— प्रत्येक रोएँ में। उदा० रूँम-रूँम नखसिख लख्याँ, ललल ललचा अकुलाय १३। **रूम**— रोम। उदा० रूम रूम मांता भइ उर में, मिटि गई फेरा फेरी। १४। **रोम**—शरीर के रोएँ। **रोम रोम दी पीर**—पूरे शरीर की पीड़ा। उदा० बाहरि घाव कछू नहिं दीसै, रोम रोम दी पीर १६२।

रु—(?) को। उदा० मीराँ रे प्रभु गिरधर नागर विखरू अम्रित कराँ १८६।

रूठ्—(सं० रुष्ठ)। **रूठ्यो**—रूठ जाएगा। उदा० सीसोद्यो रूठ्यो तो म्हाँरो काँई कर लेसी ३५। ३५। **रूठ्याँ**—रूठ जाएँगे। उदा० हरि रूठ्याँ कुम्हलास्याँ, हो माई ३५। ३६, ३६।

रूठ्यो—दे० 'रूठ्'

रूठ्याँ—दे० 'रूठ्'

रूढ़ो—(सं० रूढ़) अच्छा। उदा० रावलो बिड़द म्हाणे रूढ़ो लागाँ, पीड़त म्हारो प्राण १३६।

रूप—(सं० रूप) सूरत। उदा० थारो रूप देख्याँ अटकी ६। १०, १०, १०, ११, १२, २०, २८, २८, ६१, ६६, ७१, १०६, १४३, १७८, १८१।

रूपाँ—(सं० रूप्य) रूपा, एक प्रकार का धातु जिससे आभूषण आदि बनते हैं। उदा० सोना रूपाँ सूँ काम णा म्हारे, म्हारे हीराँ रो बौपाराँ री २४।

रूम—दे० 'रूँम'

रे—(१)दे० 'रा'। (२) (सं० रे) संबोधन। उदा० मीराँ रे प्रभु दासी रावली लीज्यो णेक णिहार ४ ५ ६ १०

१३, १५, २१, २३, २४, २४, २६, ३०, ३०, ३०, ३०, ३०, ३०, ३१, ३६, ३७, ४०, ४४, ४८, ५०, ५२, ५३, ५६, ५६, ५६, ५६, ५६, ५६, ५६, ५६, ५६, ५६, ५६, ५६, ५६, ५६, ५६, ६४, ६५, ६८, ६६, ७१, ७४, ७७, ८१, ८१, ८१, ८१, ८२, ८२, ८३, ८४, ८४, ८४, ८४, ८४, ८६, ८८, ९०, ९५, १०२, १०२, १०२, १०३, १०५, १०६, १०८, १०६, ११०, ११७, ११७, ११७, ११७, १२१, १२८, १२६, १३१, १३२, १३३, १३७, १३८, १४१, १४१, १४१, १४१, १४१, १४१, १४१, १४१, १४२, १४३, १४४, १४५, १४७, १४७, १४७, १४७, १४७, १४६, १४६, १५०, १५४, १५६, १५७, १५७, १५७, १५७, १५७, १५७, १५७, १५८, १५८, १६०, १६१, १६६, १६८, १७३, १७३, १७३, १७३, १८५, १८६, १६०, १६४, १६५, १६७, २००, २०१, २०१, २०२, कभी कभी छंद की आवश्यकता के लिए रे (संबोधन) एक ही पंक्ति में संज्ञा और क्रिया दोनों के साथ आने के कारण दो बार आ गया है। उदा० मीराँ रे प्रभु कब रे मिलोगाँ, थे मिल्याँ सुख होय १०२। (३) अधिकरणकारकीय चिन्ह उदा० साँवरी सुरत मण रे वसी ८८।

रेख—(सं० रेखा) रेखा, लाइन, हथेलियों के निशान। उदा० गिणता-गिणता घिस गई रे म्हाँरा आँगलिया री रेख ११७। **रेखा**—उदा० गणताँ गणताँ घिस गयाँ रेखा आँगरियाँ री सारी ७७।

रेखा—दे० 'रेख'

रेजा—(फा० रेजा) छिद्र। उदा० रेजा रेजा भयो करेजा अंदर देखो धँसिके ७। ७।

रेण—(सं० रजनि) रात। उदा० सूनी सेजां व्याल बुझायाँ जागा रेण बितावाँ ७८। **रैण**—रात। उदा० रैण पड़े तब ही उठि जाऊँ, भोर गये उठि आऊँ २०। ४३, ६६, ७४, ८७, ६१, ६६, १०१, १०३, १०७, ११८, १२६। **रैणदिना**—रात दिन। उदा० रैण दिना वाके सँग खेलूँ ज्यूँ त्यूँ वाहि रिझाऊँ २०। **रैणाँ**—रात। उदा० घोर रैणाँ बीजु चमकाँ बार गिणताँ प्रभात ६६। **रैणा**—रात। उदा० आकुल व्याकुल रैणा बिहावा, बिरह कलेजो खाय १०१। **रैणि**—रात। उदा० फूलन सेझ सूल होइ लागी, जागत रैणि बिहावै हो ६२। **रैनाँ**—रात। उदा० हम भई गुलफाम लता, बृन्दाबन रैनाँ १८४।

रैण—दे० 'रेण'

रैणदिना—दे० 'रेण'

रैणा—दे० 'रेण'

रैणाँ—दे० 'रेण'

रैणि—दे० 'रेण'

रैनाँ—दे० 'रेण'

रो¹—दे० 'रा'

रो²—(सं० रोदन)। **रोइ**—रोकर। उदा० काँइ करूँ कित जाऊँरी सजनी नैण गुमायो रोइ ४४। **रोऊँ**—रोती हूँ। उदा० रोऊँ नित टेरी टेरी ६४। **रोय**—रोकर। उदा० प्राण गमायाँ झूरताँ रे, नैण गुमायाँ रोय १०२। **रोवत रोवत**—रोते-रोते। उदा० रोवत-रोवत डोलताँ सब रैण बिहावाँ जी ६६।

रोइ—दे० 'रो'

रोऊँ—दे० 'रो'

रोगी—(सं० रोगी) रोग से पीड़ित। उदा० रोगी अंतर बैद बसत है, बैद ही ओखद जाँणी हो ७३।

रोटी—(?) आटे से बनी हुई रोटी। उदा० माखन रोटी हाथ में लीनी, गउ-वन के रखवारे १६५।

रोप्—(सं० रोपण)। **रोपिया**—बोया। उदा० एकै थाणे रोपिया रे इक आंबो इक बूंल ५९।

रोपिया—दे० 'रोप्'

रोम—दे० 'रूँम'

रोय—दे० 'रो'

रोवत—दे० 'रो'

रोस—(सं० रोश) क्रोध। उदा० बिन देख्याँ कल न पड़ाँ मन रोस णा ठानी हो ८७।

रौ—दे० 'रा'

ल

ल—(सं० लहन)। **लई**—संयुक्त काल (सहायक क्रिया) लिया। उदा० मीराँ को प्रभु राखि लई है, दासी अपणी जाणी ३८। **लह्याँ**—प्राप्त की। उदा० भो-सागर मझधाराँ बूंड्याँ, थारी सरण लह्याँ १३८। १४८, १६४। **लाये**—लाए। उदा० मतवारो बादर आये रे हरि को सनेसो कबहुँ न। **लावाँ**—लाए। उदा० दीखा णाँ कोई परम सनेही, म्हारे सँदेसा लावाँ ७८। **लियाँ**—(१) ले लिया। उदा० थे कह्याँ छाणे म्हाँ काँ चोड्डे, लियाँ बजंता ढोल २२। २०, २२, १६१। (२) लेने से। उदा० तीरथ बरताँ ग्याँण कथंता, कहा लियाँ करवत कासी १६५। **लियो**—लिया (भूत-काल)। उदा० नेह लगाय मेरो हर लीयो रस भरी टेर सुनाय १७९। **लियो**—लिया। उदा० कबहूँ न दान लियो मनमोहन, सदा गोकुल आत जात १७६। **लीजै**—लीजिए। उदा० सजन सुध ज्यूँ जाणे त्यूँ लीजै हो १०७। १६, १२०, १६१, १६६। **लीजो**—लीजिए। उदा० म्हाँरी सुध ज्यूँ जानो ज्यूँ लीजो जी १११। **लीज्यो**—(१) लीजिए। उदा० मीराँ रे प्रभु दासी रावली, लीज्यो णेक णिहार ४। ५०। (२) ली। उदा० मेरो नाम बूझि तुम लीज्यो, मैं हूँ विरह दिवानी १३०। **लीज्यौ**—मीराँ के प्रभु दरसण दीज्यौ, मेरी अरज कान सुँण लीज्यौ १२६। **लीणो**—ले लिया। उदा० कबहूँ न दान लियो मनमोहन, सदा गोकुल आत जात १७६। १७६। **लीण्या**—लिया। उदा० म्हारो मण हर लीण्या रणछोड़ २०७ **लीनो** लिया

उदा० माखन रोटी हाथ मे लीनी, गउ-वन के रखवारे १६५। लीने—लिया। उदा० मीराँ के प्रभु बस कर लीने, सप्त ताननि की फाँसु, री १६७। लीन्हें—लिया। उदा० जूठे फल लीन्हें राम, प्रेम की प्रतीत जाण १८६। लीन्हो—लिया। उदा० मुरली म्हारो मण हर लीन्हो, चित्र धराँ णा धीर १६६। लूँगी—ले लूँगी (भविष्यत्)। उदा० तेरे खातिर जोगण हूँगी, करवत लूँगी कासी ४६। ११७। लेंगो—लूँगा। उदा० केसरी चीर दरयाई को लेंगो, ऊपर अँगिया भारी १७१। ले—(१) लेकर उदा० मीराँ कूँ हरिजन मिल्या रे, ले गया पवन झकोर ५६। ८४, ८६, १५०, १७७, १८५, १८५। (२) लेगा। उदा० थे विण म्हारे कोण खबर ले, गोबरधन गिरधारी १३१। लेऊँ—लेती हूँ। उदा० मुरली कर लकुट लेऊँ पीत वसन धारूँ १८४। लेगयो—ले गया। उदा० आज अनारी ले गयो सारी, बैठी कदम की डारी, हे माय १६६। १६६। लेण—लेने के लिए। उदा० जाग कियाँ बलि लेण इन्द्रासण, जाँयाँ पाताल पराँ १८६। लेत—लेते। उदा० दीन हीन ह्वे छुधा रत से, राम नाम न लेत १५८। लेताँ—लेले। उदा० नाम लेताँ तिरताँ सुण्याँ, जग पाहण पाणी जी १४०। लेलेहु—लेलो। उदा० दधि को नाम बिसरि गयो प्यारी, लेलहु री कोइ स्याम सलोना १७७। लैगो—ले गए। उदा० रथ चढ़ाय गोपाल लैगो, हाथ मींजत रही १८२। ल्यूँ—लूँ। उदा० बिरह की मारी मैं बन डोलूँ प्रान तजूँ करवत ल्यूँ कासी ६५ ल्यो ने लो उदा० कोई स्याम मनोहर ल्यो री, सिर धरैं मटकिया डोलैं १७८।

लई—दे० 'ल'

लकरी—(?) लकड़ी। उदा० काठ लकरी बन परी, काठ घुन खाई ८६।

लकुट—(सं० लकुट्) लाठी। उदा० मुरली कर लकुट लेऊँ, पीत बसन धारूँ १८४।

लख्—(सं० लक्ष्य)। लख—देखकर। उदा० ब्रजलीला लख जण सुख पावाँ, ब्रजबणताँ सुखरासी ६। १७५। लखावाँ—देखती हूँ। उदा० घरि णा आवाँ गेउ लखावाँ, बाण पड़्या लल-चावाँ री १२१। लखि है—देखता है। उदा० जा घट बिरहा सोई लखि है, कै कोइ हरिजन मानै हो ७३। लख्याँ—देखा। उदा० रूँम रूँम नखसिख लख्या ललक ललक अकुलाय १३।

लखावाँ—दे० 'लख्'

लखि—दे० 'लख्'

लख्याँ—दे० 'लख्'

लग्—(सं० लग्न)। लग—लगा। उदा० बहु दिन बीते अजहुँ न आये, लग रही ताला बेली ८०। लगण—प्रेम, स्नेह। उदा० बिसर्याँ णा लगण लगाँ मोर मुगट नटकी ९। १८, १२८, १६१, १६१, १६१, १६१, १६१, १६१, १६१, १६२, २०२। लगत—लगता। उदा० लगन—धुन, प्रेम। उदा० ऐसी लगन लगाइ कहाँ तू जासी ४६। १७४। लगनि—लगन। उदा० चरण कँवल की लगनि लगी नित, बिन दरसण दुख पावै ६७। १०८। लगाँ—(१) लगा, लगी। उदा० बिसरयाँ णा लगण लगाँ मोर मुगट नटकी ६ ९६

संयुक्त क्रिया। उदा० जल बल भई भस्म की ढेरी, अपणे अंग लगाजा ४६। **लगाइ**—लगाकर। उदा० ऐसी लगन लगाइ कहाँ तू जासी ४६। १७७। **लगाई**—लगाकर। उदा० जै तूं लगन लगाई चावै, तौ सीस की आसन कीजै १९१। १९१। **लगाज्यो**—लगा जाओ। उदा० मीराँ रे प्रभु गिरधर नागर बेड़ा पार लगाज्यो जी १२६। १३५। **लगाय**—(१) लगाकर। उदा० प्रभु जी थे कहाँ गया नेहड़ा लगाय ६४। १७६, १७६, (२) लगाए हैं। उदा० मीराँ दासी जनम जनम री थारो नेह लगाय १०१। **लगायाँ**—लगाया। उदा० दाध्या ऊपर लूण लगायाँ, हिवड़ो करवत सारयाँ ८३। **लगायो**—लगाया। उदा० हँस हँस मीराँ कंठ लगायो यो तो म्हाँरे नौसर हार ४०। १८८। **लगावाँ**—लगाऊँगी। उदा० वा बिरियाँ कब होसी म्हारो हँस पिय कंठ लगावाँ ७८। **लगास्यूँ**—लगाऊँगी। उदा० चाकर रहस्यूँ बाग लगास्यूँ नित उठ दरसण पास्यूँ १५४। १५४ **लगी**—(१) लगी है। उदा० बिरह बुझावण अंतरि आवो, तपन लगी तन माहिं ४४। ६७, १२७, १६७, (२) लगने पर। उदा० लगन लगी की पैंडो ही न्यारो, पाँव धरत तन छीजै १९१। १९१, १९१, **लगी है**—(संयुक्त काल) लगी हुई है। उदा० अष्ट करम की तलब लगी है, दूर करो दुख भार १३५। **लगूँ**—लगती हूँ। उदा० साजनियाँ दुसमण होय बैठ्या सबने लगूँ कड़ी ११८। **लगे**—लगती है। उदा० राणा जी म्हाने या बदनामी लगे मीठी ३३ **लग** लगता है उदा० **वाको** रस नीको लगै रे, वाकी लागै सूल ५६। ५६। **लग्याँ**—लगी। उदा० मीराँ री लगण लग्याँ होणा हो जो हूयाँ १८। **लग्या**—लग गया। उदा० बाण बिरह का लग्या हिये में, भूलूँ न एक घड़ी ११८। **लग्यो**—लगी। उदा० तरकस तीर लग्यो मेरे हियरे, गरक गयो सनकाणी २८। (२) लगी है। उदा० यो तो रंग धत्ताँ लग्यो ए माय ४०। **लागाँ**—लगता है, लगती है। उदा० स्याम बिणा जग खाराँ लागाँ, जगरी बाताँ काँची १९। ६६, ७७। (२) लग गई। उदा० म्हाँ लागाँ लगण सिरि चरण री १२८। **लागा**—लगा (भूतकाल) **बोलण लागा**—बोलने लगा। उदा० आयो साँवण भादवा रे, बोलण लागा मोर ५९। **लागियाँ**—लगी है। उदा० सावण में झड़ लागियाँ, सखि तीजाँ खेलै, हो ११५। **लागी**—लगी। उदा० न्हाय धोय जब पीवण लागी, हो अमर अँचाय ४१, ४१, ४१, ५६, ५६, ७७, ६१, ६१, ६१, ६२, १०८, १८३, १२७, १७३, १९१, १९२, २०१। **लागूँ**—पड़ती हूँ। उदा० घर आवो स्याम मेरे, मैं तो लागूँ पाँय तेरे १०२। **लागे**—लगती। उदा० तेरे कारण सब हम त्यागे, पान पान पै मन नहीं लागे १२६। १५२। **लागै**—लगता। उदा० भोजन भवन भलो नहिं लागै, पिया कारण भई गेली ८०। **लागो**—लगते हो। उदा० थे तो राणा जी म्हाँने इसड़ा लागो ज्यों ब्रच्छन में कैर ३४। (२) लगा। **बोलण लागो**—बोलने लगा। उदा० अबोलणाँ जग बोलण लागो बायाँ री कुसलात ६६ **लाग्याँ** १ लगा

उदा० मण म्हारो लाग्याँ गिरधारी जगरा बील सह्याँ २६। (२) लगता। उदा० मूल ओखद णा लाग्याँ, म्हाणे प्रेम पीड़ा खाय ६०। **लाग्यो है**—लगा है। उदा० कहा करूँ कित जाऊँ मोरी सजनी, लाग्यो है विरह सतावना ८५। **लाय**—लगा-कर। उदा० कलम धरत मेरो कर कंपत है नैन रहे झड़ लाय ७६। **लायाँ**—लगाया। उदा० मीराँ रे प्रभु गिरधर नागर, चरण कँवल चित लायाँ १४२। **लाया**—लगा। उदा० विरछराँ जो पात टूट्या, लाया णा फिर डार १६६। **लाये**—लगाए। उदा० (इक) गाजै बाजै पवन मधुरिया, मेहा अति झड़ लाये रे ८१। **लावणा**—लगाना है। उदा० मीराँ दासी दरसण प्यासी, हरि चरणाँ चित लावणा ८५। **लावाँ**—(१) लगाऊँ। उदा० मीराँ रे प्रभु आसा थारी दासी कंठ लावाँ ७१। (१) झपकती हूँ। उदा० णेणाँ म्हाँरा साँवरा राज्याँ, डरताँ पलक णा लावाँ १५। **लावै**—लगाती है। उदा० जड़ी घस लावै ७४। ७४। **ल्याया**—लगाया। उदा० बिरह बिथा ल्याया उर अंतर, थे आस्याँ णा बुझावाँ १०४। **ल्यावाँ**—लगालो। उदा० मीराँ व्याकुल विरहिणी, अपनी कर ल्यावाँ २८। **ल्यो**—लो। उदा० दधि को नाँव बिसर गई ग्वालन 'हरि ल्यो हरिल्यो' बोलै १७८।

लग—दे० 'लग्'

लगण—दे० 'लग्'

लगत—दे० 'लग्'

लगन—दे० 'लग्'

लगनि—दे० 'लग्'

लगाँ—दे० लग

लगा—दे० 'लग्'

लगाइ—दे० 'लग्'

लगाई—दे० 'लग्'

लगाज्यो—दे० 'लग्'

लगाय—दे० 'लग्'

लगायाँ—दे० 'लग्'

लगायो—दे० 'लग्'

लगावाँ—दे० 'लग्'

लगास्यूँ—दे० 'लग्'

लगी—दे० 'लग्'

लगूँ—दे० 'लग्'

लगे—दे० 'लग्'

लगै—दे० 'लग'

लग्याँ—दे० 'लग्'

लग्या—दे० 'लग्'

लग्यो—दे० 'लग्'

लटक्—(सं० लडन) ऊँचे स्थान से लग कर नीचे की ओर लटकने की क्रिया। **लटके**—भूतकाल। उदा० टेढ्याँ कर टेढ़े करि मुरली टेढ्याँ पाग लर लटके १०।

लटके—दे० 'लटक्'

लड़्या—दे० 'लर'

लड़्—(सं० रण्)। **लड़ै**—लड़ती है। उदा० सास लड़ै मेरी नन्द खिजावै, राणा रह्या रिसाय ४२।

लड़ै—दे० 'लड़्'

लता—(सं० लता) वेल। उदा० हम भई गुलफाम लता, वृन्दावन रैनाँ १८४।

लपट्—(हिं० लौ+पट)। **लपट**—लपटकर। उदा० लपट झपट मोरी गागर पटकी, साँवरे सलोने लोने गात १७६। **लपटाणी**—लिपट गई। उदा० सब संतन पर तन मन वारों, चरण कँवल लपटाणी ३८ **लपटास्याँ**

लपटाऊँगी । उदा० चरण कँवल, लपटास्याँ, हो माई ३५ ।

लपट—दे० 'लपट्'

लपटाणी—दे० 'लटट्'

लपटास्याँ—दे० 'लपट्'

लयाँ—दे० 'ल्'

लया—दे० 'ल्'

लर—(दे० 'लड़्') लड़ी । लड़्या—लड़ियाँ । **णेण लड़्या पोवाँ**—नेत्रों से आँसुओं की माला पिरोती हूँ । उदा० विरहण बैठ्याँ रंगमहल माँ, णेण लड़्या पोवाँ ८६ । लर— लड़ी । उदा० टेढ्याँ कर टेढ़े करि मुरली, टेढ्या पाग लर लटके १० ।

लरज्—(फा० लरजा=कंप) । लरजाँ—इत घण गरजाँ उत घण लरजाँ चमकाँ बिज्जु डरायाँ १४२ ।

लरजाँ—दे० 'लरज्'

ललक—(सं० ललन) । ललक ललक—ललच ललच कर, ललचाई नज़रों से । उदा० रूँम-रूँम नखसिख लख्याँ, ललक-ललक अकुलाय १३ । **ललचावाँ**—ललचाती हूँ । उदा० घरि णा आवाँ गेड लखावाँ, नाथ पड़्या ललचावाँ री १२१ ।

ललचावाँ—दे० 'ललक'

ललना—(सं० ललना) प्रिय । उदा० जागो बंसीबारे ललना, जागो मोरे प्यारे १६५ ।

लहर—(सं० लहरी) तरंग । लहर-लहर—धीरे-धीरे । उदा० विरह नागण मोरी काया डसी है, लहर-लहर जिव जावै ७४ । **लहराई**—लहर की तरह तरगित हुई । उदा० कुंडल झलकाँ कपोल अलकाँ लहराइ १२ **लहरि** लहरि—धीरे-धीरे । डस्यो कर मेरो, लहरि हो ६२ ।

लहराई—दे० 'लहर'

लहरि—दे० 'लहर'

लह्याँ—दे० 'ल्'

लाई—दे० 'ल्'

लाऊँ—दे० 'ल्'

लाख—(सं० लक्ष) मी मीराँ में इसका प्रयोग लिए हुआ है । उदा० को है, अपणे काज **लाख**—कई । उदा० बधाया आस्याँ म्हारो

लागाँ—दे० 'लग्'

लागा—दे० 'लग्'

लागियो—दे० 'लग्'

लागी—दे० 'लग्'

लागूं—दे० 'लग्'

लागे—दे० 'लग्'

लागै—दे० 'लग्'

लागो—दे० 'लग्'

लाग्याँ—दे० 'लग'

लाग्यो—दे० 'लग'

लाज—(सं० लज्जा) हार्‌याँ सब लोक लाज १२ । १७, १८, ३५, ६२, ७७, ९१, ९३, १३२, १३८, १४३, १८२ । **लाजाँ**—शर्म लेताँ राम-नाम रे, लोग मरे छै १५७ ।

लाजाँ—दे० 'लाज'

लाय—दे० 'लग'

लाया—दे० लग

लायाँ—दे० 'लग्'
लाया—दे० 'लग्'
लाये—(१) दे० 'ल्' । (२) दे० 'लग्'
लार—(सं० लाला) संबंध । उदा० साधो संगत हरि गुण गास्याँ, और णा म्हारी लार १६७ ।
लाल—(सं० लालक) (१) एक अमूल्य पत्थर जो आभूषण आदि में लगाया जाता है । मीराँ में कृष्ण को अमूल्य बताने के लिए उन्हें रत्न की उपाधि दी गई है । उदा० दासि मीराँ लाल गिरधर, अगम तारण-तरण १ । १५८, १८७ । (२) कृष्ण । उदा० मीराँ दासी अरज कर्याँ छै, म्हारो लाल दयाल ४७ । ६१, ८६, ९० । (३) रंग का नाम । उदा० उड़त गुलाल लाल बादला रो रंग लाल, पिचकाँ उड़ावाँ १४८ । १४८, १७५ । **लालगिरधर**—कृष्ण । उदा० दासी मीराँ लाल गिरधर मिल णा बिछड़्या कोय ४३ । १७३, १८३, १८५, १९६ । **लालजी**—संबोधन । उदा० उठो लालजी भोर भयो है, घर-घर खुले किवारे १६५ । **लालबिहारी**—कृष्ण । उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर मोहन लाल विहारी १७५ । **गिरधारीलाला**—कृष्ण । उदा० म्हाणे चाकर राखाँ जी गिरधारी लाला चाकर राखाँ जी १५४ ।
लालगिरधर—दे० 'लाल'
लालजी—दे० 'लाल'
लालबिहारी—दे० 'लाल'
लावण—दे० 'लग्'
लावाँ—(१) दे० 'ल्' । (२) दे० 'लग्'
लावे—दे० लग
लिख्—सं० लिख — **लिख लिख**—लिख-लिखकर । उदा० जिणरो पियाँ परदेस बस्याँ री लिख-लिख भेज्याँ पाती २३ । १२२, १२२, १२३ **लिखी**—लिखकर । उदा० जतन करो जंतर लिखी बाँधो, ओखद लाऊँ घँसिके ७ । **लिखूँ**—लिखती हूँ । उदा० पतियाँ मैं कैसे लिखूँ, लिख्योरी न जाय ७६ । ८४ । **लिख्यो**—(१) लिखा है । उदा० मैं जाण्यूँ हरि नाहिं नाहिं तजेंगे, करम लिख्यो भलि पोच १८३ । १८८ । (२) **लिख्यो री न जाय**—ए सखी लिखा नहीं जाता ।
लिख—दे० 'लिख्'
लिखी—दे० 'लिख्'
लिखूँ—दे० 'लिख्'
लिख्यो—दे० 'लिख्'
लियाँ—दे० 'ल्'
लिया—दे० 'ल्'
लियो—दे० 'ल्'
लीजे—दे० 'ल्'
लीजो—दे० 'ल्'
लीज्यो—दे० 'ल्'
लीज्यौ—दे० 'ल्'
लीणो—दे० 'ल्'
लीण्या—दे० 'ल्'
लीनी—दे० 'ल्'
लीने—दे० 'ल्'
लीन्हें—दे० 'ल्'
लीन्हो—दे० 'ल'
लीला—(सं० लीला) (१) यशगान । उदा० बिन्द्रावन री कुंज गलिन माँ गोविन्द लीला गास्यूँ १५४ । (२) क्रीड़ा । **गोपीलीला करण**—गोपियों के साथ रास रचाने वाले उदा० हण चरण गोबरधन धार्याँ गरब माघवा

हरण १।

लुभ्—(सं० लुब्ध)। **लुभाऊँ**—लुब्ध होती हूँ। उदा० गिरधर म्हाँरो साँचो प्रीतम देखत रूप लुभाऊँ २०। **लुभाणी**—आकर्षित हुई। उदा० मीराँ प्रभु रे रूप लुभाणी, गिरधर नागर नटके १०। ११, १३०, १४०। **लुभावाँ**—लुभाती हूँ, आकर्षित करती हूँ। उदा० निस दिन जोवाँ बाट छव रूप लुभावाँ ७१। (२) लुब्ध हुई। उदा० तण मण जीवण प्रीतम वार्‌या, थारे रूप लुभावाँ ६६। **लोभाई**—लुब्ध हुई। उदा० नटवर प्रभु भेष धर्‌याँ रूप जग लोभाई, १२।

लुभाऊँ—दे० 'लुभ्'

लुभाणी—दे० 'लुभ्'

लुभावाँ—दे० 'लुभ्'

लूँगी—दे० 'ल्'

लूण—(सं० लवण) नमक। उदा० दाध्या ऊपर लूण लगायाँ, हिवड़ो करवत सार्‌याँ ८३। ८४। **लूण अलूणो**—नमक युक्त अथवा नमक रहित। उदा० लूण अलूणो ही भलो है अपने पियाजी को साग ३६।

लूम—(सं० लूम) **लूम रह्या**—घूम रहा। उदा० भीजे म्हाँरो दाँवन चीर, सावलियो, लूम रह्‌यो रे १२२।

लेगो—दे० 'ल्'

ले—दे० 'ल्'

लेऊँ—दे० 'ल्'

लेगयो—दे० 'ल्'

लेण—दे० 'ल्'

लेत—दे० 'ल्'

लेताँ—दे० 'ल्'

लेलेहू—दे० 'ल्'

लैगो—दे० ल

लोइ ससार के लाग उदा० जाके सम सिधारता है, भला कहै सब लोइ २६।

लोक—(सं० लोकम्) संसार। **तीनू लोक**—तीनों लोक (आकाश, पाताल, पृथ्वी)। उदा० और आसिरो णा म्हारा थे विण तीनूँ लोक मंझार ४। ६, १२, १७, १८, १८, ३५, ३८, ४५, ६१, ९२, १७२। **लोकड़ियाँ**—संसार के लोग। उदा० लेताँ लेताँ राम नाम रे, लोकड़ियाँ तो लाजाँ मरे छै १५७। **लोकण**—लोगों का। उदा० लोकणा सीझ्याँ मन न पतीज्याँ मुखड़ा सबद सुणाज्यो जी १२६। **लोकलाज**—संसार की लाज। उदा० साज सिंगार बाँध पग घुँघर, लोकलाज तज नाची १६। **लोग**—सब व्यक्ति। उदा० मीराँ गिरधर हाथ बिकाणी, लोग कह्‌याँ बिगड़ी १४। ३२, ३६, ७२। **लोगाँ**—लोगों का। उदा० सत संगति मा ग्यान सुणैछी, दुरजन लोगाँ ने दीठी ३३।

लोकड़ियाँ—दे० 'लोक'

लोकणा—दे० 'लोक'

लोकलाज—दे० 'लोक'

लोग—दे० 'लोक'

लोगाँ—दे० 'लोक'

लोचण—(सं० लोचन)। उदा० सुन्दर बदन कमल दल लोचण, बाँका चितवण णेणाँ समाणी ११। **लोचणाँ**—आँखें। उदा० कमल दल लोचणाँ थें नाथ्याँ काल भुजंग १६८। **लोचन**—आँखें। उदा० भौंह कमान बान बाँके लोचन, मारत हियरे कसिके ७।

लोचणाँ—दे० 'लोचण'

लोचन—दे० 'लोचण'

लोना (हि० लोन) लवण युक्त (अधिक सुन्दर मीठ स मन की तृप्ति जल्दी हो

जाती है यही कारण है कि किसी ऐसे व्यक्ति के सौन्दर्य को 'लोना' कहा जाता है जिसको बार बार देखते रहने का ही मन करे, अर्थात् जिसमें जल्दी मन न भरे। **सलोना**—सुंदर। उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, सुन्दर सुघर सलोना ११७। १७६ **लोने**—लावण्य युक्त। उदा० लपट झपट मोरी गागर पटकी, साँवरे सलोने लोने गात १७६।

लोने—दे० 'लोना'

लोभ—(सं० लोभ) लालच। उदा० काम कूकर लोभ डोरी, बाँधि मोहिं चण्डाल १५८। १९८। **लोभाँ**—लोभ में। उदा० णेणाँ लोभाँ अटकाँ शक्याँ णा फिर आय १३।

लोभाँ—दे० 'लोभ'

लोभाई—दे० 'लुभ्'

ल्याया—दे० 'लग्'

ल्यावाँ—दे० 'लग्'

ल्यूँ—दे० 'ल्'

ल्यो—दे० 'ल्'

व

वंशी—(सं० वंशी) मुंह से बजायाँ जाने वाला एक प्रकार का बाजा, बाँसुरी, मुरली। उदा० अधर मधुर धर वंशी बजावाँ, रीझ रिझावाँ, ब्रजनारी जी २। ११।

वण—(सं० वन) जंगल। **वन वन**—हर स्थान पर। उदा० दीरघ नेण मिरघ कूं देखाँ, वण वण फिरताँ माराँ १९०। **वणराइ**—पेड़ों का समूह। उदा० वैसाख वणराइ फूलवै, कोइल कुरलीजै हो ११५।

वणराइ—दे० 'वण'

वपु—(सं० वपुस) शरीर। उदा० हय को वपु धरि दैत सधार्‍यो सार्‍यो देवन को काज १३२।

वर—(सं० वर) (१) वह व्यक्ति जो श्रेष्ठ हो, पति। उदा० वर हीणो अपणों भलो है, कोढ़ी कुष्टी कोइ २६। ३६। (२) वरदान। उदा० राणा भेज्या बिखरो प्यालो, थे इमरत वर दीज्यो जी ५०। १४०।

वरण—(सं० वर्ण)। **वरणाँ**—रंग। उदा० उजलो वरण बागलाँ पावाँ, कोमल वरणाँ काराँ १९०।

वर्—(सं० वरण) **वर्‍याँ**—वैरी हो गया। उदा० सगाँ सनेहाँ म्हारे णाँ क्याँई वर्‍याँ सकल जहाण १३६।

वर्‍याँ—दे० 'वर्'

वह्—(सं० वह)। **वह**—बहता है। उदा० बहता वहैजी उतावला रे, वे तो झटक बतावे छेह ५९।

वहै—दे० 'वह्'

वाँ—(सं० कल्पित रूप अव) उस (सार्वनामिक विशेषण)। उदा० वाँ झरमिट माँ मिल्यो साँवरो, देख्याँ तण मण राती २३। **वाँकी**—उसकी। उदा० म्हाँरी अंगुली ना छुवे, वाँकी बहियाँ मोरे, हो १८१। **वाँको**—उसका। उदा० म्हाँरो अचरा ना छुवे वाँको घूँघट खोले, हो १८१। **वा**—वह (सार्वनामिक विशेषण)। उदा० वा बिरिया कब होसी म्हारो हँस पिय कंठ लगाँवाँ ७८। ११६, १६१, १६३। **वाकी**—उसकी। उदा० वाकौ रस नीकौ लगै रे, वाकी लागै मूल ५६। **वाकूँ**—उससे। उदा० जाय वाकूँ ऐसे कहियो मीराँ तो तिहारी हैं १७४। **वाके**—उसके। उदा० रैण दिना वाके सँग खेलूँ ज्यूँ त्यूँ वाहि रिझाऊँ २०। **वाको**—उसको। उदा० हौं तो वाको नीको जाणो, कुंज को बिहारी हैं १७४। **वाकौ**—उसका। उदा० वाकौ रस नीको लगै रे, वाकी लागै मूल ५६। **वाहि**—उसे ही, उसको ही (बलात्मक)। उदा० रैणदिना वाके सँग खेलूँ, ज्यूँ त्यूँ वाहि रिझाऊँ २०। **वाही**—उसीको (बलात्मक)। उदा० चालाँ वाही देस प्रीतम, पावाँ चालाँ वाही देस १९३।

वाँकी—दे० 'वाँ'

वाँके—दे० 'वाँ'

वाँको—दे० 'वाँ'

वा—दे० 'वाँ'

वाकी—दे० 'वाँ'

वाकूँ—दे० 'वाँ'

वाके—दे० 'वाँ'

वाको—दे० 'वाँ'

वाकौ—दे० वाँ

वाज्यो—दे० 'बज्'

वाण—(सं० बाण) तीर। उदा० वाण विरह का लाग्या हिये में, भूलूँ न एक घड़ी ११८।

वाणि—दे० 'वाणी'

वाणी—(सं० वाणी) मुँह से निकले हुए वचन अथवा बोल। **वाणि**—वाणी। उदा० पपइया रे पिव की वाणि न बोल ८४। **वाणी**—उदा० जमणा किणारे कान्हा धेनु चराताँ, बंशी बजाताँ मीठा वाणी ११। ८७।

वार—(सं० द्वार) दरवाजा। उदा० वार निहारूँ पंथ बाहूरूँ, ज्यूँ गुण पावैं चित १२५।

वार्—(सं० वार्) **वारणैं**—न्यौछावर। उदा० तन मन धन करि वारणैं, हिरदे धरि लीजै, हो। १६। **वाराँ**—न्यौछावर करती हूँ। उदा० तन मन धन गिरधर पर वाराँ, चरण कँवल मीराँ विलमाणी ११। (२) न्यौछावर किया। उदा० तण वाराँ म्हाँ जोवण वाराँ, वाराँ अमोलक मोल २२। ९३। **वारियाँ**—न्यौछावर किया। उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, इन जुलफन पर वारियाँ १६२। **वारी**—(१) न्यौछावर। **तण मण डाराँ वारी**—तन मन न्यौछावर कर दिया। उदा० मोती चौक पुरावाँ णेणाँ, तण मण डाराँ वारी ५१। (२) न्यौछावर हुई। उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, चरण कमल पर वारी १३१। **वारूँ**—न्यौछावर करूँ। उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, ज्यों वारूँ सोही थोरा, रे १४७। **वारों**—न्यौछावर किया। उदा० सब संतन पर तन मन वारों चरण कँवल लपटाणी ३८

वार्‍यां - न्यौछावर किया। उदा० तण मण वार्‍यां हरि चरण माँ दरसण अमरित प्यास्यां री ३६ । ७१। **वार्‍या**—न्यौछावर किया। उदा० तण मण जीवण प्रीतम वार्‍या, थारे रूप लुभावाँ ६६।

वारणै—दे० 'वार्'

वाराँ—दे० 'वार्'

वारि—(सं० वारी) चारो ओर। लगन लगीं जैसे पतंग दीप से, वारि फेर तन दीजै १६१।

वारियाँ—दे० 'वार्'

वारूँ—दे० 'वार्'

वारो—दे० 'वार'

वारो—दे० 'वार्'

वारो—(?) वाला। **बड़ी बड़ी अँखियन वारो**—बड़ी-बड़ी आँखों वाला। उदा० हे मा बड़ी-बड़ी अँखियन वारो, साँवरो मो तन हेरत हँसिके ७।

वार्‍याँ—दे० 'वार्'

वासो—(सं० वास) वास स्थान, रहने की जगह। उदा० सासर वासो सजीने बैठी, हवे नथी कँई काँचूँ रे १४१।

वाहला—(सं० वहन)। उदा० ज्यूँ डूगर का वाहला रे, यूँ ओछा तणा सनेह ५६।

वाहि—दे० 'वाँ'

वाही—दे० 'वाँ'

विणि—दे० 'विण'

विरह—(सं० विरह) किसी से अलगाव होने का भाव, किसी के अलगाव को अनुभव करने का भाव। उदा० पलक पलक मोहि जुग से बीतै, छिनि-छिनि विरह जरावै हो ९२। १०१, १०२, १०४, १०८, १५५। **विरहण**—विरहिणी उदा० विरहण बैठ्याँ रग महल माँ, णेणा लड़्या पोवाँ ८६। ११९। **विरहणि**—विरहिणी। उदा० रावल कुण विलमाइ राखो, विरहणि है बेहाल ११६। १५०। **विरहानल**—विरह की अग्नि। उदा० तलफ-तलफ कल णा पड़ाँ विरहानल लागी ९१। **विरहिणी**—वियोगिनी। उदा० मीराँ व्याकुल विरहिणी अपनी कर ल्यावाँ २८। १५०

विरहण—दे० 'विरह'

विरहणि—दे० 'विरह'

विरहानल—दे० 'वरह'

विरहिणी—दे० 'विरह'

विराज्—(सं० विराज्)। **विराज**—विराजमान। **राख्यूं विराज**—विराजमान रखूं। उदा० नेण बिछास्यूँ हिवड़ो डास्यूँ सर पर राख्यूँ विराज १०९।

विराज—दे० 'विराज्'

विराणै—(फ़ा० विरान) बिराने, दूसरे अनजाने। उदा० देखि विराणी निवाँण कूँ है, क्यूँ उपजावै खीज २६। **विराणो**—दूसरे का। उदा० छैल विराणो लाख को है, अपणे काज न होइ २६।

विराणो—दे० 'विराणै'

विरुद—(सं० विरुद्ध) विरुद्ध। उदा० थारो कोल विरुद जग थारो, थे काँइ बिसर गयाँ ५२।

विलमा—(सं० विलंब)। **विलमाणी**—प्रेम के कारण रुकी। उदा० तन मन धन गिरधर पर वाराँ, चरण कँवल मीराँ विलमाणी ११।

विशाल—(सं० विशाल) बड़ी। उदा० मोहण मूरत साँवराँ सूरत णेणा बण्या विशाल ३।

विष (सं० विष) जहर उदा० राणा

विषरो प्याला भेज्याँ, पीय मगण हूयाँ १८। **विषाँ**—ज़हर। उदा० इमरत पाइ विषाँ क्यूँ दीज्याँ, कूँण गाँव री रीत ५६।

विषया—(सं० विषय) विषयों का भोग करने वाली इन्द्रियाँ। उदा० बिलार विषया लालची रे, ताहि भोजन देत १५८।

विषाँ—दे० 'विष'

विस्वास—(सं० विश्वास)। **विस्वास सँगाती**—ऐसा साथी जिस पर विश्वास किया जा सके। उदा० छोड्या म्हाँ विस्वास सँगाती, प्रेम री बाती जलाय ६४।

विहा—(सं० विहान)। **विहाणी**—बीत गई। उदा० पिय री पंथ निहारत सब रैण विहाणी हो ८७।

विहारी—(सं० विहार) बिहार करने वाले। उदा० हौं तो बाको नीको जाणो, कुँज को बिहारी हैं १७४।

वृन्दाबन—(सं० वृन्दावन) मथुरा जिले में स्थित एक प्राचीन तीर्थ। उदा० वृन्दावन की कुंज गलिन में, आँख लगाइ गयो मनमोहना १७७।

वे—(सं० कल्पित रूप अद) सर्वनाम अन्य पुरुष, बहु वचन। उदा० बहता बहैजो उतावला रे, वे तो भटक बताये छेह ५९। **वो**—वह। उदा० अपणे करम को वो छै दोस, काकूँ दीजै रे १८३।

वेग—(सं० वेग) शीघ्र। उदा० भौ सागर म्हाँ बूड्या चाहाँ स्याम वेग सुध लीज्यो जी ५०। **वेगि**—शीघ्र। उदा० मगसर ठंड बहोंती पड़ै, मोहि वेगि सम्हालो, हो ११५।

वेगि—दे० 'वेग'

वेद—(सं० वेद) भारतीय आर्यों के प्राचीनतम धार्मिक तथा आध्यात्मिक ग्रंथ जिनकी संख्या चार है। उदा० बिरद बखाणाँ गणताँ णा जाणा, थाकाँ वेद पुराण १३४। १८६।

वेदन—(सं० वेदना) वेदना, पीड़ा। उदा० अंतर वेदन बिरह री म्हारी पीड़ णा जाणी हो ८७।

वैदा—(सं० वैद्य) वैद्य। उदा० वैदा मरण ण जाणाँ री म्हारो हिवड़ो करकाँ जाय ७२।

वैर—(सं० वैर) दुश्मनी। उदा० पपइया म्हारो कब रो वैर चितार्‌याँ ८३। **वैरण**—शत्रु। उदा० सखाँरी लाज वैरण भई १८२।

वैरण—दे० 'वैर'

वैराग—(सं० वैराग्य) विरक्ति। उदा० दास मीराँ लाल गिरधर सहज कर वैराग १५८।

वो—दे० 'वौ'

वौहो—(सं० बहु) बहुत। उदा० बरस्या वौहो दिन भया वल बरस्याँ पलक न जाइ ११६।

व्याकुल—दे० 'अकुल'

व्याकुली—दे० 'अकुल'

व्याप्—(सं० व्याप्त)। **व्यापी**—फैल गई। उदा० तनह में व्यापी पीर, मन मतवारी हैं १७४।

व्याल—(सं० व्याल) सर्प, साँप। उदा० गायाँ गायाँ हरि गुण निसदिन, काल व्याल री बाँची १९। ७८, १९४।

श

शक्—(सं० शक्) । **शक्यां**—सका । उदा० णैणां लोभां अटक्यां शक्यां णा फिर आय १३ ।

शक्यां—दे० 'शक्'

शरण—(सं० शरण) आसरे । **शरणां**—शरण में । उदा० गिरधारी शरणां थारी आयां, राख्यां किर्पानिधान १३४ । **सरण**—शरण । उदा० मैं तो तेरी सरण परी रे रामा, ज्यूं जाणो त्यूं तार १३३ । १, १, ६, २६, ३५, ४८, ५१, ६२, ६२, ६३, ७७, १०४, १३३, १३८, १६५, १६४ । **सरणां**—शरण में । उदा० मीरां रे प्रभु गिरधर नागर, थारी सरणां आस्यां री ३६ । ४७, १५६ । **सरणा**—शरण में । उदा० मीरां रे प्रभु गिरधर नागर, आस गह्यां थे सरणा री १२८ । **सरणागत**—शरण में आए हुए । उदा० तुम सरणागत परमदयाला, भवजल तार मुरारी ११३ । १४२ । **सरणि**—शरण में । उदा० मीरां कूं सरणि लीजै बलि बलिहारियै १२० । **सरणे**—शरण में । उदा० मीरां तो सतगुर जी सरणे, हरि चरणां चित दीजो जी १११ । १८७ ।

शामल—(सं० श्याम) **शामलो**—सांवले रंग की । उदा० मीरां के प्रभु गिरधर नागर शामलो सुन्त शुभ एमनी रे १७३ । **श्याम**—कृष्ण । उदा० श्याम बिणा जग खारां लागां, जगरी बातां कांची १६ । **सांवरां**—सांवरे रंग की । उदा० मोहण मूरत सांवरां सूरत णेणा बण्या विशाल ३ । ५१ । **सांवरा**—(१) सांवला वर्ण । उदा० थांणे कांई कांई बोल सुणावा म्हारां सांवरां गिरधारी ५१ । १५० । (२) कृष्ण । उदा० णेणा वणज बसावां री, म्हारा सांवरा आवां १५ । १५, १६० । **सांवरिया**—कृष्ण । उदा० सांवरिया रो दरसण पास्यूं पहण कुसुम्बी सारी १५४ । **सांवरियो**—प्रियतम, कृष्ण । उदा० सांवरियो रंग राचां गणा, सांवरियो रंग राचां ३७ । ३७ । **सांवरो**—सांवली । उदा० सांवरी सूरत आन मिलावो, ठाढ़ी रहूँ मैं हँसिके ७ । ८८, १७२ । **सांवरे**—(१) सांवले रंग के । उदा० मीरां रे प्रभु सांवरे रे, थे बिण देह अदेह १०५ । १७६ । (२) कृष्ण । उदा० माई सांवरे रंग राची १६ । **सांवरो**—(१) कृष्ण । उदा० सांवरो उमरण सांवरो सुमरण, सांवरो रूप धरां री २१ । ७, १४, २१, २१, २३, २८, २८, ७०, ७२, १२६, १७४, १७५, १६३, १६४, २००, २००, २०१ । (२) सांवला रंग । उदा० सांवरो नंदनंदन दीठ पड्यां माई १२ । १८१ ।

साँवलिया—साँवरिया। उदा० मीराँ तो अब प्रेम दीवाँणी, साँवलिया बर पाणा ३६। **स्याम**—श्याम (कृष्ण) उदा० म्हारो मण मगण स्याम लोक कह्यौं भटकी ६। १५, १६, १७, १६, २८, २८, २६, ३१, ३५, ३७, ५०, ५१, ६६, ६८, ६६, ७७, ८०, ८२, ८८, ६०, ६०, ६१, ६१, ६३, ६३, ६४, १०८, १२०, १२०, १२३, १२४, १२६, १३८, १३६, १३६, १४४, १४४, १४७, १४८, १५६, १६६, १६६, १७७, १७७, १७७, १८१, १८१, १६५, २००, २०१। **स्याम मनोहर**—कृष्ण। उदा० मीराँ के प्रभु स्याम मनोहर प्रेम पियारा मीत ५७। **स्यामाँ**—श्याम को। उदा० मीराँ के मन अवर न माने चाहे सुंदर स्यामाँ ११४। **स्यामा**—राधिका। उदा० छैल छबीले नवल कान्ह सँग स्यामा प्राण पियारी।

शामली—दे० 'शामल'

शिद—(?) क्यों। उदा० चित्त माला चतुरभुज चुड़लो, शिद सोनी घरे जईये रे १८१।

शुण्—(सं० श्रवण)। **शुण्या**—सुना है। उदा० आजु शुण्या हरि आवाँ री मण भावाँ री १२१।

शुण्या—दे० 'शुण्'

शुभ—(सं० शुभ) मंगल, अच्छा। उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, शामली सुरत शुभ एमनी, रे १७३।

शोभा—(सं० शोभा) छवि, सुन्दरता। उदा० मोर मुगट पीतांबर शोभा, कुंडल री छब न्यारी १३१।

श्याम—दे० 'शामल'

श्रवण—(सं० श्रवण) कान से। उदा० या जग में कोई नहिं अपणा, सुणियो श्रवण मुरार १३३। १६७, १८४।

श्रीलाल—(सं० श्री + लाल) प्यार और आदर से युक्त संबोधन। उदा० श्रीलाल गोपाल के सँग, काहे नाही गई १८२।

ष

षंभण—(?) आधार। उदा० प्रीत निभावण दल के षंभण, ते कोई बिरला सूर ५६।

षाजे—दे० 'खा'

षाण—दे० 'खा'

षिण सं० क्षण क्षण में उदा० षिण ताता षिण सीतला रे, षिण वैरी षिण मित ५६।

षीर—(सं० क्षीर) खीर, दूध में पकाया हुआ चावल। उदा० षीर न षाजे आरो रे मूरख जीजे मित ५६।

स

सँग—(सं० संग) साथ। उदा० रैणदिना वाके सँग खेलूँ, ज्यूँ त्यूँ वाहि रिझाऊँ २०। २६, २६, ३०, ३०, ५५, ८०, १४८, १६१, १६१, १७५, १७५, १८२, १८४। **संगत**—साथ। उदा० गयाँ कुमत लयाँ संगत, स्याम प्रीत जग माँची १६। २६, ३०, १५६, १५६, १६७। **संगति**—साथ। उदा० सत संगति मा ग्यान सुणैछी, दुरजन लोगाँ ने दीठी।

सँदेसाँ—(सं० संदेश) संदेश। उदा० दीखा णाँ कोई परम सनेही, म्हारे सँदेसाँ लावाँ ८८। **सनेसड़ा**—संदेश। उदा० प्रीतम दिया सनेसड़ा, म्हारो घणो णेवाजाँ, हो १५०। **सनेसो**—संदेश। उदा० मतवारो बादर आए रे हरि को सनेसो कबहुँ न लाये रे ८१। **सन्नेस**—संदेश। उदा० म्हारा बिछड़्या फेर न मिल्या भेज्या णा एक सन्नेस ६८।

सँवार—(सं० सँवार) **सँवारण**—सँवारने वाला। उदा० पाँवड़ाँ म्हारो भाग सँवारण, जगत उधारण काज १०९। **सवाँर्‌या**—लगाया। उदा० सेज सवाँर्‌या पिय घर आस्याँ सख्याँ मंगल गास्यो १४९। **सवारियाँ**—सजाई। उदा० सुघर कान प्रवीण हाथन सूँ, जसुमति जू णे सवारियाँ १९२। **साँवरया** बनाया। उदा० भगत जणारो काज साँवरया, म्हारा प्रभु रणछोर २०२।

साँवारण—दे० 'सँवार'।

संकट—(सं० संकट) मुसीबत का समय। उदा० संकट मेट्या भगत जणाराँ, थाप्या पुन्न रा पाज १०९।

संकर—(सं० शंकर) मंगल करने वाला, शिव जी। उदा० जोगियो चतुर सुजाण सजणी, ध्यावै संकर सेस ११७।

संगत—दे० 'संग'

संगति—दे० 'संग'

संघार्—(सं० संहार)। **संघारा**—कष्ट दिया करते हैं। उदा० मीराँ रे प्रभु गिरधर नागर, राणाँ भगत संघाराँ १६०। **संघार्‌यो**—नाश किया। उदा० हयको वपु धरि दैत संघार्‌यो सार्‌यो देवन को काज १३२।

संघारा—दे० 'संघार्'

संघार्‌यो—दे० 'संघार्'

संजो—(सं० सज्जा)। **सँजोय**—संजोती है। उदा० घायल री गति घायल जाण्याँ, हिवड़ो अगण सँजोय ७०।

संत—(सं० संत) सज्जन। उदा० साधा संत रो संग, ग्याण जुगताँ कराँ ११३। **संतन**—संत का बहु वचन। उदा० सब संतन पर तन मन वाराँ, चरण कँवल लपटाणी ३८। ८५ **सं**[illegible] [illegible]।

उदा० मीराँ प्रभु सताँ सुखदायाँ, भक्त वछल गोपाल ३ । संतों—साधुओं । उदा० अडसठ तीरथ संतों ने चरणों, कोटि कासी ने कोटि गंग रे ३० । १३६ । संतोनी—संतों की । उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, संतोनी रज म्हाँरे अग रे ३० । सणत—संत । उदा० अवर अधम बहुता थें तारयाँ, भाख्या सणत सुजाण १३४ ।

संतन—दे० 'संत'

संताँ—दे० 'संत'

संतो—दे० 'संत'

संतोनी—दे० 'संत'

संदेस—(सं० संदेश) संदेश । उदा० लिख लिख पतियाँ संदेसा भेजूं कब घर आवै म्हाँरो पीव १२२ ।

सनेह—(सं० स्नेह) प्यार, प्रेमानुभूति । उदा० ज्यूँ डूगर का बाहला रे, यूँ ओछा तण संनेह ५६ । सनेह—स्नेह । उदा० प्रीतम दिया सनेसड़ा म्हारो घणो णेवाजाँ, हो १५० । सनेहाँ—स्नेह । सगाँ सनेहाँ म्हारे णाँ क्याँई बस्या सकल जहान १३६ । सनेही—स्नेही । उदा० परम सनेही राम की नीति ओलूँरी आवै ६७ ।

ससा—(सं० संशय) भ्रम, आशंका । उदा० या भव में मैं बहु दुख पायो, ससा भोग निवार १३५ ।

संसार—(सं० ससार) सृष्टि, जगत । उदा० थें विण म्हाणे जग णा सुहावाँ, निरख्याँ सब संसार ४ । ३१, ६३, १२७, १३५, १५६, १५८, १६५ ।

सइयाँ—(सं० स्वामी) प्रियतम । उदा० सइयाँ, तुम विणि नींद न आवै हो ६२ ।

सकल—(सं० सकल) सब । उदा० कुल कुटम्ब सजण सकल वार बार हटकी ९ १३, १८, १३४, १३६ ।

सकारे—(सं० सकाल) प्रातः । उदा० चरणाम्रित गो नेम सकारे, नित उठ दरसण जास्याँ ३१ ।

सखयाँ—दे० 'सखि'

सखि—(सं० सखी) सहेली । सखयाँ—सखियाँ । उदा० सेज सवाँर्‌या पिय घर आस्याँ सखयाँ मंगल गास्यो १४९ । सखि—उदा० सखि म्हाँरो सामरियाँ णे, देखवाँ कराँ री २१ । ६६, ११५ । सखियन—सखियाँ । उदा० सखियन सब मिल सीख दयाँ मण एक न मानी हो ८७ । सखियाँ—सखियाँ (बहु वचन) उदा० सखिया मिलि दोय च्यारी, बावरी भई हैं सारी १७४ । सखी—सहेली । उदा० आव सखी मुख देखिये, नैणाँ रस पीजै, हो १६ । २३, ७४, ८५, ८७, ९१, ११२, १६४, १६६, १८२ ।

सगाँ—(सं० स्वक) अपना, सगा । उदा० भागा छाँड्‌याँ, बन्धा छाँड्‌याँ, छाँड्‌याँ सगाँ सूयाँ १८ । १३६ ।

सजण—(सं० स्वजन) अपने लोग, मीराँ में कृष्ण के लिए प्रियतम के अर्थ में आया है । उदा० कुल कुटम्ब सजण सकल बार बार हटकी ९ । १०७ । सजणी—सखी । उदा० थाग जोवाँ दिण बीताँ सजणी, णैण पड्‌या दुखरासी ४५ । ३५, ८५, ८८, ९२, ११०, ११६, १४३, १५५, १५६, १७२, १९४, २०१ । सजनियाँ—प्रियतम । उदा० आव सजनियाँ बाट में जोऊँ, तेरे कारण रैण न सोऊँ १२६ । सजनी—सखी । उदा० काँई करूँ कित जाऊँ री सजनी नैण गुमायो रोइ ४४ ५३ ५४ ५७ ७४

७४, ११७, १७२। **साजण**—स्वजन, अपने लोग। उदा० सुन्दर बदन जोवताँ साजण, थारी छबि बलिहारी ५१, १५०, २०१। **साजन**—सज्जन। उदा० तुम बिण साजन कोइ नहीं है, डिगी नाव समँद अड़ी ११८। **साजनियाँ**—अपने लोग। उदा० साजनियाँ दुसमण होय बैठ्या सबने लगूँ कड़ी ११८।

सजणी—दे० 'सजण'

सजनी—दे० 'सजण'

सजा—(फ़ा० सज़ा)। (१) **सजावाँ**—सजाती हूँ। उदा० स्याम मिलण सिंगार सजावाँ सुखरी सेज बिछावाँ १५। (२) सुशोभित होंगे। उदा० दीपाँ चोक पुरावाँ हेली पिया परदेस सजावाँ ७८। **सजीने**—सज धज कर। उदा० सासर वासो सजीने बैठी, हवे नथी कइ काँचू **साजाँ**—(१) सुसज्जित है। उदा० रतण कराँ नेवछावराँ, ले आरत साजाँ, हो १५०। (२) सजाती हूँ। उदा० रतण कराँ नेवछावराँ, ले आरत साजाँ, हो १५०। (३) सजते हैं। उदा० साजाँ सोल सिंगार, सोणारो राखडाँ १९३। (४) सजाया था। उदा० साजाँ सिंगार सुहाणा सजणी, प्रीतम मिल्याँ धाय २०१। **साजि** सजाकर। उदा० कठिन क्रूर अक्रूर आयो, साजि रथ कहँ नई १८२।

सजीने—दे० 'सजा'

सणत—दे० 'संत'

सणमुख—(सं० सम्मुख) सामने। उदा० राजभोग आरोग्याँ गिरधर, सणमुख राखाँ थाल ४७। **सनमुख**—सम्मुख, सामने। उदा० लगण लगाई जैसे मिरघे नाद से सनमुख होय सिर दीजै १९१

सत—(सं० सत्) अच्छी। उदा० सत संगति मा ग्यान सुणैछी, दुरजन लोगाँ ने दीठी ३३। **सतगुर**—सच्चे गुरु, कृष्ण। उदा० मीराँ तो सतगुरु जी सरणे, हरि चरणाँ चित दीजो १११। **सतबादी**—सत्यवादी, सच बोलने वाला। उदा० सतबादी हरिचंदा राजा, डोर घर णीराँ भराँ १८९। **सतसंग**—अच्छी संगत। उदा० तज कुसंग सतसंग बैठ नित, हरि चरचा सुण लीजै १९९।

सतगुर—दे० 'सत'

सतबादी—दे० 'सत'

सतसंग—दे० 'सत'

सता—(सं० संताप)। **सतावना**—सताने। उदा० कहा करूँ कित जाऊँ मोरी सजनी लाग्यो है बिरह सतावना ८५। **सतावाँ**—सताती है। उदा० धाम ण भावाँ नींद ण आवाँ, बिरह सतावाँ मोय १०२। **सतावे**—सताती है। उदा० नींद न आवे बिरह सतावे, प्रेम की आँच ढुलावै ७४। **सतास्याँ**—सताऊँगी। उदा० चोरी न करस्याँ जिव न सतास्याँ, काँई करसी म्हाँरो कोई २५।

सतावना—दे० 'सता'

सतावाँ—दे० 'सता'

सतावे—दे० 'सता'

सतास्याँ—दे० 'सता'

सदकै—(अ० सद्क़:) न्यौछावर। उदा० जन मीराँ गिरधर के ऊपर, सदकै करूँ सरीर १९२।

सदन—(सं० सदन) घर में। उदा० सदन सरोज बदन की सोभा, ऊभी जोऊँ कपोल ५८।

सदा—(सं० सर्वदा) हमेशा। उदा० मीराँ के प्रभु सदा सहाई राखे बिघन

हटाय ४१ ।

सनकाणी—(सं० शंक > सनक + आणी) पागलपन । उदा० तरकस तीर लग्यो मेरे हियरे, गरक गयो सनकाणी ३८ ।

सनमुख—दे० 'सणमुख'

सनेसड़ा—दे० 'संदेसाँ'

सनेसो—दे० 'संदेसाँ'

सन्नेस—दे० 'सँदेसाँ'

सप्त—(सं० सप्त) सात । उदा० मीराँ के प्रभु बस कर लीने, सप्त तालनि की फाँसुरी १६७ ।

सब - (सं० सर्व) समस्त, सारा । उदा० थें विण म्हाणे जग णा सुहावाँ, निरख्याँ सब ससार ४ । १२, १३, २६, २६, २८, ३२, ३२, ३२, ३४, ३४, ३८, ५२, ७३, ७३, ७७, ८०, ८६, ८७, ८७, ८९, ९४, ९६, १०३, ११२, ११२, ११३, ११५, ११९, १२६, १३२, १३५, १५२, १६५ । **सबको**— सब लोगों का । उदा० विपत पड्याँ कोइ निकटि ण आवै सुख में सबको सीर १९२ । **सबन पँ**—सब पर । उदा० भरि भरि मुठि गुलाल लाल चहूँ, देत सबन पें डारी १७५ । **सबने**—सबको । उदा० साजनियाँ दुसमण होय बैठ्या सबने लगूँ कड़ी ११८ । **सबही**— सभी, सारे । उदा० दरद दिवाणी भई बावरी, डोली सब ही देस ९७ ।

सबको— दे० 'सब'

सबद—(सं० शब्द) मीठे शब्द, मीठे वचन । उदा० दादुर मोर पपीहा बोलै, कोयल सबद सुणावै ७४ । ८१, ८४, ९२, १२०, १२९, १४२, १४९, १६० ।

सबदा-- शब्द । उदा० सबदाँ सुणताँ मेरी छतियाँ काँपाँ मीठो थारो बैण १०३ ।

सबदाँ - दे० 'सबद'

सबन पँ—दे० 'सब'

सबने—दे० 'सब'

सबही—दे० 'सब'

समँद—(सं० समुद्र) समुद्र । उदा० बिरह समँद में छोड़ गया छो, नेह री नाव चलाय ६४ । ११८ । **समुंद**— समुद्र । उदा० नद्याँ नद्याँ निरमल धाराँ, समुंद कर्‌याँ जल खार्‌याँ जल खाराँ १९० । १९६ ।

सभाँ—(सं० सभा) सभा, समारोह । उदा० भरी सभाँ मा द्रुपद सुताँ री राख्या लाज मुरारी १३१ ।

समा—(सं० समय) । **समाणी**—समा गई, रम गई । उदा० सुन्दर बदन कमल दल लोचन, बाँको चितवन णेणा समाणी ११ । **समात** - समाता । उदा० आपहि आप पुजाय के रे, फूले अंग न समात १५८ ।

समाणी—दे० 'समा'

समात—दे० 'समा'

समुंद—दे० 'समँद'

सम्हाल्—(सं० संभार) । **सम्हालो**— रक्षा करो । उदा० मगसर ठंड बहोती पड़ै, मोहि बेगि सम्हालो, हो ११५ ।

सम्हालो—दे० 'सम्हाल्'

सर—(सं० शरस) सिर, शीश । उदा० नेण बिछास्यूँ हिवड़ो डास्यूँ, सर पर राख्यूँ बिराज १०१ । **सरताज**— मालिक । उदा० म्हा अबला बल म्हारो गिरधर, थें म्हारो सरताज ४८ । **सिर**— मुँह का वह ऊपरी भाग जहाँ बाल उगते हैं । उदा० रतण आभरण भूखण छाड्‌याँ, खोर कियाँ सिर केस ६८ । १५८, १७७, १७८, १९१, २०२ । **सिरताज**—

(सिर पर पहनने का ताज) मीराँ में कृष्ण के लिए आदरार्थ प्रयोग हुआ है। उदा० चांच मढ़ाऊँ थारी सोवनी रे, तू मेरे सिरताज ८४। १२२, १५१, १५२। सिरते—सिर से। उदा० गागर रँग सिरते झटकी, बेसर मुर गई साँरी १७०। सिरधारी—सिर पर धारण करने वाले। उदा० मीराँ के प्रभु गिरिधर नागर, चरण कमल सिरधारी १७०। सिरपेंच—मोर के पंख का बना हुआ मुकुट। उदा० रतन जटित सिर पेंच कलंगी, केसरिया सब साज १५२। सीस – सिर, शीश। उदा० भलो कह्याँ कांइ कह्याँ बुरो री सब लया सीस चढ़ाय १३। २६, १५०, १६१।

सरण—दे० 'शरण'

सरणाँ—दे० 'शरण'

सरणा—दे० 'शरण'

सरणागत—दे० 'शरण'

सरणि—दे० 'शरण'

सरणे—दे० 'शरण'

सरणो—दे० 'शरण'

सरताज—दे० 'सर'

सरदार—(फ़ा० सरदार) श्रेष्ठ व्यक्ति। सरदाराँ—श्रेष्ठ व्यक्तियों, साधुओं। उदा० हेल्या मेल्या कामणा म्हारे, पेठ्या मिल सरदाराँ री २४।

सरवर—(सं० सरोवर) सरोवर। उदा० मीणा तज सरवर ज्यों मकर मिलन धाई १२।

सरीर—(सं० शरीर) शरीर। उदा० साँची पियाजी री गूदड़ी, जामें निरमल रहै सरीर २६।५१, १५५, १६१, १६६, १९२।

सर—(सं० सरस)। सरें—सरते हैं सिद्ध होते हैं। उदा० तुम मिलियाँ में बोहो सुख पाऊँ, सरैं मनोरथ कामा ११४। सरै—सिद्ध होता है। उदा० मेरा प्राण निकस्या जात, हरी बिना ना सरै माई ८९। ८९। सर्‌यो—पूरा हुआ। उदा० लोक लाज बिसारि डारी, तबहीं काज सर्‌यो १७२।

सरैं—दे० 'सर्'

सरै—दे० 'सर्'

सर्‌यो—दे० 'सर्'

सलोना—दे० 'लोना'

सलोने—दे० 'लोना'

सबल—दे० 'बल'

सवाँर्‌याँ—दे० 'सँवार्'

सवारियाँ—दे० 'सँवर्'

सस्तो—(?) सस्ता, कम कीमत का। उदा० थे कह्याँ छाणे म्हाँ काँ चोड्डे लियाँ बजंता ढोल २२।

सहज—(सं० सहज) स्वाभाविक। उदा० दास मीराँ लाल गिरधर सहज कर वैराग्य १५८।

सहर—(सं० शहर) शहर। उदा० महल अटारी हम सब त्याग्या भगवीं चादर पहर ३४।

सहस—(सं० सहस्र) सहस्र, दस सौ (यहाँ 'बहुत से' के अर्थ मे प्रयुक्त हुआ है। उदा० सहस गोप बिच स्याम बिराजे, ज्यों तारा बिच चंद १३९।

सहाई—(स० सहाय) सहायता करनेवाले। उदा० मीराँ के प्रभु सदा सहाई राखे बिघन हटाय ४१। सहारो—सहायक। उदा० मीराँ दासी अरजाँ करता म्हारो सहारो णा आण १३६।

सहारो—दे० 'सहाई'

सहेली—(सं० सह + हि० एली) सखी,

सगिनी। उदा० को है सखी सहेली सजनी, पिया कूँ आन मिलावै ७४। **सहेल्या**—सखी। उदा० माणिक सहेल्या रली कराँ हे, पर घर गवण निवारि २६।

सह—(सं० सह्)। **सह्याँ**—सहता है, बरदाश्त करता है। उदा० मण म्हारो लाग्याँ गिरधारी जगरा बोल सह्याँ २६।१३८।

साँकड़—(सं० शृंखल) सँकरी पतली। **साँकड़ली**—(साँकड़+ली) पतला रास्ता। उदा० साँकड़ली सेर्‌याँ जन मिलिया क्यूँ कर फिरूँ अपूठी ३३। **साँकड़ारो**—दास मीराँ लाल गिरधर, साँकड़ारो साथी १८५।

साँकड़ारो—दे० 'साँकड़'

साँच—(सं० सत्य) सच्ची। **साँचाँ**-सच्ची। उदा० मीराँ रे प्रभु गिरधर नागर, जनम जनम रो साँचाँ ३७। **साँची**—सच्ची। उदा० गयाँ कुमत लयाँ साधाँ सगत, श्याम प्रीत जग साँची १९। २६, २६, २६। **साँचों**—सच्ची है। उदा० गिरधर म्हाँरो साँचों प्रीतम, देखत रूप लुभाऊँ २०। **साँच्याँ**—सच्ची है। उदा० स्याम प्रीत रो बाँधि घुँघर्‌याँ मोहण म्हारो साँच्याँ री १७। **साचुं**—सचमुच। उदा० छामलो घरेणु मारे साचुँ रे १४१।

साँचाँ—दे० 'साँच'

साँची—दे० 'साँच'

साँचों—दे 'साँच'

साँच्याँ—दे० 'साँच'

साँझ—(सं० संध्या) शाम। उदा० साँझ भई मीराँ सोवण लागी, मानो फूल बिछाय ४१, ६६, १९५।

साँप—(सं० सर्प) सर्प, साँप। उदा० साँप पिटारा राणा भेज्यों मीराँ हाथ दियो जाय ४१।४०

साँवण—(सं० श्रावण) सावन का महीना (यह महीना आषाढ़ के बाद और भादो के पहले आता है) उदा० आयो साँवण भादवा रे, बोलन लगा मोर ५९।

साँवराँ—दे० 'श्याम'

साँवरा—दे० 'श्याम'

साँवरिया—दे० 'श्याम'

साँवरियो—दे० 'श्याम'

साँवरी—दे० 'श्याम'

साँवरे—दे 'श्याम'

साँवरों—दे० 'श्याम'

साँवरो—दे० 'श्याम'

साँवर्‌यो—दे० 'संवार्'

साँवलिया—दे० 'श्याम'

साँसड़िया—(सं० श्वास+ड़ियाँ) साँस। उदा० नैण दुखी दरसण कूँ तरसै, नाभिन बैठे साँसड़ियाँ १०८।

साइनि—(सं० सारी) सारी, (विशेषण)। उदा० सखी साइनि मोरी हँसत हैं, हँसि हँसि दे मोहि तारी, हे माय १६९।

साकट—(सं० शाक्त) राजस्थान में एक विशेष मत को माननेवाले शाक्त लोग। उदा० साकट जननों संग न करिये, पड़े भजन में भंग रे ३०।

साग—(सं० शाक) सब्जी। उदा; लूण अलूणो ही भलो है, अपणे पियाजी को साग २६।

सागर—(सं० सागर) समुद्र। उदा० भव सागर तर जास्याँ, हो माई ३५।५०, ६३, १०६, १२८, १२९, १५०। **सागराँ**—समुद्र। **सुख सागराँ**—सुख का भंडार। उदा० मीराँ रे सुख सागराँ म्हारे सीस बिराजाँ हो १५०।

सागराँ—दे० 'सागर'

साचुं—दे० 'साँच'

साज—(सं० सज्जा) (१) सज्जा, सजावट। उदा० साज सिंगार बाँध पग घुंघर, लोक लाज तज नाची १६।४८, १३२। (२) बाजे, वाद्य। उदा० दादुर मोर पपीहा बोल्याँ, कोइल मधुराँ साज १४३। (३) आभूषण। उदा० चुणि चुणि कलियाँ सेज बिछायो, नखसिख पहर्‌यो साज १५१। १५२।

साजण—दे० 'सजण'

साजन—दे० 'सजण'

साजनियाँ—दे० 'साजण'

साजाँ—दे० 'सजा'

साजि—दे० 'सजा'

साड़ी—(सं० शाटिका) स्त्रियों के पहनने का कपड़ा जिसको धोती भी कहते हैं। उदा० कहो कसूमल साड़ी रँगावाँ, कहो तो भगवी भेस १५३। **सारी**—साड़ी। उदा० साँवरिया री दरसण पास्यूँ, पहण कुसुम्बी सारी १५४।

साता—(सं० शांत) शांत, खामोश। उदा० रूम-रूम साता भइ उर में, मिटि गई फेरा फेरी ९४।

साथ—(सं० सहित) (१) साथ। उदा० जोगणि होइ जुग ढूंढसूं रे, म्हारा रावलियारी साथ ११७।१७९। **लीणों भुज भर साथ**—भुजाओं में भर लिया। उदा० दध मेरो खायो, मटकिया फोरी, लीणो भुज भर साथ १७६। **साथी**- मित्र। उदा० म्हाँरो जणम रो साथी थाँने णा बिसर्‌याँ दिन राती १०६।१२२, १८५, १८५।

साथो—दे० 'साथ'

साध—(सं० साधु) साधु (यहाँ कृष्ण के लिए साध प्रयुक्त हुआ है)। उदा० जिण मारग म्हाँरा साध पधारे, उण मारग म्हे जास्याँ २५।३२, १५६, १५६। **साधाँ**—साधु लोग (बहु वचन)। उदा० दूसराँ णाँ कूयाँ साधाँ सकल लोक जूयाँ १८। १९, २८, २६, ३७, १५६। **साधा**—साधु लोग। उदा० साधा संत रो संग, ग्याण जुगताँ कराँ १६३। **साधु**—सज्जन उदा० आज म्हाँरो साधु जननो संगरे, राणा म्हाँरा भाग भल्याँ ३०।३०। **साधो**—सज्जन। उदा० साधो संगत हरिगुण गास्याँ, और णा म्हारी लार १६७।

साधाँ—दे० 'साध'

साधा—दे० 'साध'

साधु—दे० 'साध'

साधो—दे० 'साध'

सामरिया—(सं० श्यामल) साँवरिया। उदा० सखि म्हाँरो सामरिया णे देखवाँ कराँ री २१।

सामाँ—(सं० शांति) शांति। उदा० म्हारे आज्यो जी रामाँ, थारे आवत आस्याँ सामाँ ११४।

सारङ्ग—(सं० सारंग) पपीहा। सारंग सबद सुनि बिरहनी पुकार्‌यै १२०।

साराँ–(सं० सारा) सब। **साराँ रात**–पूरी रात, रात भर। उदा० नीदड़ी आवाँ णा साराँ रात, कुण बिधि होय परभात। ७५ **सारा**—सब। उदा० पुतनाम जस गाइयाँ, गज सारा जाणी जी १४०। **सारी**—सब। उदा० गणताँ गणताँ घिस गयाँ रेखाँ, आँगरियाँ री सारी ७७। **सारो**—सारा। उदा० हरि मंदिर जाँता पाँवलिया रे दूखे, फिर आवे सारो गाम रे १७५।

सारा—दे० 'सारा'

सारी—(१) दे० 'साड़ी'
(२) दे० 'साराँ'

सारो—दे० 'साराँ'

सार्—(सं० सार्) **सार्याँ**—(संज्ञा) लोहे पर। उदा० काथ कथीर सूं काम णा म्हारे, चढ़स्याँ घणरी सार्याँ री २४। (२) चलाया। उदा० दाध्या ऊपर लूण लगायाँ, हिवड़ो करवत सार्याँ ८३। (३) चिल्लाया। उदा० ऊभा बैठ्याँ बिरछरी डाली, बोला कंठ णा सार्याँ ८३। **सार्यौ**—पूरा किया। उदा० हय को वपु धरि दैत संघार्यो सार्यौ देवन को काज १३२।

सार्याँ—दे० 'सार्'

सार्यौ—दे० 'सार्'

साल—(सं० शल्य) कष्ट। उदा० है कोइ जग मैं राम सनेही, ऐ उरि साल मिटावै हो ९२।

सालगराम—(सं० शालग्राम) एक विशेष आकार का काला पत्थर जिसे लोग विष्णु की मूर्ति मानते हैं। उदा० काला नाग पिटार्याँ भेज्या, सालगराम पिछाणा ३६। **सालिगराम**—शालिग्राम। उदा० न्हाय धोय जब देखण लागी, सालिगराम गई पाय ४१।

सावण—(सं० श्रावण) सावन का महीना। उदा० सावण आवण हरि आवण री, सुण्या म्हाणे बात ६६।११५, ११६, ११७, १४६, १४७। **सावणियों**—सावन का मेघ,। उदा० भीजे म्हाँरो दाँवन चीर, सावणियाँ लूम रह्यो रे १२२। **सावन**—उदा० बरसाँ री बदरिया सावन री, मन भावण री १४६।

सावणियो—दे० 'सावण'

सावन—दे० 'सावण'

सास—(सं० श्वश्रु) पति की माँ। उदा० सास लड़ै मेरी नन्द खिजावै, राणा रह्या रिसाय ४२। **सासर**—ससुराल। उदा० सासर वासो मज्जी ने बैठी, हवे नथी कइ काँचू रे १४१। **सासु**—सास। उदा० लोग कह्याँ मीराँ बावरी, सासु कह्या कुलनासी री २६।

साहब (अ० साहिब) मालिक, स्वामी। उदा० मैं तो दासी थाराँ जनम जनम की, थें साहब सुगणा ६०। **साहिब**—स्वामी। उदा० अब तो बेगि दया करि साहिब, मैं तो तुम्हारी दासँदियाँ १०८।

साहिब—दे० 'साहब'

सिंगार—(सं० शृंगार) शृंगार। उदा० स्याम मिलण सिंगार सजावाँ सुखरी सेज बिछावाँ १५।१६, २५, १६३, २०७। **सिणगारो**—शृंगार। उदा० चूड़ो म्हाँरे तिलक अरु माला, सील बरत सिण गारो २५।

सिर—दे० 'सर'

सिरताज—दे० 'शीश'

सिरते—दे० 'शीश'

सिरधारी—दे० 'शीश'

सिरपेच—दे० 'शीश'

सिरि—(सं० श्री) श्री (आदरसूचक)। उदा० मीराँ सिरि गिरधर नट नागर, भगति रसीली जाँची १९।१२८। **सिरी**—सुंदरता। उदा० इण चरण कालियाँ नाथ्याँ, गोपीलीला करण १।२७।

सिरी—दे० 'सिरि'

सींच—पानी डाल डालकर। उदा० असवाँ जल सींच सींच प्रेम बेल बूयाँ १८।

सी—(सं० सम) जैसी। उदा० गिरधर से सुनवल ठाकुर, मीराँ सी दासी १६३।

सीख—(सं० शिक्षा) शिक्षा। उदा सखि

यन सब मिल सीख दयां मन एक न मानी हो ८७ ।

सीझ—(सं० सिद्धि) । **सीझ्यां**—समझाया । उदा० लोकणा सीझ्यां मन न पतीज्यां मुखड़ा सबद सुणाज्यो जी १२६ ।

सीतल—(सं० शीतल) ठंडा, शीतल । उदा० सुभग शीतल कंवल कोमल, जगत ज्वाला हरण १।११६, १४६, १६१ । **सीतला**—ठंडा । उदा० पिण ताता पिण सीतला रे, मूरखन कीजै मित ५६ ।

सीतला—दे० 'शीतल'

सीधार—(?) । **सीधारतां**—जाने पर । उदा० ताके संग सीधारतां हे, भला न कहसी कोइ २६ ।

सीधारतां—दे० 'सीधार्'

सीप—(सं० शुक्ति) समुद्री जल जंतु का सफेद, कड़ा और चमकीला आवरण जो बटन आदि बनाने के काम आता है। उदा० सीप स्वाति ही झेलती, ओसाजां सोई, हो ११५ ।

सीर—(सं० सीर) साझेदार । उदा० बिपत्ति पड़्यां कोइ निकटि न आवै, सुख मे, सबको सीर १९२ ।

सीर्‌यां—(?) निकट । उदा० भाग हमारो जाग्यां रे, रतणाकर म्हारी सीर्‌यां री २४ ।

सील—(सं० शील) शील, शालीनता । उदा० चूड़ो म्हारे तिलक अरु माला, सील बरत सिणगारो २५ ।

सीस—दे० 'सर'

सीसोद्यो—(सिसोद स्थान) सिसोदिया वंश (मीराँ के ससुराल का वंश) । उदा० सीसोद्यो रूठ्यो तो म्हांरो कांई कर लेसी ३५ ।

सुंदर—(सं० सुंदर) अच्छा, खूबसूरत । उदा० सुंदर बदन कमल दल लोचण, बांका चितवण णेणां समाणी ११।५१, १३, ११४, १२४, १२६, १७७ ।

सुख—(सं० सुख) आराम । उदा० ब्रजलीला लख जण सुख पावां, ब्रजबणतां सुखरासी ६।२८, २९, ३१, ३२, ५३, ७३, ८६, ९४, ९४, ९७, ९९, १०२, १०३, ११०, ११४, १५०, १९२, २०१ । **सुखदाई**—सुख देनेवाली । उदा० केसर रो तिलक भाल, लोचन सुखदाई १२ । **सुखदाणी**—सुखदानी सुखदेने वाले । उदा० मीरां तो चरणन की चेरी, सुण लीजे सुखदाणी १३० । **सुखदायां**—सुख देने वाला । उदा० मीरां प्रभु संतां सुख दायां, भक्त बछल गोपाल ३ । **सुखधाम**—सुख का धाम, सुख का भंडार । उदा० म्हारे आणद उमग भर्‌या री जीव लह्यां सुखधाम १४४ । **सुखरासी**—सुखराशी सुखमय । उदा० ब्रजलीला लख जण सुख पावां, ब्रजबणतां सुखरासी ६। १६३ । **सुखरी**—सुखकी । उदा० स्याम मिलण सिंगार सजावां सुखरी सेज बिछावां १५ । **सुखसागर**—सुख का सागर, सुख का भंडार । उदा० मीरां रे सुखसागर स्वामी, भवण पधार्‌या स्याम १४४ । **सुष**—सुख । उदा० तुम आयो बिन सुष नही मेरे, पीरी परी जैसे पान १२४ ।

सुखदाई—दे० 'सुख'

सुखदाणी—दे० 'सुख'

सुखदायां—दे० 'सुख'

सुखधाम—दे० 'सुख,

सुखरासी—दे० 'सुख'

सुखिया—दे० 'सुख'

सुगणा—(स+सं० गुण) गुणों से युक्त

सुणज्यो—दे० 'सुण्'
सुणज्यौ—दे० 'सुण्'
सुणत—दे० 'सुण्'
सुणताँ—दे० 'सुण्'
सुणाँ—दे० 'सुण्'
सुणायाँ—दे० 'सुण्'
सुणाये—दे० 'सुण्'
सुणायो—दे० 'सुण्'
सुणावा—दे० 'सुण्'
सुणावै—दे० 'सुण्'
सुणि—दे० 'सुण्'
सुणियो—दे० 'सुण्'
सुणियौ—दे० 'सुण्'
सुणे—दे० 'सुण्'
सुणैछो—दे० 'सुण्'
सुण्याँ—दे० 'सुण्'
सुण्या—दे० 'सुण्'
सुत—(सं० सुत) बछड़ा। उदा० दुगधा आरण फिरे दुखारी, सुरत, वसी सुत मानैं हो ७३। सुताँ—पुत्री। उदा० भरी सभाँ मा द्रुपद सुताँ री, राख्या लाज मुरारी १३१।१२७।
सुताँ—दे० 'सुत'
सुदाण—(?) माँस का विक्रेता। उदा० अजामील अपराधी तार्‌याँ तार्‌याँ नीच सुदाण १३४।
सुदामाँ—(सं० सुदामन्) कृष्ण के मित्र। उदा० थें रिख पतणी किरपा पायाँ, विप्र सुदामो विपत बिडारण १३७।१८७। सुदामा—कृष्ण के मित्र। उदा० भीलणी का बेर सुदामा का तन्दुल, भर मुट्ठी बुकंद १३३।१८७।
सुदामा—दे० 'सुदामाँ'
सुध—(सं० सुधि) स्मृति। उदा० डार्‌याँ सब लोकलाज सुध बुध बिसराई १२। ५०, ५२, ५३, ७५, ८७, १०७, १११, १२७, १६६, १६७। सुधि—होश। उदा० बन बन ढूंढत मैं फिरी, आली सुधि नहीं पाई। ८६।१७४।
सुधरस—(सं० सुधा+रस) अमृत। उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, सुंदर, स्याम सुधरस लोना १७७। सुधा—अमृत। सुधा रस—अमृत। उदा० अधर सुधा रस मुरली राजाँ उर बैजंती माल ३।
सुधा—दे० 'सुधा'
सुधार्—(सं० सुधार्)। सुधारा—सुधार दिया। उदा० सब संतों का काज सुधारा, मीराँ सूं दूर रहंद १३६।
सुधारा—दे० 'सुधार्'
सुधि—दे० 'सुध'
सुनके—दे० 'सुण्'
सुनन्द—दे० 'सुण्'
सुनत—दे० 'सुण्'
सुन लीजे—दे० 'सुण्'
सुनवल—(सं० सुंदर) सुंदर। उदा० गिरधर से सुनवल ठाकुर, मीराँ सी दासी १६३।
सुनाज्यो—दे० 'सुण्'
सुनाय—दे० 'सुण्'
सुनि—दे० 'सुण'
सुनियत—दे० 'सुण्'
सुपणाँ—(सं० स्वप्न) सपना, वह दृश्य जो निद्रावस्था में दिखाई पड़े। उदा० सुपणाँ माँ म्हारे परण गया पायाँ अचल सोहाग २७। सुपणा—सपना। उदा० माई म्हाणो सुपणा माँ परण्याँ दीनानाथ २७। २७, ६७, १२८। सुपनाँ—सपना। उदा० चमक उठाँ सुपनाँ लख सजणी, सुध णा भूल्याँ जात ७५।
सुपणा—दे० 'सुपणाँ'

सुपना—दे० 'सुपणाँ'

सुफल—(सं० सु+फल) अच्छा परिणाम, सफल। उदा० बिसरि जावाँ दुख निरखाँ पियारी सुफल मनोरथ काम १४४।

सुबासी—(सं० सु+वास) सुगंधित, अच्छी महक देनेवाला। उदा० पीताम्बर फेंटा बाँधे, अरगजा सुबासी १६३।

सुभग—(सं० सुभग) सुँदर। उदा० सुभग सीतल कँवल कोमल, जगत ज्वाला हरण १।

सुमरण—(सं० स्मरण) याद। उदा० साँवरों उमरण साँवरो सुमरण, साँवरो ध्याण धराँ री २१। **सुमिरण**—भगवान के नाम का स्मरण। उदा० चाकरी में दरसण पास्यूँ, सुमिरण पास्यूँ खरची १५४। **सुरत**—स्मरण। उदा० दुगधा आरण फिरै दुखारी, सुरत बसी सुत मानै हो ७२।

सुरगा—(सं० सु+रंग) सुँदर, अच्छे वर्ण वाला। उदा० रूप सुरंगा साँवरो मुख निरखण जावाँ २८।

सुर—(सं० सुर) देवता। उदा० उठो लाल जी भोर भयो है सुर नर ठाढ़े द्वारे १६५।

सुरत—(१) दे० 'सुमरण' (२) (फ़ा० सूरत) शक्ल। उदा० साँवरी सुरत मण रे बसी ८८।

सुला—(सं० शयन)। **सुलाय**—सुलाकर। उदा० सूल सेज राणा ने भेजी, दीज्यो मीराँ सुलाय ४१।

सुष—दे० 'सुख'

सुहाग—(सं० सौभाग्य) अच्छा भाग्य। उदा० जग सुहाग मिथ्यारी सजणी, होवाँ हो मट ज्यासी १९४।

सुहा—(सं० शोभन्)। **सुहाणाँ**—सुहावने अच्छा लगनेवाला। उदा० साजाँ सिगार सुहाणाँ सजनी, प्रीतम मिल्याँ धाय २०१। **सुहाय**—अच्छा लगता है। उदा० तुम देख्याँ बिन कल न पड़त है, ग्रिह अँगणो न सुहाय ९८। **सुहावे**—अच्छा लगता है। उदा० भई हों बावरी सुन के बाँसुरी हरि बिनु कछु न सुहावे १६७। **सुहावण**—अच्छा लगनेवाला। उदा० थारा सबद सुहावण रे, जो पिव मेला आज ८७। १४६। **सुहावणा** शोभा देनेवाला। उदा० सुंदर स्याम सुहावणा, मुख देख्याँ जीजै, हो १६। **सुहावाँ**—अच्छा लगता है। उदा० थे विण म्हाणे जग णा सुहावाँ, निरख्याँ सब संसार ४। ७८। **सुहावे**—अच्छा लगता है। उदा० दरस बिना मोहि कछु न सुहावे, तलफ तलफ मर जासी १३०। **सुहावै**—सुहाता है। उदा० राम हमारे हम हैं राम के, हरि दरस दिखावै ६७। १०८। **सोहाँ**—(१) सुशोभित होना। उदा० मोर मुगट मकराकृत कुंडल अरुण तिलक सोहाँ भाल ३। ६। (२) सुशोभित होता है। उदा० मोर मुकुट पीताम्बर सोहाँ, गल बैजन्ती माला १५८। १६१। **सोहाई**—सुशोभित होती है। उदा० मोर चन्द्रका किरीट मुगट छब सोहाई १२। **सोहाय**—अच्छा लगता है। उदा० पिया पियाला नाम का रे, और न रंग सोहाय ४०। **सोहै**—सुशोभित होता है। उदा० मोर मुकुट पीताम्बर सोहै, कुंडल की झकझोर १६४। १७१।

सुहाणाँ—दे० 'सुहा'

सुहाय—दे० 'सुहा'

सुहावे—दे० 'सुहा'

सुहावण—दे० 'सुहा'

सुहावाँ—दे० 'सुहा'
सुहावे—दे० 'सुहा'
सुहावैं—दे० 'सुहा'
सूं—(१) (सं० समम्) से करण कारकीय चिह्न। उदा० कामदारो सूं काम गा म्हारे, जावा म्हा दरबारो री २४। २१, २४, २४, ५६, ७६, ८०, ८८, ६५, १०१, ११२, ११२, १३६, १५०, १६२, १७२, १८०, १८६, १६३, १६३, २०१। (२) (सं० सम) जैसे। उदा० अविनासी सूं बालवाँ है, जिनसूं साँची प्रीत २६। सें—साथ। उदा० लगण लगी जैसे पतंग दीप से वारि फेर तन दीजे १६१। १६१। से (१) से (करण कारक)। उदा० जोगिया से प्रीत कियाँ दुख होइ ५३। ८६, १६८। (२) से (अपादान कारक)। उदा० गज से उतर के खर नहिं चढ़स्याँ, ये तो बात न होई २५। ८६, १६१, १६१, १६१, १६६। (३) से (From)। उदा० उमड़ घुमड़ चहुँदिस से आया, गरजत है घन घोरा, रे १४७। (४) (सं० सम्) जैसे, के समान। उदा० बोलत बचन मधुर से मानूँ, जोरत नाहीं प्रीत ५७। १६३। (५) बहु वचन का चिन्ह। उदा० पलक पलक मोहि जुगसे बीते, छिनि छिनि बिरह जरावै हो ६२। सों—से। उदा० प्रभु सो मिलन कैसे होय १५८।
सो—जैसा (सं० सम्)। उदा० प्राण पाण म्हाणे फीकाँ सों लागाँ नैणा रहाँ मुरझावाँ ६६।
सूंण—दे० 'सुण'
सू—(सं० सः) वह (सार्वनामिक विशेषण) उदा० पिव मेरा मैं पीव की रे, सू पिव कहै सू कूण ८४।
सूख—(सं० शुष्क)। सूखूं—सूखती हूँ। उदा० दिन नहिं चैन रैण नहिं निदरा, सूखूं खड़ी खड़ी ११८।
सूनी—(सं० शून्य) उदास। उदा० सूनी बिरहन पिव बिन डोलैं, तज गया पीव पियारी ७७। ७७। ७८। सूनो—सूना, जहाँ कोई न हो। उदा० सूनो गाँव देस सब सूनो, सूनी सेज अटारी ७७।
सूनो—दे० 'सूनी'
सूयाँ—(?) संबंधी। उदा० भाया छाड्याँ बंधा छाड्याँ, छाड्याँ सगाँ सूयाँ १८।
सूर—(सं० शूर) शूर वीर। उदा० प्रीत निभावण दल के थंभण, ते कोई बिरला सूर ५६।
सूरज—(सं० सूर्य) सूर्य। उदा० तुम बिच हम बिच अंतर नाहीं, जैसे सूरज घामा ११४।
सूरत—(फ़ा० सूरत) आकृति। उदा० मोहण साँवराँ सूरत णेणा बण्या विशाल ३। ७, ५३, १३०, १७३।
सूल—(सं० शूल) काँटा। उदा० सूल सेज राणा ने भेजी, दीज्यो मीराँ सुलाय ४१। ५४, ५६, ६२।
सें—दे० 'सूं'
से—दे० 'सूं'
सेज—(सं० शय्या) शय्या, पलंग। उदा० स्याम मिलण सिंगार सजावाँ सुखरी सेज बिछावाँ १५। ४१, ७४, ७७ ६२, १४६, १५१। सेजाँ—बिस्तर। उदा० सूनी सेजाँ व्याल बुझायाँ जागा रैण अकुलावाँ ७८।
सेजाँ—दे० 'सेज'
सेर्‌याँ—गली। उदा० साँकड़ली सेर्‌याँ जन मिलिया क्यूँ कर फिरूँ अपूठी ३३।

सेली—(सं० शल > सल + एली) योगियों की माला। उदा० सेली नाद बभूत न बटवो, अजूँ मुनी मुख खोल ५८। ८०, ६८, १८८।

सेस—(सं० शेष) शेषनाग। उदा० जोगियो चतुर सुजाण सजनी, ध्यावै स कर सेस ११७।

सैयाँ—प्रियतम। उदा० म्हाँ गिरधर रँग राती, सैयाँ म्हाँ २३।

सों—दे० 'सूँ'

सो[1]—(१) दे० 'सूँ'। (२) (सं० सः) वह। उदा० पूर्व जनम की प्रीत पुराणी, सो क्यूँ छोड़ी जाय ४२। **सोइ**—वही (बलात्मक) उदा० ऐसी सूरत या जग माँहीं फेरि न देखी सोइ ५३।७३, ७५, ८६, ११५। **सोई**—वही (बलात्मक)। उदा० जिह जिह विधि रीझै हरी, सोई विधि कीजै, हो १६।२०, २०, ११५।

सो[2]—(सं० सुप्त) **सोऊँ**—सोती हूँ। उदा० आव सजनियाँ बाट मैं जोऊँ, तेरे कारण रेण न सोऊँ १२६। **सोय**—सो रही थी। उदा० हरि पधाराँ आगणाँ गया मैं अभागण सोय ४३। **सोवण**—सोने। उदा० साँझ भई मीराँ सोवण लागी, मानो फूल बिछाय ४१। **सोवाँ**—सोते हैं। उदा० सब सोवाँ सुख नींदड़ी म्हारे रैंण जगावाँ २८। ८६। **सोवूँ छी**—सो रही थी। उदा० म्हा सोवूँ छी अपणे भवण माँ पियु पियु करताँ पुकार्‌याँ ८३। **सोही**—वही। उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, ज्यों वारूँ सोही थोरा, रे १४७। १८८, १६२। **सोतें**—सोकर। उदा० माणष जणम अमोलक पायो, सोतें डार्‌यो खोय १५६।

सोइ—दे० 'सो'[1]

सोई—दे० 'सो'[1]

सोग—(सं० शोक) शोक। उदा० या भव में मैं बहु दुख पायो, संसा सोग निवार १३५।

सोच—(सं० शोचन्) सोचकर। उदा० मीराँ के प्रभु हरि अविनासी, परो निवारोनी सोच १८३।

सोणा—(सं० स्वर्ण) सोना, एक धातु जिससे आभूषण आदि बनते हैं। **सोणारो**—सोने का। उदा० साजाँ सोल सिंगार, सोणारो राखड़ो १६३। **सोना**—उदा० सोना रूपा सूँ काम णा म्हारे, म्हारे हीराँ रो बौपाराँ री २४। **सोनी**—सुनार। उदा० चित्त माला चतुरभुज चुड़लो, शिद सोनी घरे जइये रे १४१। **सोवनी**—सोने से। उदा० चाँच मढाऊँ थारी सोवनी रे, तू मेरे सिरताज ८४।

सोतें—दे० 'सो'[2]

सोभा—(सं० शोभा) शोभा, सुंदरता। उदा० सदन सरोज वदन की सोभा, ऊभी जोऊँ कपाल ५८।

सोय—दे० 'सो'[2]

सोर—(फ़ा० शोर) कोलाहल। उदा० दादुर मोर पपीहा बोलै, कोयल कर रह्या सोर, छै ज्यो १४५। **सोरा**—शोर। उदा० दादुर मोर पपीहा बोलै, कोयल कर रह्ी सोरा, रे १४७।

सोरा—दे० 'सोर'

सोल—(सं० षोडश) सोलह। उदा० साजाँ सोल सिंगार, सोणारो राखड़ो १६३।

सोवण—दे० 'सो'[2]

सोवनी—दे० 'सोणा'

सोवाँ—दे० 'सो'[2]

सोवूँ—दे० 'सो'[2]

सोहाँ—दे० 'सुहा'
सोहाई—दे० 'सुहा'
सोहाग—(सं० सौभाग्य) अच्छा भाग्य। उदा० सुपणाँ माँ म्हारे परण गया पाया अचल सोहाग ८७।
सोहाय—दे० 'सुहा'
सोही—दे० 'सो[२]
सोहे—दे० 'सुहा'
सौ—(सं० शत) सौ, सैकड़ा। उदा० कहा बोझ मीराँ में कहिये सौ पर एक घड़ी ११८।
स्याम—दे० 'शामल'
स्याम मनोहर—दे० 'शामल'
स्यामाँ—दे० 'शामल'
स्यामा—दे० 'शामल'
स्वाति—(सं० स्वाति) स्वाति एक नक्षत्र, जो फलित ज्योतिष में शुभ माना गया है। उदा० चात्रग स्वाति बूँद मन माँही, पीव पीव उकलाँणी हो ७३।

ह

हँस—(सं० हस्)। **हँस-हँस**—हँस-हँसकर। उदा० हँस हँस मीराँ कंठ लगायो, यां तो म्हाँरे नौसर हार ४०। ४०,७८। **हँसकर**—हँसकर पूर्वकालिक कृदंत। उदा० कबै हँसकर बतलावै ७४। **हँसत है**—हँसती है। उदा० सखी साइनि मोरी हँसत है, हँसि हँसि दे मोहि तारी है माय १६६। **हँसि**—हँसकर। उदा० धूतारा जोगी एकरसूँ हँसि बोल ५८। **हँसि-हँसि**—हँस-हँसकर। उदा० सखी साइनि मोरी हँसत है, हँसि-हँसि दे मोहि तारी, हे माय १६६। **हँसिके**—(१) हँसती हुई। उदा० साँवरी सूरत आन मिलावो, ठाढ़ी रहूँ मैं हँसिके ७। (२) हँसकर उदा० हे मा बड़ी बड़ी अँखियन वारो, साँवरो मो तन हेरत हँसिके ७। **हँसे**—हँसे भूतकाल एक वचन आदरार्थ) उदा० देखत राम हँसे सुदामाँ कूँ, देखत राम हँसे १८७। **हँस्यो**—हँसा (भूतकाल, एक वचन)। उदा० गहे द्रुम डार कदम को ठाड़ो, मृदु मुसकाय म्हारी ओर हँस्यो ८। **हाँसाँ**—हँसी (भूतकाल, स्त्रीलिंग)। उदा० विष रो प्यालो राणा भेज्याँ, पीवाँ मीराँ हाँसाँ री ३६। **हाँसी**—हँसी। उदा० णाच्याँ गावाँ ताल बजावाँ, पावाँ आणद हाँसी ६।४५,६५, १६३।
हँस—दे० 'हँस्'
हँसकर—दे० 'हँस्'
हँसत—दे० 'हँस्'
हँसती—(सं० हस्तिन्) हाथी। उदा० कित गई मोरी गजबन्त की बछिया, द्वारा बिच हँसती फसे १८७। **हाथी**—उदा० म्हने भरोसो राम को रे (बाला) डूबि

तर्‌यो हाथी १८५ ।
हँसि—दे० 'हँस'
हँसिके—दे० 'हँस्'
हँसे—दे० हँस्'
हँस्यो—दे० 'हँस्'
हँस—(सं० हंस) एक प्रकार का पक्षी। उदा० भराँ प्रेम रा होज हंस केल्याँ कराँ १९३ ।
हजारी—(फा० हजार) सहस्र दलों वाला, हजारों पंखुड़ियों वाला फूल। उदा० कुसुमल पाग केसरिया जामा, ऊपर फूल हजारी १७१ ।
हजूर—(अ० हुजूर) । बेहजूर—स्वामी (कृष्ण) के सामने। उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, रहना है वे हजूर १९८ ।
हट—(सं० हठ) जिद, आग्रह। हटकी—जिद की। उदा० कुल कुटम्ब सजण सकल बार बार हटकी ९ ।
हट्—(सं० घट्टन्)। हटाय—हटाते हैं, दूर करते हैं। उदा० मीराँ के प्रभु सदा सहाई, राखे विघन हटाय ४१ ।
हती—(सं० अस्ति) थी (भूतकाल की अस्तित्व वाचक सहायक क्रिया)। उदा० जल जमुना माँ भरवा गयाँतीं हती गागर माथे हेमनी रे १७३ ।
हम—(सं० अहम्) सर्वनाम, उत्तम पुरुष एक वचन। उदा० हम चितवाँ थे चितवो णा हरि, हिवड़ो बड़ो कठोर ५ । ३२, ३२, ३४, ३४, ५९, ६०, ६७, ८०, ८६, १२६, १८४ । हमको—हमें (कर्म कारक)। उदा० प्रेम भगति को पैंड़ो ही न्यारो हमको गैल बताजा ४६ । हम पर—हमारे ऊपर। उदा० मधुबन जाइ भये, मधुबनिया, हम पर डारो प्रेम को फंदा १८० हमपै हममें। उदा० कछुक औगुण हमपै काढ़ो, मैं भी कान सुणाँ ६० । हमबिच—हममें। उदा० तुम बिच हम बिच अंतर नाहीं, जैसे सूरज घामा ११४ । हमसे—हममे। उदा० कूण सखी मूं तुम रँग राते हमसूं अधिक पियारी १०३ । हमसे—हमारे साथ। उदा० अब तुम प्रीत औरसूं जोड़ी, हमसे करी क्यूं पहेली ८० । हमारी—हम का संबंध कारकीय रूप। उदा० विपत हमारी देख तुम चाले, कहिया हरिजी सूं जाय ३६ । ७७, ११३ । हमारे—हम का संबंध कारकीय रूप। उदा० राम हमारे हम है राम के, हरि बिन कछू न सुहावै ६७ । ११६ । हमारो—हम का संबंध कारकीय रूप। उदा० साग हमारो जाय्याँ रे, रतणाकर म्हारी सीरयाँ री २४ ।
हमको—दे० 'हम'
हमपर—दे० 'हम'
हमपै—दे० 'हम'
हमबिच—दे० 'हम'
हमसूं—दे० 'हम'
हमसे—दे० 'हम'
हमारी—दे० 'हम'
हमारे—दे० 'हम'
हमारो—दे० 'हम'
हय—(सं० हय) घोड़ा। हय को—घोड़े का। उदा० हयको वपु धरि दैत सघाऱ्यो देवन को काज १३२ ।
हर्—(सं० हृ)। हर—चुरा। उदा० मुरली म्हारो मण हर लीन्हों, चित्त धराँ णा धीर १६६ । १७९, २०२ । हरण—हरनेवाला। उदा० सुभग सीतल कँवल कोमल, जगत ज्वाला हरण १ । १ । हराँ—(१) हरण किया। उदा० जुग-जुग भीर हराँ भगता री दीस्याँ मोच्छ

नेवाज ६२ । (२) दूर किया दासि मीराँ लाल गिरधर, हराँ म्हारी भीर ६१ । ६१ । हर्याँ—दूर कीजिए । उदा० व्याकुल प्राण धर्याँ णा धीर ण वेग हर्याँ म्हा पीराँ ११० । १६६ । हर्या—दूर किया । उदा० हरि थें हर्या जण री भीर ६१ । हर्यो—हर लिया । उदा० माई मेरो मोहने मण हर्यो १७२ ।

हर—दे० 'हर्'

हरख—(सं० हर्ष) प्रसन्न । उदा० चंदा देख कमोदण फूलाँ, हरख भयाँ म्हारे छाज्यो जी ११९ ।

हरण—दे० 'हर्'

हरणाकुस—(सं० हिरण्यकशिपु) विष्णु विरोधी एक राजा, जो प्रह्लाद के पिता थे । उदा० प्रहलाद परतग्या राख्याँ, हरणाकुस णो उद्र विदारण १३७ ।

हर—दे० 'हर्'

हराँ—दे० 'हर्'

हरि—(सं० हरि) कृष्ण । उदा० मण थे परस हरि रे चरण १ । ४, ५, ५, ५, १७, १६, २८, २६, २६, ३१, ३५, ३६, ३६, ४१, ४२, ४३ ४५, ५२, ५६, ५८, ६१, ६३, ६५, ६६, ६७, ६७, ६६, ७३, ७६, ८१, ८२, ८३, ८५, ६०, ६२, ६८, १०३, १०६, १०८, १११, १२१, १२५, १२८, १३२, १३२, १३७, १३८, १४१, १४३, १४६, १४६, १५०, १५१, १५७, १५८, १५८, १६७, १७८, १७६, १८३, १८३, १८५, १८६, १८७, १८८, १६६, २००, २०१ । **हरिगुण**—हरि कृष्ण का यश । उदा० साधो संगत हरिगुण गास्याँ, और णा म्हारी लार १६७ । **हरिजन**—(१) हरि के जन के भक्त उदा घा घट बिरहा सोई लखि है, कै कोइ हरिजन मानै हो ७३ । (२) नीच जाति के लोगों के शुभचिंतक, कृष्ण । उदा० मीराँ कूँ हरिजन मिल्या रे, ले गया पवन झकोर ५६ । **हरिहूँ**—कृष्ण भी । उदा० माई म्हारी हरिहूँ न बूझ्याँ बात ६६ । **हरिजीए**—हरि जी को, कृष्ण को । उदा० काचे ते तातणे हरिजीए बाँधी, जेम खेंचे तेम तेमनी रे १७३ । **हरी**—कृष्ण । उदा० जिह जिह विधि रीझै हरी, सोई विधि कीजै, हो १६ । २५, ८२, ८६, १४१, १८८ ।

हरे—(सं० हरित) हरा रंग । **हरे-हरे**—उदा० हरे-हरे णवाँ कुंज लगास्यूँ, बीचा बीचा बारी १५४ ।

हर्याँ—दे० हर्'

हर्या—दे० 'हर्'

हर्यो—दे० 'हर्'

हलाहल—(सं० हलाहल) खलबली । उदा० बिरह भवंगम डस्याँ कलेजा माँ लहर हलाहल जागी ६१ ।

हवे—(?) अब । उदा० सासर वासो सजी ने बैठी, हवे नथी कइ काँचूँ रे १४१ ।

हाँसा—दे० 'हँस्'

हाँसी दे० 'हँस्'

हाजरियो—(फा० हजारी) रूमाल । उदा० गल बिच सेली हाथ हाजरियो, अंग भभूत रमायो १८८ ।

हाजिर—(अ० हाजिर) उपस्थित । उदा० मैं हाजिर नाजिर कब की खड़ी ११८ ।

हाथ—(सं० हस्त) हाथ । उदा० मीराँ गिरधर हाथ बिकाणी, लोग कह्याँ बिगड़ी १४ । २७, ४५, ४६ ७५, ११७, १६५, १७५ १७६ १८२ १८८ **हाथन**

हाथों (बहु वचन)। उदा० सुघर कल प्रवीण हाथन सूँ, जसुमति जू णे सवारियाँ १६२।

हाथो—दे० 'हँसती'

हाम—(?) आश्रय। उदा० मीरां ना प्रभु गिरधर नागर, चरण कमल चित हाम, रे १५७।

हार—(सं० हार) माला। उदा० हँस-हँस मीराँ कंठ लगायो, यो तो म्हाँरे नौसर हार ४०। १४१

हार्—(सं० हार्) हार्—पराजय। उदा० अड़सठ तीरथ भ्रमि भ्रमि आयो, मण नाहीं हार १३३। हार्या—हारकर। उदा० हार्या जीवन सरण रावलाँ कठे जावाँ व्रजराज ४८।

हार—दे० 'हार्'

हार्या—दे० 'हार्'

हितु—(सं० हित) हितैषी। उदा० हरि हितु से हेत कर, संसार आसा त्याग १५८।

हिमाला—(सं० हिमालय) हिमालय पर्वत। उदा० पाँच पाँडु री राणी द्रुपता, हाड़ हिमालाँ गराँ १८९।

हिय—(सं० हृदय)। हृदय उदा० जो तेरे हिय अंतर की जाणै, तासों कपट ण बणे १५८। हियड़ो—हृदय में। उदा० थें आयाँ विण सुख णा म्हारो हियड़ो घणो उचाट ९९। हियतें—हृदय से। उदा० मण की मैल हियतें न छूटी, दियो तिलक सिर धोय १५८। हियरे—हृदय में। उदा० भौंह कमान बान बाँके लोचन, मारत हियरे कसिके ७। ३८। हियाँ—हृदय। उदा० मीराँ रे प्रभु गिरधर नागर, थ विण फटा हियाँ ५२। हिये में—हृदय में उदा० वाण बिरह का लाग्या हिये में, भूलूँ ण एक घड़ी ११८। हिरदाँ—हृदय में। उदा० म्हाराँ हिरदाँ बस्याँ मुरारी, पल-पल दरसण पावाँ १५। हिरदे—मन में उदा० तन मन धन करि वारणैं, हिरदे धरि लीजैं हो १६। १५८। हिवड़ा—हृदय। उदा० चित्त चढ़ी म्हारे माधुरी मूरत हिवड़ा अणी गड़ी १४। ५४। हिवड़ा रो—हृदय के। उदा० रावरी होइ कणीरें जाऊँ, है हरि हिवडारो गाज १३२। हिवड़ों—हृदय। उदा० म्हा गुणहीन गुणागर नागर, म्हा हिवड़ो रो साज ४८। हिवड़ो—हृदय। उदा० हम चितवाँ थे चितवो णा हरि, हिवड़ो बड़ो कठोर ५। ३०, ७२, ७८, ८३, १०९, १५४। हीयड़े—हृदय में। उदा० म्हारा पियाँ म्हारे हीयड़े बसताँ णा आवाँ णा जाती २३। हीया—हृदय। उदा० आदि अंत निज नाँव तेरो, हीया मे फेरी ९३। हीये—हृदय। उदा० बिन देख्याँ कैसे जीवें कल न पड़त हीये १७४। हीयो—हृदय। उदा० राति दिवस मोहि कल न पड़त है, हीयो फटत मेरी छाती १२३।

हियड़ो—दे० 'हिय'

हियतें—दे० 'हिय'

हियरे—दे० 'हिय'

हियाँ—दे० 'हिय'

हिये—दे० 'हिय'

हिरदाँ—दे० 'हिय'

हिरदे—दे० 'हिय'

हिल—(सं० हुल्लन)। हिलमिल—हिल मिलकार, घनिष्ट संबंध बनाकर। उदा० तणरी ताप मिट्याँ सुख पास्याँ, हिलमिल मंगल गाज्यो जी ११९। ५४। हिल्या मिल्या हेल मेल मिलना-जुलना उदा०

हेल्या मेल्या कामणा म्हारे, जावा म्हा दरबाराँ री २४ ।
हिलमिल—दे० 'हिल'
हिवड़ा—दे० 'हिय'
हिवड़ारो—दे० 'हिय'
हिवड़ों—दे० 'हिय'
ही—(सं० हि) एक बलात्मक अव्यय जिसका प्रयोग किसी निश्चयार्थ भाव के लिए हो । उदा० कालर अपणो ही भलो है, कोढ़ी कुष्टी कोइ २६ । २६, ४६, ७३, ७९, ८४, ९८, ११५, ११५, १२५, १२५, १६३, १८४, १९१ ।
हीण—(सं० हीन) । **हीणों**—तुच्छ । उदा० वर हीणों अपणों भलो है, कोढ़ी कुष्टी कोइ २६ । **हीन**—उदा० दीन हीन ह्वै छुधा रत से, राम नाम न लेत १५८ ।
हीयड़े—दे० 'हिय'
हीया—दे० 'हिय'
हीये—दे० 'हिय'
हीयो—दे० 'हिय'
हीर—(सं० हीरक) हीरा, एक अमूल्य रत्न । उदा० मोर मुगट पीतांबर सोहाँ, कुंडल झलकणा हीर १६१ । **हीराँ**—हीरा एक कीमती पत्थर । उदा० सोना रूपा सूँ काम णा म्हारे, म्हाँरे हीराँ रो बौपाराँ री २४ । **हीरा**—उदा० कित गई प्रभु मोरी गउवन बछिया, द्वारा बिच हँसती फसे १८७ ।
हीराँ—दे० 'हीर'
हीरा—दे० 'हीर'
हुँ—(?) भी संयोगात्मक अव्यय । उदा० बहु दिन बीत अजहुँ न आये, लग रही ताला बेली ८० ।
हूँ[1]—(सं० अहम्) मैं । उदा० जो हूँ ऐसी जानती रे बाला प्रीत कीयाँ दुष होय ५९ । ९५, १७२ । **हौं**—मैं । उदा० हौं तो वाको नीको जाणो, कुंज को विहारी हैं १७४ । **हूमा**—मुझे । उदा० कुण हूमा धीर बँधवाँ १५६ ।
हूँ[2]—अस्तित्व वाचक सहायक क्रिया । उदा० दासि मीराँ नाम रटत है, मै सरण हूँ तेरी ६३ । १११, ११२, ११३, १२०, १३० । **हूँगी**—बनूँगी । उदा० तेरे खातिर जोगण हूँगी, करवत लूँगी कासी ४९ । ९४ । **हूयाँ**—हुई । उदा० राणा विषरो प्याला भेज्याँ, पीय मगण हूयाँ १८ । **हैं**—है (इसको संबोधन का चिह्न भी माना जा सकता है) । उदा० सखियाँ मिलि दोय च्यारी, बावरी भई हैं सारी १७४ । १७४, १७४, १७४, १७४ । **है**—है । उदा० देखि विराणै निवाँण कुं है, जामें निपजै चीज २६ । **हैं**—हैं (आप हैं, हम है) । उदा० हौं तो बाको नीको जाणो, कुंज को विहारी हैं १७४ । ६७, ९७, १६९, १७५ । **है**—है (अस्तित्ववाचक सहायक क्रिया) । उदा० मीराँ को प्रभु राखि लई है, दासी अपणी जाणी ३८ । ४९, ५३, ५४, ६३, ६३, ६३, ७३, ७४, ७४, ७६, ८५, ९२, ९८, १००, १०८, ११३, ११६, ११८, १२३, १३०, १३२, १४७, १६५, १७१, १९८ । **हैये**—है ही । उदा० बाली घड़ावुँ बिट्ठल बर केरी, हार हरी नो हैये रे १४१ । १६५ । **हों**—हूँ । उदा० भई हों बावरी सुन के बाँसुरी, हरि बिनु कछु न सुहाये माई १६७ । **हो**—(१) हो (संभावनार्थक) उदा० ज्यों तोकों कछु और बिथा हो, नाहिन मेरो बसिके ७ । ८९, १७० । (२) **होणा हो जो हूयाँ**—जो होना होगा वह होगा । उदा० मीराँ री

लग लग्याँ होणा हो जो हूयाँ १८ । होइ—होगा, होगी । उदा० छैल बिराणो लाख को हे, अपणे काज न होइ २६ । ५३, ५३, १३२ । (२) हुआ, हुई उदा० करमाबाई को खीच आरोग्यो, होइ परसण पावंद १३६ । ६२, ६४, ६७ । (३) होकर । उदा० घुमँट घटा ऊलर होइ आई, दामिन दमक डरावै ७४ । ११७ । होइ—(१) हुई, हो गए । उदा० गज से उतर के खर नहिं चढ़स्याँ, ये तो बात न होई २५ । ११५ । (२) होते हैं । उदा० बेर-बेर मैं टेरहूँ, अहे क्रिपा कीजै, हो ११५ । हो गए—बन गए । उदा० हो गए श्याम दूइज के चंदा १८० । हो जाए—हो जाए (इच्छार्थक) । उदा० बर्‌याँ साजण साँवरो री, म्हारो चुड़लो अमर हो जाय २०१ । होणा—होना । उदा० मीराँ री लगण लग्याँ होणा हो जो हूयाँ १८ । होता—होते हुए । उदा० म्हाँरे घर होता आज्यो महाराज १०६ । होनी—होनेवाला । उदा० मीराँ के प्रभु गिरधर भजीये होनी होय सो होय १५६ होय—(१) होता है, होती है । उदा० जाण्याँ णा प्रभु मिलण बिध क्याँ होय ४३ । ५६, १०२ । (२) होगा, होगी, होगे । उदा० प्रभु सँ मिलन कैसे होय १५६ । १५६, १५६, ७५, १५८, ७० । (३) होकर । उदा० आसण माड़ अडिग होय बैठा, याही भजन की रीत ५५ । ११८, १६१ । होयाँ—हुआ हुए । उदा० वा जमणा का निरमल पाणी, सीतल होयाँ सरीर १६१ । १६५ । होवाँ—हो (इच्छार्थक) । उदा० मीराँ रे प्रभु गिरधर नागर मिल बिछड़्‌या णा होवाँ ८६ । (२) होता है । उदा० जग सुहाग मिथ्यारी सजणी, होवाँ हो मट जासी १६४ । होसी—होगा । उदा० या विरियाँ कब होसी म्हारो हँस पिय कंठ लगावाँ ७८ । ११५ । हौं—हूँ (मैं हूँ) । उदा० जोगी मत जा मत जा मत जा, पाँइ परूँ मैं तेरी चेरी हौं ८६ । ह्‌याँ—हुई । उदा० भगत देख्याँ राजी हुयया, जगत देख्याँ रूयाँ १८ । ह्वै—हो गए । उदा० दीन हीन ह्वै छुधा रत से, राम नाम न लेत १५८ ।

हूँगी—दे० 'हूँ[१]'

हूयाँ—दे० 'हूँ[२]'

हे—दे० 'हूँ[२]'

हे—(१) दे० हूँ[२] । (२) संबोधन का चिह्न । उदा० हे मा बड़ी-बड़ी अँखियन वारो साँवरो मो तन हेरत हँसिके ७ । हेरी—एरी (संबोधन) । उदा० हेरी मा नंद को गुमानी म्हाँरे मनड़े बस्यो ८ । ७०, ६४ । हेली—हे सखी । उदा० हेली म्हाँसूँ हरि बिनि रह्‌यो न जाय ४२ ।

हेत—(सं० हित) प्रेम । उदा० हरि हितु से हेत कर, संसार आसा त्याग १५८ ।

हेतु—(सं० हेतु) लिए, अभाव में । उदा० हरि जी सूँ बाँध्यो हेतु बैकुंठ में झूलणी १८६ ।

हेम—(सं० हेमन्) स्वर्ण, सोना । हेमनी—सोने की । उदा० जल जमुना माँ भरवा गयाँताँ हती, नागर माथे हेमनी रे १७३ ।

हेर—(सं० आखेट) खोजना । हेरत—खोजता है । उदा० हे मा बड़ी बड़ी अँखियन वारो, साँवरो मो तन हेरत हँसिके ७ । हेरी—खोजी । उदा० कुंज सब हेरी-हेरी ६५ ।

हेरत—दे० 'हेर'

हेरी—(१) दे० 'हे (२)'। (२) दे० 'हेर्'
हेली—दे० 'हे (२)'
हेल्या मेल्या—दे० 'हिल्'
हैं—दे० 'हूँ२'
है—दे० 'हूँ२'
हैये—दे० 'हूँ२'
हों—दे० 'हूँ२'
हो—(१) दे० 'हूँ२'। (२) संबोधन। उदा० मीराँ के प्रभु रामजी, बड़ भागण रीझै, हो १६। १६, १६, १६, १६, ३५, ३५, ३५, ३५, ३५, ४१, ७३, ७३, ७३, ७३, ७३, ८७ ८७, ८७, ८७, ८७, ८७, ८७, ८७, ९२, ९२, ९२, ९२, ९२, ९२, ९२, ९२, ९२, ९२, ९२, १०७, १०७, १०७, ११२, ११३, ११५, ११५, ११५, ११५, ११५, ११५, ११५, ११५, ११५, ११५, ११५, ११५, ११५, ११५, ११५, १३०, १५०, १५०, १५०, १५०, १५०, १५०, १५०, १६२, १७९, १८०, १८१, १८१, १८१, १८१, १८१, १९४, होजी—संबोधन (आदरार्थ) उदा० होजी हरि कित गये नेह लगाय १७९।
होइ—दे० 'हूँ२'
होई—दे० 'हूँ२'
हो गए—दे० 'हूँ२'
होज—(अ० हौज़) हौज़, कुंड। उदा० भराँ प्रेम रा होज, हंस केल्याँ कराँ १९३।
हो जाए—दे० 'हूँ२'
होजी—दे० 'हो(२)'
होणा—दे० 'हूँ२'
होता—दे० 'हूँ२'
होनी—दे० 'हूँ२'
होय—दे० 'हूँ२'
होयाँ—दे० 'हूँ२'
होली—(सं० होलिका) होली (एक त्यौहार)। उदा० होली पिया बिन लागाँ री खारी ७७। ७८, ७८, ८०, १४८।
होवाँ—दे० 'हूँ२'
होसी—दे० 'हूँ१'
हौं—दे० 'हूँ१'। दे० 'हूँ२'
ह्‌मा—दे० 'हूँ१'
ह्‌यया—दे० 'हूँ२'
ह्‌वे—दे० 'हूँ२'

—:०:—